# देशबन्धु

वर्ष –10 । अंक–170 । सागर, गुरुवार 7 अगस्त 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

जनपद रहली के सदस्य पहुंचे कलेक्ट्रेट, अध्यक्ष व अधिकारी की जांच कर वैधानिक कार्रवाई की मांग — पृष्ठ 2

संविधान बनाम सत्ताविधान
हर नागरिक को है सरकार से सवाल पूछने का अधिकार — पृष्ठ 4

युवक के सिर पर धारदार हथियार से वार कर हत्या — पृष्ठ 6

खाद की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन — पृष्ठ 7

## सार-समाचार

### चाईबासा कोर्ट में हाजिर हुए राहुल गांधी, मिली जमानत



**चाईबासा, एजेंसी।** चाईबासा की एमपी-एमएलए विशेष अदालत ने कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को मंगलवार को भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी से जुड़े आपराधिक मानहानि के मामले में जमानत दे दी। राहुल गांधी न्यायिक दंडाधिकारी सुप्रिया रानी तिग्गा की अदालत में व्यक्तिगत रूप से पेश हुए, जिसके बाद कोर्ट ने ट्रायल में सहयोग करने की शर्त पर उन्हें यह राहत दी।

### साढ़े 11 हजार से अधिक कोचों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा को बढ़ाने के लिए अब तक विभिन्न जोनों के 11,535 कोचों में सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं, यह जानकारी सरकार द्वारा बुधवार को संसद में दी गई। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार, लगभग 74,000 कोचों और 15,000 इंजनों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में केंद्रीय मंत्री ने कहा, प्रत्येक कोच में चार सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, जिसमें हर प्रवेश द्वार पर दो कैमरे होंगे।

### 'सांप के जहर' मामले में यूट्यूबर एल्विश को राहत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने रेव पार्टियों में कथित तौर पर 'सांप के जहर' का इस्तेमाल के आरोपी यूट्यूबर एल्विश यादव उर्फ सिद्धार्थ के खिलाफ दर्ज आपराधिक मुकदमे पर बुधवार रोक लगा दी। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन के सिंह की पीठ ने इस इलाहाबाद उच्च के आदेश को चुनौती देने वाली यादव याचिका पर यह आदेश पारित किया। उन्होंने वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम और एनडीपीएस अधिनियम के तहत उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक कार्यवाही को चुनौती दी है। पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद याचिकाकर्ता को राहत दी और उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया।

### श्रीलंकाई नौसेना ने 14 मछुआरों को गिरफ्तार किया

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के करीब 14 भारतीय मछुआरों को बुधवार तड़के श्रीलंकाई नौसेना ने गिरफ्तार कर लिया। मछुआरे दो नावों में सवार थे, जिनमें से एक नाव में 10 और दूसरी में चार मछुआरे थे। उन्हें अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) पार कर श्रीलंकाई जल क्षेत्र में मछली पकड़ने की कोशिश करने पर गिरफ्तार किया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये गिरफ्तारियां कालपितिया लैगून क्षेत्र में हुई, जहां मछुआरों पर समुद्री सीमा का उल्लंघन करने का आरोप लगा है। हिरासत में लिए जाने के बाद मछुआरों को पूछताछ के लिए पुट्टलम स्थित श्रीलंकाई नौसेना के शिविर ले जाया गया।

### सांसद आर. सुधा से चेन छीनने वाला आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने बुधवार को कहा कि उसने यहां चाणक्यपुरी इलाके में तमिलनाडु की सांसद आर. सुधा की चेन छीनने की घटना में शामिल आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। तमिलनाडु से कांग्रेस की सांसद आर. सुधा सोमवार को तमिलनाडु भवन के पास सुबह की सैर पर निकली थीं, तभी एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने उनकी सोने की चेन छीन ली थी और इस दौरान उनकी गर्दन पर खरोंच भी आई थी। आरोपी से चेन बरामद कर ली गई है।

### त्रिपुरा के बिश्रामगंज में सांप्रदायिक तनाव

**अगरतला, एजेंसी।** त्रिपुरा के सिपाहीजाला जिले के बिश्रामगंज पुलिस थाने के पास एक यात्री बस पर जनजातीय लोगों के हमले की घटना के बाद जिला प्रशासन ने मंगलवार रात भारतीय न्याय संहिता की धारा 163 लागू कर दी। यह प्रतिबंध 24 घंटे के लिए लागू है। यह सांप्रदायिक तनाव उस समय पैदा हुआ जब शाम को बिश्रामगंज पुलिस थाने के पास जनजातीय लोगों के एक समूह ने एक यात्री बस पर हमला कर दिया। लोगों का आरोप है कि बस के अंदर एक 18 वर्षीय लड़की के साथ एक सहयात्री ने छेड़छाड़ की थी। राज्य सरकार में सत्तारूढ़ भाजपा की सहयोगी पार्टी टिपरा मोथा के नेता सोरेन देबबर्मा के नेतृत्व में उत्तेजित आदिवासियों ने पुलिस की मौजूदगी में बस में तोड़फोड़ की और महिलाओं तथा बच्चों समेत अन्य यात्रियों पर हमला किया।

---

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार एसआईआर पर की सुनवाई

# मतदाता सूची से हटाए गए लोगों की मांगी जानकारी

- चुनाव आयोग को शनिवार तक विवरण देने को कहा
- यह बताना चाहिए, 65 लाख लोग कौन
- 12 अगस्त को मामले की फिर होगी सुनवाई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को चुनाव आयोग से कहा कि वह विशेष पुनरीक्षण के दौरान बिहार मतदाता सूची से हटाए गए 65 लाख लोगों (मृत और स्थायी पलायन करने वाले) का विवरण शनिवार तक दे। न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान और न्यायमूर्ति एन के सिंह की पीठ ने याचिकाकर्ता एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण की गुहार पर यह निर्देश दिया। पीठ ने निर्वाचन आयोग के वकील से कहा, शनिवार तक जवाब दाखिल करें और श्री भूषण को इसे देखने दें। फिर हम देख पाएंगे कि क्या खुलासा हुआ है और क्या नहीं। पीठ ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा अपनाई गई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार हर राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को यह जानकारी दी जाएगी। इस पर चुनाव आयोग के अधिवक्ता ने कहा कि वह प्रस्तुत करेगा कि यह जानकारी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जानकारी साझा की गई है। अदालत ने चुनाव आयोग से कहा कि वह अपना जवाब रिकॉर्ड पर रखें। पीठ ने निर्वाचन आयोग के अधिवक्ता से कहा, उन राजनीतिक दलों की सूची दीजिए जिन्हें यह जानकारी दी गई है। हम 12 अगस्त को मामले की सुनवाई करेंगे। तब तक अपना (निर्वाचन आयोग का) जवाब दाखिल करें। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता की चिंताओं पर कहा, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रभावित होने वाले प्रत्येक मतदाता को आवश्यक जानकारी मिले।

एडीआर ने अपने आवेदन में कहा कि 25 जुलाई को निर्वाचन आयोग ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की जिसमें कहा गया था कि लगभग 65 लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। श्री भूषण ने पीठ के समक्ष गुहार लगाते हुए कहा, ड्राफ्ट मतदाता सूची में 65 लाख नामों के छूटने की बात कही गई है, लेकिन इन नामों की कोई सूची नहीं दी गई।

इसमें 32 लाख लोगों के पलायन की बात कही गई, लेकिन कोई अन्य विवरण नहीं दिया गया है। उन्होंने आगे कहा, उन्हें (चुनाव आयोग) यह बताना चाहिए कि 65 लाख लोग कौन हैं? कौन पलायन कर गए हैं। कौन मर गए हैं? जाहिर है, बीएलओ ने उस व्यक्ति को हटाने या न हटाने की सिफ़ारिश की है।

---

खड़गे ने राज्यसभा के उपसभापति को लिखा पत्र

# मतदाता सूची संशोधन पर चर्चा लोकतंत्र के लिए अहम






विपक्ष ने संसद परिसर में किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश को पत्र लिखकर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर तत्काल चर्चा की मांग की है। खड़गे ने कहा कि यह मुद्दा देश के करोड़ों मतदाताओं, खासकर कमजोर वर्गों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

खड़गे ने अपने पत्र में 21 जुलाई 2023 को तत्कालीन सभापति द्वारा दिए गए एक फैसले का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि राज्यसभा में हर मुद्दे पर चर्चा हो सकती है, सिवाय सुप्रीम कोर्ट या हाई कोर्ट के जजों के आचरण से संबंधित मामलों के, जब तक कि उनको हटाने के लिए राष्ट्रपति को संबोधित प्रस्ताव न हो। इधर विपक्षी सांसदों ने संसद पसिर में इस मुद्दे पर प्रदर्शन भी किया। उन्होंने पत्र में लिखा, भारत के चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची की विशेष गहन समीक्षा पहले बिहार में की जा रही है और फिर पश्चिम बंगाल ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

---

# कुबेरेश्वर धाम में 3 और श्रद्धालुओं की मौत, 2 दिन में 5 की जान गई

**सीहोर/भोपाल, देशबन्धु।** सीहोर के कुबेरेश्वर धाम में पहुंचे 3 और श्रद्धालुओं की आज मौत हो गई। मृतक की पहचान छत्तीसगढ़ के रायपुर निवासी के रूप में हुई है। इसके पहले मंगलवार को भी 2 महिलाओं की घबरहट के कारण मौत हुई थी। इस तरह 2 दिन में 5 लोगों की मौत हो चुकी है। इस मामले में मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। आयोग ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से 15 दिनों के अंदर जवाब तलब किया है।

**मानव अधिकार आयोग ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से मांगा जवाब**

जानकारी के अनुसार आज के मृतकों की शिनाख्त गुजरात के पांचवल निवासी चतुर सिंह (50) हरियाणा के रोहतक के रहने वाले ईश्वर सिंह (65) और छत्तीसगढ़ के रायपुर निवासी दिलीप पिता सत्तू नंद (57) की मौत हो गई। चतुर सिंह की दोपहर 12 बजे और ईश्वर सिंह की शाम 4 बजे तबीयत बिगड़ गई थी। वहीं कुबेरेश्वर धाम में मंगलवार को 2 महिलाओं की मौत भगदड़ की वजह से हुई थी, उनकी आज शिनाख्त कर ली गई है, इनमें एक महिला जसवंती बेन पति चंदू भाई (56) हैं, जो गुजरात के राजकोट की रहने वाली थीं। जबकि दूसरी महिला का यूपी के फिरोजाबाद की रहने वाली संगीता गुप्ता पति मनोज गुप्ता (48) है।

इधर, कुबेरेश्वर धाम में मची भगदड़ से दो महिलाओं की मौत के मामले में संज्ञान लिया है। मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष राजीव कुमार टंडन ने संबंधितों से जवाब मांगा है। उन्होंने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से जांच कराकर भीड़ प्रबंधन की क्या व्यवस्था थी, घायलों के इलाज में क्या कार्रवाई की गई, मृतकों को क्या आर्थिक सहायता दी गई।

उल्लेखनीय है कि 6 अगस्त को आयोजित होने वाली कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की कावड़ यात्रा में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचे हैं। श्रृद्धालु बड़ी संख्या में सीवन नदी तट से कावड़ में जल भरकर 11 किमी पैदल चलकर कुबेरेश्वर जाएंगे। इधर भोपाल – इंदौर हाईवे पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु कावड़ लेकर चल रहे हैं। वहीं लोगों की भीड़ से कुबेरेश्वर धाम में पंडाल भरे हुए हैं। सीहोर नगर की होटल, लॉज, धर्म शालाएं भर चुकी हैं।

---

# धमकी के बाद ट्रंप ने अब भारत पर 25 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत टैरिफ ठोका



**नया टैरिफ 3 सप्ताह में लागू होगा**

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर टैरिफ बम फोड़ दिया है। 24 घंटे वाली धमकी को उन्होंने अमलीजामा पहनाया है। ट्रंप ने भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का आदेश जारी किया है। यह फैसला भारत की ओर से रूस के कच्चे तेल और सैन्य उपकरणों की खरीद जारी रखने के जवाब में लिया गया है। यह नया 25 प्रतिशत का टैरिफ पहले से लगे हुए सभी टैक्स और शुल्कों के ऊपर लगेगा। इसका मतलब है कि यह एक अतिरिक्त टैरिफ है, न कि पुराने शुल्कों का विकल्प। इस तरह भारत पर अब 50 प्रतिशत टैक्स लग जाएगा।

व्हाइट हाउस ने एक बयान में यह बात कही। ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। इस आदेश के अनुसार, भारत से आने वाले सामान पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ लगेगा। यह टैरिफ तीन सप्ताह में लागू होगा। पहले से ही 25 प्रतिशत का टैरिफ गुरुवार से लागू होने वाला है। इस नए आदेश के बाद भारत से आने वाले सामान पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत हो जाएगा। कुछ चीजों को इस टैरिफ से छूट दी गई है। ट्रंप का कहना है कि भारत रूस से तेल खरीदकर युद्ध को बढ़ावा दे रहा है।

भारत का कहना है कि अमेरिका और यूरोपियन यूनियन (ईयू) भारत को गलत तरीके से निशाना बना रहे हैं। इस आदेश में स्टील और एल्युमीनियम जैसी अलग-अलग सेक्टर स्पेसिफिक शुल्कों के तहत आने वाली वस्तुओं और फार्मास्यूटिकल्स जैसी श्रेणियों के लिए छूट बरकरार रखी गई है। इन पर टैरिफ लग सकता है। ट्रंप ने एक इंटरव्यू में कहा था कि वह भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ को बहुत ज्यादा बढ़ाने वाले हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि भारत में सबसे ज्यादा टैरिफ हैं।

---

विधानसभा का मानसून सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित, एक दिन में पारित हुए 8 विधेयक

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा-

# सारगर्भित चर्चा हुई





**सफलतम रहा सत्र : मुख्यमंत्री**

**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा का मानसून सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। बुधवार को सदन में मोटरयान कराधान संशोधन विधेयक, स्टांप ड्यूटी संशोधन विधेयक 2025 समेत 8 विधेयक पारित किए गए। इससे पहले सदन में पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक और उत्तराखंड में बाढ़ से हुई लोगों की मृत्यु पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विधेयकों पर क्रमश: सारे दिन चली चर्चा के बाद पारित किया गया। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने अपने भाषण में कहा कि सदन में सारगर्भित चर्चा हुई। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी सत्र को सफलतम बताया।

विधानसभा में एक दिन में आठ विधेयक पारित होने का रिकॉर्ड बताते हुए संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर की प्रशंसा करते हुए बधाई दी। इसके बाद सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले अपने भाषण में अध्यक्ष श्री तोमर ने कहा कि सदन में लाए गए विषयों पर इस सत्र में काफी सारगर्भित चर्चा हुई है। अनुपूरक मांगों के अलावा कई विधायी और लोक महत्व के कार्य हुए हैं। नियम 179 के तहत प्रदेश में कम होते भूजल स्तर और लोक महत्व के विषयों पर गंभीर चर्चा की गई है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश विधानसभा देश की सर्वश्रेष्ठ विधानसभाओं में से एक है जो नवाचारों के लिए पहचानी जाती है। लोकतंत्र विचार विमर्श, सामंजस्य और सर्वसम्मति से किसी निर्णय पर पहुंचने की पद्धति है। हमारी संसदीय व्यवस्था भी उन्हीं आदर्शों पर आधारित है। सदन की कार्यवाही नियम प्रक्रिया से चलती है। श्री तोमर ने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि पक्ष विपक्ष द्वारा की गई सकारात्मक चर्चा से सदन की कार्यवाही सुचारू ढंग से संचालित की गई। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष, मंत्रियों, सभापति तालिका के सदस्यों और सभी विधायकों को धन्यवाद दिया। साथ ही प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन, स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए समृद्धि और खुशहाली की कामना की। अध्यक्ष श्री तोमर ने अगले माह सेवानिवृत्ति हो रहे विधानसभा के प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। इससे पहले मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में पक्ष और विपक्ष दोनों की बात आनी चाहिए। यह सत्र अन्य कई सत्रों की तरह इस कार्य में सफल रहा। हमने जनकल्याणकारी बजट को स्वीकृति दी और तमाम अन्य कार्य भी संपादित किए। उन्होंने इसके लिए विधानसभा अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष सहित सभी को धन्यवाद दिया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सदन में चर्चा के दौरान महत्वपूर्ण मुद्दों पर व्यापक चर्चा के लिए अध्यक्ष सहित सभी का आभार माना।

---

मोटरयान कराधान नियमों में संशोधन

# ड्राइविंग लायसेंस अब घर बैठे मिलेगा

- टैक्स चोरी पर लगेगा 4 गुना जुर्माना
- बिना परमिट पर 1 हजार रुपए प्रति सीट दंड का प्रावधान



**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा में मोटरयान कराधान (संशोधन) विधेयक-2025 पारित हो गया। परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने यह विधेयक सदन में पेश किया, जिसे कांग्रेस के विरोध के बावजूद मंजूरी मिल गई। मंत्री ने कहा कि यह संशोधन परिवहन व्यवस्था में पारदर्शिता लाने, कर वसूली को सुदृढ़ करने और नियमों को सरल बनाने की दिशा में उठाया गया कदम है। इस विधेयक के जरिए यह प्रावधान किया है कि अब पासपोर्ट की तरह ड्राइविंग लायसेंस भी घर बैठे मिलेंगे।

विधेयक पारित होने के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए परिवहन मंत्री श्री सिंह ने बताया कि मोटरयान कराधान अधिनियम, 1991 की धारा 13 में संशोधन करते हुए दो महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। अब कर भुगतान में चूक करने पर 4 प्रतिशत की दर से जुर्माना लगेगा। अन्य राज्यों के पंजीकृत वाहनों के टैक्स चोरी पर भी अब चार गुना जुर्माना वसूला जाएगा। विधेयक में यह भी प्रावधान किया गया है कि बिना परमिट या उसकी शर्तों के उल्लंघन पर 1 हजार प्रति सीट और मालवाहन की श्रेणी में बिना परमिट परमिट शर्त उल्लंघन की दशा में 1 हजार प्रति टन के हिसाब से दंड लगाया जाएगा। उदाहरण के तौर पर, 42 सीटर बस पर नियम उल्लंघन की स्थिति में 42 हजार तक का दंड वसूला जा सकेगा।

इससे पहले विधेयक पर चर्चा के दौरान कांग्रेस ने इसका विरोध किया। कांग्रेस विधायक भंवर सिंह शेखावत ने कहा कि भ्रष्टाचार हो रहा है। इंदौर में अधिकारी नहीं बैठते। एजेंटों के भरोसे काम हो रहा है। भाजपा विधायक सीताशरण शर्मा ने कहा कि हमारी उम्र के लोगों को लाइसेंस नहीं मिल पाते। विधायक भैरो सिंह बापू ने कहा कि पैनिक बटन और लोकेशन डिवाइस जैसी व्यवस्थाओं से वाहन मालिकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ आ रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि फिटनेस प्रमाण पत्र जैसी सेवाओं के लिए लोगों को बार-बार विभाग के चक्कर काटने पड़ते हैं, जिससे कई लोग अपने वाहन अन्य राज्यों में रजिस्टर करा रहे हैं। परिवहन मंत्री श्री सिंह ने सदन में बताया कि राज्य में ई-इंफोर्समेंट और कैशलेस व्यवस्था लागू की जा रही है, जिससे आम नागरिकों को राहत मिलेगी। अब टैक्स और पेनल्टी ऑनलाइन जमा की जा सकेगी। ड्राइविंग लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन की घर पहुंच ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

### छोटे मामलों में नहीं लगाने पड़ेंगे कोर्ट-कचहरी के चक्कर



**भोपाल, देशबन्धु।** आम लोगों, उद्यमियों और छोटे कारोबारियों को अनावश्यक कानूनी उलझनों से राहत देने के उद्देश्य से लाया गया जन विश्वास विधेयक 2025 विधानसभा में पारित कर दिया गया। इस विधेयक के जरिए 4 पुराने और अनुपयोगी कानूनों को समाप्त किया गया है, वहीं 16 कानूनों की 44 धाराओं को अपराध की श्रेणी से बाहर कर सामान्य आर्थिक दंड में बदला गया है।

लघु एवं सूक्ष्म मंत्री चैतन्य काश्यप ने मंगलवार को विधेयक को विधानसभा में पेश किया और बुधवार को इस पर हुई चर्चा के दौरान बताया कि अब छोटी-मोटी त्रुटियों या अनजाने में हुए सिविल उल्लंघनों पर आम नागरिकों और व्यवसायियों को कोर्ट-कचहरी के चक्कर नहीं लगाने होंगे। यह विधेयक न्याय प्रक्रिया को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। हालांकि, कांग्रेस विधायक सोहनलाल वाल्मीकि ने विधेयक पर सवाल उठाए। ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

---

विपक्ष के बहिर्गमन के बीच स्टांप संशोधन विधेयक पास

# स्टांप ड्यूटी सौ प्रतिशत से 4 सौ प्रतिशत तक बढ़ाई

**भोपाल, देशबन्धु।** विपक्ष के विरोध और बहिर्गमन के बीच आज विधानसभा में स्टांप संशोधन विधेयक 2025 पारित कर दिया गया। इस विधेयक के जरिए स्टांप ड्यूटी में सौ से 4 सौ प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की गई है। विपक्षी कांग्रेस विधायकों ने इस विधेयक को जनता की जेब पर सीधा बोझ बताते हुए जनविरोधी करार दिया।

कांग्रेस विधायक और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने इस विधेयक का विरोध करते हुए कहा कि इस विधेयक के जरिए सरकार जनता पर आर्थिक बोझ डाल रही है। उन्होंने इस विधेयक को वापस लेने की मांग करते हुए कहा कि एक तरफ सरकार कहती है कि हम टैक्स नहीं बढ़ा रहे और दूसरी तरफ से इस तरह से शुल्क बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार कर्ज लेने पर कहती है कि हम विकास के लिए कर्ज ले रहे है तो फिर यह शुल्क क्यों बढ़ाया जा रहा है।

### सोच-समझकर बढ़ाया गया शुल्क



उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने विपक्ष के विरोध पर विधेयक का बचाव करते हुए कहा कि यह संशोधन 11 वर्षों बाद किया गया है और कुल 64 बिंदुओं में से सिर्फ 12 बिंदुओं पर शुल्क वृद्धि लागू की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्गों के लिए शपथ पत्र निशुल्क रहेगा। देवड़ा ने कहा कि राज्य के विकास के लिए संसाधनों की जरूरत है। टैक्स के माध्यम से ही अधोसंरचना विकसित होती है। स्टांप शुल्क में वृद्धि एक संतुलित कदम है।

---

# पुलिस भर्ती घोटाला : कांग्रेस विधायकों ने खाकी बर्दी पहनकर जताया विरोध



**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस विधायकों ने आज पुलिस कांस्टेबल भर्ती घोटाले के विरोध में विधानसभा परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। खाकी और सफेद वर्दी पहनकर पहुंचे विधानसभा परिसर में गांधी प्रतिमा के सामने प्रदर्शन करने पहुंचे इन विधायकों ने जमकर नारेबाजी की, प्रदर्शनकारियों ने इस प्रदर्शन के माध्यम से सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए पर भ्रष्टाचार को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में इन विधायकों ने सरकार से इस घोटाले की निष्पक्ष जांच करने और दोषियों को सजा देने की मांग की।

प्रदर्शनकारियों ने सरकार पर भ्रष्टाचार को संरक्षण देने का आरोप लगाया। नेता प्रतिपक्ष श्री सिंघार ने कहा कि मध्यप्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। असली अभ्यर्थियों की जगह सॉल्वर बैठाए गए। उन्होंने जांच में सामने आया है कि फिंगरप्रिंट, फोटो, हस्ताक्षर और हैंडराइटिंग तक मेल नहीं खा रहे। फर्जी आधार कार्ड के जरिए भर्ती प्रक्रिया को प्रभावित किया गया। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया के 7411 पदों में इस तरह की गड़बड़ी युवाओं के भविष्य से खुला खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि इस घोटाले को 'व्यापम पार्ट-2' करार दिया और मांग की कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष न्यायिक जांच कर दोषियों को सख्त सजा दी जाए।

## सार-समाचार

### महावीर वार्ड में चलाया सफाई अभियान



**मकरोनिया, देशबन्धु।** नपाध्यक्ष मिहीलाल अहिरवार के नेतृत्व में सीएमओ पवन शर्मा उपस्थिति में मकरोनिया के प्रत्येक वार्डों में सफाई अभियान निरंतर जारी है। बुधवार को महावीर वार्ड में सफाई अभियान चलाया गया एवं दवाई का छिड़काव किया गया, वार्ड में मुख्य सड़के गलियों में साफ सफाई की गई। रोड किनारे डले मलवे को उठाया, नालियों की साफ सफाई की। स्वास्थ्य विभाग सभापति विवेक सक्सेना सहित सभी जनप्रतिनिधि के द्वारा सफाई में सहयोग कर श्रमदान किया। सभापति ने बताया यह अभियान निरंतर जारी रहेगा मकरोनिया को स्वच्छ सुंदर रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। आप सभी इस अभियान में सहभागी बने, मकरोनिया को स्वच्छ सुंदर मकरोनिया बनाने में सहयोग करे और लोगों को अपने आस पास साफ सफाई रखने के लिये जागरूक करे। इस अवसर पर बलबंत सिंह ठाकुर, राजा रिछारिया, बाबूलाल रोहित, हरलाल साहू, उपयंत्री सत्यम देवलिया सहित अधिकारी, कर्मचारी, सफाई मित्र उपस्थित रहे।

### मिठाई दुकानों का किया औचक निरीक्षण



**दमोह, देशबन्धु।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल द्वारा रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं सुरक्षित मिठाइयां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हटा नगर स्थित विभिन्न मिठाई दुकानों का औचक निरीक्षण किया। बड़ा बाजार स्थित गफलू स्वीट्स से कलाकंद, दुर्गा स्वीट्स से खोवा पेड़ा, मंदिर मस्जिद चौराहा स्थित बजरंग स्वीट्स से मिल्क केक एवं आजाद वार्ड स्थित न्यू बजरंग स्वीट्स से मलाई बर्फी के नमूनें जांच हेतु लिये। इन नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। मौके पर सभी मिठाई दुकानदारों को ग्राहकों को शुद्ध एवं सुरक्षित मिठाई एवं नमकीन विक्रय करने के निर्देश दिये। मौके पर सभी मिठाई दुकानदारों को ग्राहकों को शुद्ध एवं सुरक्षित मिठाइयां विक्रय करने के निर्देश दिये। मैजिक बॉक्स से खोवा, कलाकंद, मिल्क केक, मलाई बर्फी, खोवा पेड़ा की गुणवत्ता की ऑन द स्पॉट जांच की गई।

### हर घर तिरंगा अभियान को लेकर बैठक हुई आयोजित




**मालथौन, देशबन्धु।** पूरे देशभर में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के संदर्भ में भाजपा मंडल मालथौन की विधायक कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। खुरई विधायक एवं पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह के निर्देशन में अभियान हर घर तिरंगा एवं तिरंगा रैलियां भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा निकाली जायेगी। बैठक में अनुराग प्यासी एवं संतोष रोहित ने कार्यकर्ताओ को संबोधित किया। उन्होंने हर घर तिरंगा एवं तिरंगा यात्रा के सबंध में रूपरेखा बताई, आव्हान करते हुये कहा कि हर घर देशभक्ति के साथ तिरंगा लहराया जाये और अंत मे प्रभारी गिन्नी राजा तोमर ने आभार व्यक्त किया। बैठक में जयंत सिंह बुंदेला, अरविंद लोधी, पुष्पेन्द्र सिंह परिहार, गोलू राय, गिन्नी राजा तोमर अटा, रामेश्वर यादव, वीरसिंह यादव, गोविंद सिंह राजपूत, रावराजा राजपूत लोगर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जनपद रहली के सदस्य पहुंचे कलेक्ट्रेट, अध्यक्ष व अधिकारी की जांच कर वैधानिक कार्रवाई की मांग



**रहली, देशबन्धु।** बीते दिवस रहली जनपद पंचायत की बैठक स्थगित होने का मामला लगातार बढ़ता जा रहा हैं, बुधवार को करीब 15 जनपद सदस्य उपाध्यक्ष के साथ जिला मुख्यालय पहुंचे और कलेक्टर कार्यालय में शिकायती आवेदन सौंपा। जिसमें बताया की 5 अगस्त को बैठक स्थगित की सूचना कुछ सदस्यों को वाट्सएप पर 1 घंटे पहले दी गई। सीईओ से संपर्क करने पर बताया गया कि पीसीओ श्री शुक्ला को अधिकृत किया गया है श्री शुक्ला से पूछने पर बताया गया कि मुझे सीईओ साहब द्वारा बैठक कराने के लिये अधिकृत नहीं किया गया है। इसके बाद बैठक स्थगित की लिखित सूचना 4 बजकर 16 मिनिट पर सदस्यों को दी गई। इस प्रकार जनपद अध्यक्ष एवं सीईओ अहिरवार द्वारा जनपद पंचायत को मजाक बना दिया गया है। विगत छः माह में जनपद पंचायत की बैठक नहीं बुलाई गई है। इसके पहले जो बैठकें हुई उनमें भी सदस्यों के आक्रोश के चलते कोरम पूरा नहीं हुआ, एक दो बैठकों में रजिस्टर घर भेजकर महिला सदस्यों के हस्ताक्षर दबाब पूर्वक कराये गये। जनपद पंचायत रहली में भारी भ्रष्टाचार के चलते सदस्यों से बैठक में अध्यक्ष और सीईओ बचना चाहते है। सचिवों के एरियर्स के भुगतान राशि को लेकर भारी अनियमितता कर दो-दो बार भुगतान कर करोड़ो रूपये का भुगतान किया गया इनके भुगतान पत्रक की जांच की जाये। इसके विषय में आवाज उठाने पर एक बाबू निलंबित कर दिया गया तथा कुछ सचिवों से राशि वापिस जमा करा ली गई। मामला दबा दिया गया। जनपद सभा में अभी तक जो भी प्रस्ताव डाले गये है न तो सदस्यों को विश्वास में लिया जाता है मनमाने तरीके से प्रस्ताव लिख लिये जाते है। मनरेगा भुगतान में भारी भ्रष्टाचार करने के बाद ही भुगतान किया जाता है इनके बिल बाउचर की जांच की जाये। अध्यक्ष द्वारा सचिवों को अपने और अपने रिश्तेदारों को बिल लगाने के लिये बोला जाता है। जिससे उनके लोगो के वेन्डर पर भुगतान किया जाये अन्यथा की स्थिति में सचिवों को बोला जाता है कि ट्रांसफर या निलंबित करा दिया जावेगा। जिसके बिल बाउचर की जांच कराई जावे। सदस्यो द्वारा जनपद अध्यक्ष व सीईओ की जांच कर वैधानिक कार्यवाही की मांग की हैं।

### यें सदस्य रहें उपस्थित

जनपद पंचायत रहली मे अध्यक्ष व अधिकारियों की कार्यप्रणाली से नाराज सदस्यों में ज्ञापन के दौरान जनपद उपाध्यक्ष सविता सिंह के साथ सदस्य रेखा ठाकुर, सुनीता लोधी, हम्मीर लोधी, पार्वती चढ़ार, प्रभा बाई सिंह, माखन चढ़ार, लक्ष्मी रानी आदिवासी, अनीता काछी, मधु सिंह, खुशबु चौबे, द्रोपती अहिरवार, शांवती गौंड, ममतारानी अहिरवार, रचना ठाकुर उपस्थित रही।

### जिला परशुराम कल्याण बोर्ड में सौंपे दायित्व



**सागर, देशबन्धु।** परशुराम कल्याण बोर्ड सागर जिला की बैठक जिला प्रभारी के निवास पर आयोजित की गई। जिसमें नवीन दायित्व की घोषणा की गई। जिला प्रभारी मधुसूदन खेमरिया एवं संभागीय प्रभारी संजीव दुबे की सहमति से वरिष्ठ मार्गदर्शक मंडल सदस्य अतुल मिश्रा ने नये दायित्व की घोषणा की जिसमें राजेश पाराशर सह जिला प्रभारी, राजेश दुबे नगर प्रभारी, विपिन दुबे जिला प्रचार प्रमुख, रजनी पाठक नगर मातृशक्ति प्रमुख, अनुराग भारद्वाज एवं मनीषा मिश्रा को जिला कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया।

### 24 वर्ष से फरार वारंटी को किया गिरफ्तार



**सागर, देशबन्धु।** थाना मोतीनगर पुलिस द्वारा 24 वर्षों से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। जानकारी के अनुसार थाना मोतीनगर के अपराध क्र. 200/2001, धारा 379 भादंसं एवं प्रकरण क्र. 1562/2006 में आरोपी लोकेश मौर्य पिता रामकिशोर मौर्य 40 वर्ष निवासी ग्राम बदौना हाल मुकाम पुरानी सदर केन्ट के विरुद्ध न्यायालय द्वारा स्थाई वारंट जारी किया गया था। आरोपी लंबे समय से न्यायालय की कार्यवाही से बचने हेतु फरार चल रहा था। विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि उक्त आरोपी परेड मंदिर क्षेत्र में देखा गया है। सूचना की तस्दीक उपरांत थाना मोतीनगर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपी लोकेश मौर्य को मौके से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक जसवंत सिंह राजपूत थाना प्रभारी मोतीनगर, शिवम दुबे, वीरेन्द्र शर्मा, महेन्द्र चढ़ार, अभिषेक सिंह चौहान, सत्येन्द्र सिंह, दिनेश तिवारी, गौरव सेन का योगदान रहा।

## स्वदेशी जागरण मंच का आह्वान, स्वदेशी अपनाएं विदेशी हटाएं



**सागर, देशबन्धु।** स्वदेशी जागरण मंच की बैठक भोपाल में हुई जिसमें मध्यक्षेत्र के समस्त पदाधिकारी उपस्थित हुये। बैठक में निर्णय हुआ विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार कर स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने के लिए लोगों को जागरूक किया जायेगा। मंच ने कहा कि स्वदेशी उत्पादों की खरीद बिक्री राष्ट्र सेवा है। मंच 1991 से स्वदेशी के लिये जनजागरण कर रहा है। उसका मानना है कि भारत की समृद्धि स्वदेशी और आत्मनिर्भरता से ही संभव है। मंच ने 12 जून 2025 को स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान की शुरुआत की है। इसमें व्यापारियों, निर्माताओं और सामाजिक संगठनों को जोड़ा गया है। वैश्विक हालात अस्थिर हैं। मूल्य श्रृंखलायें, भुगतान प्रणाली और मुद्रायें हथियार बन चुकी हैं। अमेरिका और अन्य देश संरक्षणवाद अपना रहे हैं। टैरिफ और गैर टैरिफ बाधाओं से वैश्विक व्यापार रुका है। चीन जैसे देश सस्ते माल का डंप कर भारतीय विनिर्माण को खत्म करने की साजिश कर रहे हैं। मप्र स्वावलंबन केंद्र प्रमुख एवं प्रांत समन्वयक स्वावलंबी भारत अभियान कपिल मलैया ने कहा कि देश की आर्थिक स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता के लिये स्वदेशी अपनाना अनिवार्य है। अब समय आ गया है जब हर नागरिक को यह निर्णय लेना चाहिये कि वह विदेशी कंपनियों को नहीं, बल्कि अपने देश के कारीगरों, किसानों, उद्यमियों और उद्योगों को समर्थन देना शुरू करें। विदेशी वस्तुयें हमारी अर्थव्यवस्था को कमजोर कर रही हैं और स्वदेशी उत्पाद आत्मनिर्भर भारत की नींव को मजबूत कर सकते हैं। बैठक में यह निर्णय लिया कि गांव-गांव, मोहल्ला-मोहल्ला और शहरी क्षेत्रों में जनसंवाद, जागरूकता रैलियों, संगोष्ठियों, सोशल मीडिया अभियान, प्रदर्शनी और कार्यशालाओं के माध्यम से इस विषय पर जनमानस को जागरूक करने के लिये विभिन्न संगठनों को प्रेरित किया जायेगा।

### अतिवृष्टि से फसलों को नुकसान की 7 दिवस में रिपोर्ट प्रस्तुत करे

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जीआर ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से अतिवृष्टि एवं बाढ़ के कारण फसलों को हुई क्षति के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदारों को निर्देश दिये कि बाढ़, अतिवृष्टि से प्रभावित फसलों का सर्वेक्षण राजस्व, कृषि, उद्यानिकी एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों की संयुक्त टीम गठित कर सर्वे कार्य कराया जाये। सर्वेक्षण कार्य पूर्ण कर 7 दिवस के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

### तिरंगा यात्रा को लेकर बैठक संपन्न



**बांदरी, देशबन्धु।** भाजपा द्वारा आगामी 10 से 14 अगस्त तक निकलने वाली तिरंगा यात्रा को लेकर पूर्व मंत्री व खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह के कार्यालय में बैठक संपन्न हुयी जिसमें बैठक प्रभारी संतोष रोहित ने उपस्थित सभी भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं से कहा कि सभी भाजपा कार्यकर्ता आम नागरिकों की सहभागिता से गलियों, मोहल्लों, सड़कों पर तिरंगा यात्रा का आयोजन करेंगे। तिरंगा यात्रा को गौरवशाली तरीके से भव्य बनाते हुये संपन्न करायें। तिरंगा यात्रा में नगर के वरिष्ठ नागरिकों, युवाओं, छात्र-छात्राओं, स्वयंसेवी संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित करें अपने मोहल्लों के प्रत्येक घरों व प्रतिष्ठानों पर तिरंगा लहराये। इस अवसर पर अनुराग प्यासी, विश्वनाथ सिंह, अनिल पाराशर, लक्ष्मी लोधी, आजाद यादव, डीआर रोहित, नारायण सिंह, अभय लोधी, राजा राजपूत, उदयपाल यादव, लक्ष्मीकांत मुड़ोतिया, लोकेन्द्र सिंह, देशराज सिंह, रावराजा राजपूत सहित भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### लापता किसान की कुल्हाड़ी से हत्या, सड़क किनारे पुलिया के पास मिला शव

**सागर, देशबन्धु।** गढ़ाकोटा थाना क्षेत्र में अकला गांव निवासी 45 वर्षीय किसान हल्ले लोधी मंगलवार रात से लापता थे। बुधवार सुबह उनका खून से लथपथ शव अकला-खैरा मार्ग पर पुलिया के पास मिला। मृतक के गले और चेहरे पर धारदार हथियार से हमला किया गया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार हल्ले लोधी मंगलवार को खेतों में फसल पर दवाई डालने गये थे। शाम को घर लौटे लेकिन इसके बाद बिना कुछ बताये कहीं चले गये। देर रात तक घर नहीं लौटे, तो परिजनों ने आसपास तलाश शुरू की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला। बुधवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि अकला-खैरा मार्ग की पुलिया के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान हल्ले लोधी के रूप में की। पास में उनकी बाइक भी खड़ी थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कुल्हाड़ी से वार कर उनकी हत्या की गई है। मृतक के भाई अमर सिंह लोधी ने बताया कि उन्हें यह नहीं मालूम कि भाई की किसी से रंजिश थी या नहीं। हल्ले ने कभी किसी से विवाद नहीं किया, किसने और क्यों मारा, यह समझ नहीं आ रहा है। गढ़ाकोटा थाना प्रभारी रजनीकांत दुबे ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। गले और चेहरे पर धारदार हथियार से कई बार किये जाने के निशान हैं। एफएसएल टीम को बुलाकर घटनास्थल से सबूत जुटाये गये हैं। हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## स्टेट कराते चैंपियनशिप में सागर ने जीते 38 पदक



**बीना, देशबन्धु।** स्टेट कराते चैंपियनशिप 2025 में सागर जिले की कराते टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है। टीम ने कुल 38 पदक जीतकर प्रदेश स्तर पर तीसरा स्थान हासिल किया। इनमें 9 खिलाड़ी बीना के रहने वाले हैं। इनमें 11 गोल्ड, 10 सिल्वर और 17 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। शाजापुर के गांधी हॉल में प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। अमेचर कराते डेवलपमेंट एसोसिएशन के सचिव एवं कोच सेंसेई संदीप अग्रवाल के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने अनुशासन और जोश के साथ अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन दिया। काता स्पर्धा में कार्तिक यादव, समर प्रताप सिंह राजपूत, अरिहंत जैन, प्रियांशी ठाकुर, यम्मानूरु हिमावर्षिनी और अनोखी चौधरी ने स्वर्ण पदक जीते। श्रेयांश चतुर्वेदी, कृष्णा सिंह दांगी, अन्नपूर्णा झा, सावी अग्रवाल और ज्योतिरादित्य यादव ने रजत पदक प्राप्त किये। कुमिते स्पर्धा में पृथ्वीराज कुशवाहा, आदवी सिंह बुंदेला और हिमावर्षिनी ने स्वर्ण पदक हासिल किये। टीम काता स्पर्धा 14-17 वर्ष में भी जूनियर बालक व बालिका वर्ग ने स्वर्ण पदक जीता। बीना के ज्योतिरादित्य ग्वाल ने अंडर.12 वर्ग में सिल्वर मेडल जीतकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। सेंसेई संदीप अग्रवाल ने बताया कि गोल्ड मेडल विजेता अब नेशनल चैंपियनशिप में मप्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। इनमें बीना के 9 खिलाड़ी शामिल होंगे।

### डीपीएस में राखी निर्माण, थाली, बांसुरी, झूला सज्जा प्रतियोगिता हुई



**सागर, देशबन्धु।** बुधवार को रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर राखी निर्माण, थाली, बांसुरी, झूला सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया जिसमें कक्षा तीसरी से बारहवी तक के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर कला एवं शिल्प विभागाध्यक्ष हेमंत ताम्रकार ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी डीपीएस सागर में राखी निर्माण, थाली सज्जा, बांसुरी सज्जा, झूला सज्जा प्रतियोगितायें संपन्न कराई गई हैं। प्रतियोगिता को विभागानुसार भिन्न-भिन्न वर्गों में बांटी गई थी। प्राथमिक विभाग की कक्षा तीसरी से पांचवी तक के विद्यार्थियों के लिये बांसुरी सज्जा, माध्यमिक विभाग में राखी निर्माण, उच्च माध्यमिक विभाग में थाली सज्जा तथा उच्च. माध्य. विभाग में झूला सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया था। प्रतियोगिता को लेकर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविकांत बाजपेयजुला ने बताया कि विद्यालय विद्यार्थियों की प्रतिभा का स्थान है। हमारे विद्यार्थी भविष्य के नागरिक हैं। हमारी संस्कृति क्या है कैसी है इसकी कौन-कौन सी परम्परायें हैं, जो मानव में मानवीयता के गुण, कला का विकास कर सके और विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास हो सके इसी उद्देश्य को लेकर समय-समय पर ऐसी प्रतियोगितायें आयोजित कराई जाती हैं। विद्यालय के निदेशक इंजी. राहुल सराफ ने प्रतिभागियों को शुभकानायें प्रेषित कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये निःशुल्क प्रशिक्षण में व्याख्यान का हुआ आयोजन



**बीना, देशबन्धु।** शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय और शास. विधि महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण में व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें प्राचार्य डॉ. रेखा बरेठिया ने स्वागत उद्बोधन में सभी विद्यार्थियों से कहा कि इस प्लेटफार्म के द्वारा आप अपने कौशल को निखारते हुये अपने लक्ष्य का निर्धारण करें और अपना करियर बनायें। मुख्य वक्ता जनभागीदारी समिति अध्यक्ष अनुविभागीय अधिकारी विजय डेहरिया ने सभी विद्यार्थियों को केरियर के अवसरों की जानकारी एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के विभिन्न चरणों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिये परिश्रम और संकल्प आवश्यक है। विद्यार्थी अपने बेहतर करियर के लिये सही दिशा में फोकस करें। प्रकोष्ठ प्रभारी मोहम्मद रफीक शेख ने बताया कि समय-समय पर शासन के कैलेंडर अनुसार और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये विषय विशेषज्ञों को बुलाकर विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि की जाती है। पंकज लखेरा, औंकार सौर, राहुल चढ़ार, नम्रता बघेल ने भी अपने विचार व्यक्त किये। आभार प्राध्यापक डॉ. एमएल सोनी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. आनन्द सिंह, प्रो. आरएस तिवारी, डॉ. नीलम सिंह, डॉ. रितु उमइया उमा सहित महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्रायें उपस्थित थे।

### रैन बसेरा में खटमलों की भरमार, पलंग खाली, लोग नीचे सोने मजबूर



**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरिसिंह गौर मुख्य बस स्टैंड स्थित आश्रय स्थल उर्फ रेन बसेरा के हाल बेहाल है वैसे ही यहां केवल 10-10 पलंग ही स्त्री पुरुषों के लिये है किंतु उनमें भी खटमलों की भरमार हो गई है हाल यह है की पलंग खाली पड़े रहते हैं और महीनो से बाहर खुले में पड़े हुये हैं अंदर पड़े हुये पलंग खाली रहते हैं और यहां ठहरने वाले गरीब वृद्ध और श्रमिक लोग एवं स्टूडेंट जमीन पर सोने के लिये मजबूर हैं वह भी रात में उठ उठकर खटमलों के कारण बाहर भागते हैं पास में ही स्थित सुलभ काम्प्लेक्स भी इसकी गिरफ्त में आ गया है और वहां के रहवासी कमरे भी सोने लायक नहीं रहे है, यह खटमल इन भवनों के ऊपर स्थित अंत्योदय दीनदयाल रसोई तक भी पहुंच गये हैं किंतु कोई भी इनकी असर कारक दवा और निर्मूलन नहीं कर पाया है नगर निगम और जिला प्रशासन के साथ ही सुलभ इंटरनेशनल के अधिकारियों को भी यहां का सतत निरीक्षण करना चाहिए।

## स्टेशन की बुकिंग ऑफिस और पटरी पर मिला शव

**बीना, देशबन्धु।** रेलवे स्टेशन पर मंगलवार रात दो अज्ञात शव मिलने से सनसनी फैल गई। एक शव स्टेशन परिसर स्थित बुकिंग ऑफिस में मिला, जबकि दूसरा शव कुरवाई कैथोरा और बीना स्टेशन के बीच रेलवे ट्रैक पर पड़ा था। दोनों मामलों में मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है और पुलिस जांच में जुटी है। लगातार दो शव मिलने की घटनाओं ने यात्रियों और स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। पहला मामला बीना रेलवे स्टेशन स्थित बुकिंग ऑफिस का है। जहां मंगलवार रात एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। घटना की सूचना मिलते ही स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई। रेलवे अधिकारियों ने तुरंत जीआरपी को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस स्टाफ मौके पर पहुंचा और जांच शुरू की। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। जीआरपी ने कपड़ों की तलाशी ली, लेकिन उसके पास गुटखे के पाउच के अलावा कोई दस्तावेज या पहचान संबंधी सामान नहीं मिला। रेलवे पुलिस का कहना है कि उक्त व्यक्ति को स्टेशन परिसर में इससे पहले कभी नहीं देखा गया था। फिलहाल शव को मॉर्चुरी में सुरक्षित रखवाया गया है और पुलिस मामले की जांच में जुटी है। इसी दिन एक और घटना में बीना स्टेशन और कुरवाई कैथोरा स्टेशन के बीच रेलवे ट्रैक पर भी एक अज्ञात शव मिला। इस मामले की सूचना रेलवे अधिकारियों ने छोटी बजरिया पुलिस चौकी को दी, जिसके बाद चौकी प्रभारी आरके जोरम पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। प्रारंभिक जांच में अनुमान है कि मृतक ट्रेन से गिरा हो सकता है, जिससे उसकी मौत हुई है। दोनों ही मामलों में मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही आसपास के थानों और लापता व्यक्तियों के मामलों से शवों का मिलान कराया जा रहा है, ताकि पहचान की पुष्टि हो सके।

## राजकीय विश्वविद्यालय तथा जीएस कॉलेज के मध्य अनुबंध



**सागर, देशबन्धु।** रानी अवन्तीबाई लोधी विवि एवं स्व. यशवंत शंकर धर्माधिकारी शोधपीठ जीएस कॉलेज ऑफ कॉमर्स एण्ड इकॉनोमिक्स जबलपुर के मध्य अनुबंध एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये। इसके अंतर्गत दोनों संस्थाओं का परस्पर अकादमिक सहयोग संयुक्त रूप से शोध, विद्यार्थी प्रशिक्षण तथा संसाधनों की साझेदारी संभव हो सकेगी। दोनों संस्थाओं के संयुक्त शोध प्रकाशन, सेमीनार, कार्यशाला आयोजन तथा विद्यार्थी विनिमय की सम्भावनायें विकसित होगी। अध्यक्षता करते हुये विवि के कुलगुरू प्रो. विनोद कुमार मिश्रा ने जबलपुर के जीएस कॉलेज के ऐतिहासिक महत्व को बताते हुये कहा कि यह शोधपीठ गांधीवादी विचारधारा केन्द्रित शोध को बढ़ावा देने के लिये निरंतर कार्यरत है। इस अनुबंध से दोनों संस्थाओं के मध्य शोध व नवाचार को बढ़ावा मिलेगा साथ ही नवीन दिशायें भी निकलकर सामने आयेंगी। विवि की कुलसचिव प्रो. शक्ति जैन ने कहा कि शिक्षा, शैक्षिक संस्थाओं और शोधकार्यों के विकास में अनुबंध की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इससे दो संस्थाओं के मध्य अकादमिक कार्यों को बढ़ावा मिलता है और दोनों ही लाभांवित होते हैं। जीएस कॉलेज जबलपुर के प्राध्यापक डॉ. शरद रजक ने कहा कि इस शोधपीठ द्वारा शोधकर्ताओं को फेलोशिप भी प्रदान की जाती है जो गांधीवादी विचारधारा और शोध को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस अवसर पर प्रो. रजनी दुबे, सुभाषिनी जैन, डॉ. पंचम लाल सनोडिया, राकेश चढ़ार, डॉ. स्वर्णलता तिवारी, डॉ. भावना पटेल, डॉ. मुकेश अहिरवार, डॉ. पवन खटीक, डॉ. चंदन सिंह, डॉ. दिनेश अहिरवार, डॉ. ब्रजेश रिछारिया, डॉ. उदित मलैया, डॉ. सिद्धी त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे। संचालन डॉ. मिथलेश शरण चौबे ने एवं आभार डॉ. अल्का पुष्प निशा ने ज्ञापित किया।

## सार समाचार

### महिलाओं के बैग से रूपयों की चोरी, दो महिलाएं पकड़ीं

**छतरपुर, देशबन्धु।** दो अलग-अलग घटनाओं में चौक बाजार में खरीददारी करने आई महिलाओं के बैग से नकदी चोरी होने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने दो महिला चोरों की पकड़ा है। पहली घटना में सिचाई कॉलोनी निवासी वंदना तिवारी और प्रीति पटेरिया के साथ चौक बाजार खरीदारी के दौरान हुई। भीड़भाड़ में प्रीति पटेरिया के बैग से 1200 रुपये चोरी हो गए। दूसरी घटना में चेतगिरी कॉलोनी की छाया साहू के बैग से 3200 रुपये चोरी हो गए। संदेह होने पर उन्होंने पीछा करके बालाजी मंदिर के पास दो महिला चोरों को पकड़कर उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जा रहा है कि चोर महिलाओं का यह गिरोह तीन सदस्यों का है, जिनमें से एक महिला भागने में सफल रही। पुलिस दोनों महिला आरोपियों से पूछताछ कर रही है। एक फरार आरोपी की तलाश भी की जा रही है।

### नशा जीवन की समृद्धि समाप्त कर रहा है, इससे बचें

**छतरपुर, देशबन्धु।** ब्रह्माकुमारीज किशोर सागर में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जन जागृति कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छतरपुर सेवाकेंद्र प्रभारी बीके शैलजा ने नशे से होने वाले नुकसान से सभी अवगत कराया। एक विशाल रैली निकालकर लोगों की नशे से दूर रहने के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक से नशा न करने का संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम गढ़ी मलहरा, गढ़ी, महाराजपुर, गौर, गौरारी, मलका, उर्दमऊ, कुर्राहा, पिरपा गांव की माताएं एवं भाई सम्मिलित हुए। इसी तारताम्य में नशा मुक्त भारत अभियान को बढ़ावा देने के लिए ब्रह्माकुमारीज के भाई बहनों ने बैनर और स्लोगन लेकर इस अभियान को आगे बढ़ाने का संकल्प भी लिया।

### तहसीलदार, नायब तहसीलदारों की क्रमिक हड़ताल शुरू

**छतरपुर, देशबन्धु।** बुधवार से जिले में तहसीलदार और नायब तहसीलदारों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर क्रमिक हड़ताल शुरू कर दी है। राजस्व अधिकारियों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर को दिया है। हड़ताल कर रहे अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आपदा प्रबंधन से जुड़े कार्यों को छोड़कर वे अन्य राजस्व कार्य नहीं करेंगे। तहसीलदार आलोक जैन ने बताया कि शासन द्वारा चलाई जा रही न्यायिक और गैर न्यायिक कार्यों को अलग-अलग करने की प्रक्रिया का विरोध किया जा रहा है। कुछ अधिकारियों को केवल न्यायिक तो कुछ को गैर न्यायिक कार्यों तक सीमित किया जा रहा है, जिससे असंतोष व्याप्त है। इस मौके पर जिले के सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

### विश्व स्तनपान सप्ताह में दी जानकारी

**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर के क्रिश्चियन हॉस्पिटल कीं व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा परियोजना के तहत महाराजपुर और ग्राम कुर्राहा अस्पतालों में विश्व स्तनपान सप्ताह के दौरान कार्यक्रम में स्तनपान के संबंध में उपयोगी जानकारी दी गई। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी वंदना ने बताया शिशुओं को कुपोषण से बचाकर मानसिक व शारीरिक विकास को बढ़ावा देने के उददेश्य से विश्व स्तनपान सप्ताह में शिशुवती माताओं को बच्चों को स्तनपान कराने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। क्रिश्चियन हॉस्पिटल के प्रोजेक्ट मैनेजर प्रभुदत्त नायक और आरसीएच नर्स ज्योत्स्ना साहा भी विचार रखे। इस मौके पर प्रोग्राम ऑफिसर देवेंद्र कुमार, डॉक्यूमेंटेशन ऑफिसर अशोक मुगरी, नर्स अनीता, परी, कम्युनिटी कोऑर्डिनेटर महेश, देवीदीन सहित ग्राम पंचायत के सरंपच, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी, आशा कार्यकर्ता व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

पुलिस को मिली सिलसिलेवार पशु चोरी की घटनाओं का खुलासा करने में कामयाबी

# अंतर्राज्यीय पशु चोर गिरोह के मास्टर माइंड सहित 5 बदमाश गिरफ्तार, दो कारें जब्त






**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले में सिलसिलेवार तरीके से हो रही पशु चोरी की घटनाओं की तहकीकात के बाद पुलिस को इनका खुलासा करने में कामयाबी मिली है। अंतर्राज्यीय पशु चोर गिरोह के मास्टर माइंट सहित 5 बदमाशों को गिरफ्तार करके उनके पास से एक बिना नंबर की अर्टिगा कार, एक पिकअप लोडर वाहन क्रमांक यूपी 93 बीटी 8885 और 315 बोर का एक कटटा जब्त किया गया है।

पिछले कई दिनों से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से एक के बाद एक पशुओं की चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में पुलिस के प्रति असंतोष और आक्रोश बढ़ रहा था। इन घटनाओं को लेकर कुछ दिन पहले सैकड़ों ग्रामीणों ने छतरपुर में दो हाइवे को जोड़ने वाले आकाशवाणी तिराहे पर ट्रेक्टर अडाकर चक्काजाम आंदोलन किया था। इसके बाद पुलिस ने मामले की खुलासे के लिए गंभीरता से तहकीकात शुरु कर दी, इसमें कामयाबी भी मिली। अंतर्राज्यीय पशु चोर गिरोह के 5 सदस्यों को पुलिस ने दबोच लिया है। बुधवार को पुलिस कांफ्रेंस हाल में मामले का खुलासा करते हुए एसपी अगम जैन ने बताया छतरपुर की सिटी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत कृष्ण प्रिया कॉलोनी के पास, ग्राम गंगायच, सरानी, बरायच खेरा, थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कादरी और श्यामरी पुरवा, थाना अलीपुरा के अंतर्गत ग्राम करारा गंज, टीला सहित अन्य स्थानों से सिलसिलेवार तरीके से भैंसों के चोरी की घटनाएं हो रही थीं।

इनके खुलासे के लिए बनाई गई पुलिस टीम द्वारा जिला छतरपुर सहित अन्य जिलों से पशु चोरी की घटनाओं के विभिन्न पहलुओं की गहराई से तहकीकात करके एक सक्रिय गिरोह के बारे में जानकारी जुटाई गई। पक्की खबर मिलने पर इस गिरोह के कुछ सदस्यों को एक पिकअप वाहन सहित झनझन देवी माता मंदिर के पास के जंगल से गिरफ्तार करके उनसे बारीकी से पूछताछ की गई। जिससे पूरे मामले का खुलासा हो गया। पुलिस टीम ने तत्परता से धरपकड करके गिरोह के कुल 5 सदस्यों को दबोच लिया, ये सभी उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से संबद्ध हैं। पशु चोरी से संबंधित अन्य जिलों की पुलिस को सूचना दे दी गई है। वहां की पुलिस इन्हें रिमांड पर लेने के लिए छतरपुर आ रही है।

### मास्टर माइंट और उसके 4 साथी दबोचे

एसपी श्री जैन ने बताया पकडे गए आरोपियों में अंतर्राज्यीय पशु चोर गिरोह का मास्टरमाइंड निजाम खान उर्फ मुजाम खान निवासी ग्राम अजनारी थाना उरई जिला जालोन है, जो हत्या का प्रयास, अवैध हथियार, चोरी और एनडीपीएस जैसे 10 अपराधों में लिप्त रहा है। इसके साथियों में जिला कानपुर देहात के थाना भोगनीपुर का शिशुबिन्द्र सिंह उर्फ गोपाला पुत्र बहादुर सिंह यादव निवासी ग्राम हरारा, ग्राम कमलपुर थाना राजपुर का जीतू सिंह यादव पुत्र स्व अच्छेलाल यादव, जिला जालौन के थाना कोटरा के कोटरा ग्राम निवासी विक्रम उर्फ राहुल पुत्र स्व गंगादीन अहिरवार और ऐट जिला के ऐट का रहने वाले मानवेन्द्र यादव उर्फ अंकुश यादव को गिरफ्तार किया गया है। इनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की नवीन संगठित अपराध धारा के तहत प्रकरण दर्ज किया है। एसपी ने बताया ये बदमाश पहले अर्टिगा कार से रैकी करते थे, इसके बाद पशुओं को चुराकर पिकअप वाहन से लेकर भाग जाते थे। इन आरोपियों ने छतरपुर, टीकमगढ़, सागर, दमोह, दतिया एवं झांसी जिलों से पशु चोरी की 2 दर्जन वारदातों को अंजाम देने की सच्चाई स्वीकारी है।

### प्रतिभा श्रीवास्तव बनीं महिला थाना प्रभारी

**छतरपुर, देशबन्धु।** एसपी अगम जैन के आदेश पर टीआई प्रतिभा श्रीवास्तव ने महिला थाना



छतरपुर का प्रभार संभाल लिया है। उन्होंनें एसआई के पद पर रहते हुए नौगांव थाना और गर्रोली चौकी सहित जिले के कई थानों में सफलतम सेवाएं देकर कई अहम मामलों का समय से समाधान किया गया है। उनसे उम्मीद की जा रही है कि वे महिलाओं से संबंधित अपराधों की रोकथाम में तेजी लाकर संवेदनशील मामलों का प्रभावी समाधान करेंगी।

### पार्श्व प्रवेश परीक्षा के लिए पंजीयन शुरू

**छतरपुर, देशबन्धु।** जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 9 और 11वीं की पार्श्व प्रवेश परीक्षा 2026-27 शनिवार 7 फरवरी को होगी। इसमें प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन किए जा रहे हैं, जो 23 सितंबर तक होंगे। बताया गया है इसमें छतरपुर जिले के कक्षा 9वीं के लिए वर्तमान सत्र 2025-26 में कक्षा 8वीं में पढ़ने वाले और कक्षा 11वीं के लिए इस सत्र में कक्षा 10वीं में पढ़ने वाले छात्र छात्राएं आवेदन कर सकते है।

### बस में घिनोनी हरकत करते मिले युवक युवती

**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर में सागर रोड़ पर स्थित मधुर मिलन गार्डन के बाहर रखी महाराजा ट्रेवल्स की बस क्रमांक एमपी 16 पी 0594 में एक युवक और युवती को घिनौनी हरकत करते हुए आपत्तिजनक हालत में पकड़ा गया है। जिस समय आसपास के लोगों ने संदेह के आधार पर उन्हें बस के अंदर से पकड़ा, उसी समय मौके का फायदा उठाकर बस के चालक और परिचालक वहां से भाग गए। लोगों ने युवक और युवती से पूछतांछ करके मामले को ज्यादा तूल देने की बजाय उन्हें वहां से जाने दिया है। बता दें कि बस स्टैंड सहित अन्य स्थानों पर खड़ी होने वाली कई बसों में रात के समय ऐसे ही कृत्य आए दिन होते रहते हैं। पुलिस यदि ऐसी बसों की अचानक तलाशी ले तो सच्चाई सामने आ सकती है।

## लांक तोड़कर मोटर साइकिल चुराने वाले 4 बदमाश गिरफ्तार




**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले की थाना नौगांव पुलिस ने मोटर साइकिलों की चोरी करने वाले अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के 4 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चुराई गई 3 मोटर साइकिलें बरामद की गई हैं।

एसपी अगम जैन ने बताया थाना नौगांव क्षेत्र के अंतर्गत जनपद पंचायत पार्किंग के पास से, दूल्हा देव मंदिर के पास और परम कॉलोनी से लॉक तोड़कर मोटर साइकिलें चुराई गई थीं। इन मामलों की तहकीकात के बाद पुलिस टीम ने उत्तर प्रदेश के जिला महोबा थाना अजनर के ग्राम सीगोंन निवासी रघुवीर राजपूत पुत्र श्यामसुंदर राजपूत, सत्यम पुत्र माधव प्रसाद विश्वकर्मा, अजय पुत्र मुन्नालाल जोशी और एक किशोर अपचारी को पकडा गया। पूछतांछ में चारों ने मोटर साइकिलें चुराने की बात स्वीकारी है। इनके पास से तीन मोटर साइकिलें बरामद की गई हैं, जिनकी कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए आंकी गई है। तीन बदमाशों को न्यायालय और विधि विरुद्ध किशोर को बाल न्यायालय पेश किया जा रहा है, मामले की जांच की जा रही।

## बागेश्वर धाम में होटल-होमस्टे की चैकिंग कर दी चेतावनी



**छतरपुर, देशबन्धु।** मंगलवार शाम एसडीओपी खजुराहो मनमोहन सिंह बघेल ने बमीठा थाना प्रभारी आशुतोष श्रोत्रिय व पुलिस बल के साथ बागेश्वर धाम में संचालित होटल और होमस्टे की चैकिंग करके संचालकों को नियमों और निर्देशों का पालन न करने पर कार्यवाही की चेतावनी दी है।

एक सप्ताह में यह दूसरा मौका है, जब पुलिस ने यहां होटल और होमस्टे की चेकिंग की है। एसडीओपी श्री बघेल ने धाम में संचालित श्री कृष्णा, गुरुकृपा, सात्विक और इंसिग्निया होटल व होमस्टे पहुंचकर रुम रजिस्टर, रुके हुए यात्रियों की आईडी का मिलान, आवक-जावक रजिस्टर और कमरों में रुके यात्रियों से पूछताछ की।

वहां लगे सीसीटीवी कैमरे भी चेक किए गए। अधिकांश होटलों व होमस्टे में कार्यरत कर्मचारियों का वेरिफिकेशन नहीं मिलने पर एसडीओपी ने संचालकों और मैनेजरों को सभी कर्मचारियों का थाने में वेरिफिकेशन कराने के निर्देश दिए। रुकने वाले श्रद्धालुओं की प्रतिदिन की संख्या की जानकारी बागेश्वर धाम चौकी में देने को कहा गया। थाना प्रभारी श्री श्रोत्रिय ने होटल व होमस्टे संचालकों को नोटिस दिए। जिसमें बागेश्वर धाम आने वाले श्रद्धालुओं की पूरी जानकारी रखने के निर्देश दिए गए। नोटिस में चेतावनी दी गई कि किसी भी प्रकार की अनियमितता या अधूरी जानकारी मिलने पर होटल संचालक व मैनेजर के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान में नगर वन में रोपे फलदार पौधे

**छतरपुर, देशबन्धु।** बुधवार को सुबह नगर पालिका और जनसंपर्क विभाग के संयुक्त तत्वाधान में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत डिजिटल कालेज के पास नगर वन में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान कलेक्टर पार्थ जयसवाल, एसपी अगम जैन, नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया, एसडीएम लवकुशनगर व प्रभारी पीआरओ राकेश शुक्ला, सीएमओ माधुरी शर्मा सहित बड़ी संख्या में पत्रकार और नगर पालिका के स्टाफ ने आम, नींबू, अमरुद, जामुन और कटहल जैसे फलदार पौधे रोपकर सभी को हरियाली का संदेश दिया है। कलेक्टर श्री जयसवाल ने जिले वासियों से एक पेड़ अपनी माँ के नाम अभियान से जुड़कर पौधा लगाने और उनकी नियमित देखरेख करने का आग्रह किया है।



नपा अध्यक्ष श्रीमति चौरसिया ने बताया नगर वन में 11 हजार पौधे रोपने का लक्ष्य रखा गया है।

## उत्कृष्ट विद्यालय में 74 विद्यार्थियों को बांटी साइकिलें

**बकस्वाहा, देशबन्धु।** बुधवार को मुख्य अतिथि पूर्व विधायक प्रद्युम्न सिंह लोधी और विशिष्ट अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप खरे लल्ला ने उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल के 74 विद्यार्थियों को साइकिलें

वितरित की हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य पवन राय ने की। पूर्व विधायक श्री लोधी ने कहा भाजपा सरकार बच्चों के भविष्य के बारे में सोचकर पढ़ाई से लेकर अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने के प्रति संकल्पित है। इस मौके पर बलभद्र



राय, प्रियांशु रावत, राव साब परमार, आकाश राजपूत, उपेन्द्र सिंह, शिक्षक उमराव पटेल सहित विद्यालय का स्टाफ और छात्र मौजूद थे।

## मणिदीप सम्मान ने नवाजे जाएंगे डॉ बहादुर सिंह

**छतरपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन भोपाल द्वारा महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डा डॉ बहादुर सिंह परमार को कथेतर गद्य विधा के मणिदीप सम्मान 2025 से नवाजे जाएंगे। हिंदी साहित्य सम्मेलन के जिला अध्यक्ष नीरज खरे ने बताया अक्टूबर माह में भोपाल में आयोजित समारोह में डॉ



परमार को 5100 रुपए और सम्मान पट्टिका प्रदान करके सम्मानित किया जाएगा। उन्हें ये गौरवपूर्ण सम्मान के लिए चुने जाने पर डॉ अमिता अरजरिया, शोभा शर्मा, आभा श्रीवास्तव, शिवभूषण सिंह गौतम, नितेंद्र सिंह परमार, वीरेंद्र खरे अकेला, मौलाना हारुन अना कासमी, अभिराम पाठक और निदा रहमान सहित कई साहित्यकारों ने बधाई दी है।

### म्याना में जुए के फड़ पर दबिश, 3 जुआरी गिरफ्तार

**गुना, देशबन्धु।** पिुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देश पर गुना पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में म्याना थाना क्षेत्र की ऊमरी चौकी पुलिस ने जुए के फड़ पर दबिश देकर तीन जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से 19,300 नकद और ताश की गड्डी जब्त की है। 6 अगस्त की दोपहर को ऊमरी चौकी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि नेगमा भैरोघाटी बायपास रोड पर एक पुलिया के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी सउनि महेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में एक टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने घेराबंदी करके तीन लोगों को जुआ खेलते हुए पकड़ा। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम राहुल कुशवाह (30), धर्मेंद्र जाटव (36) और देवीलाल कुशवाह (35) बताए, जो सभी गुना के निवासी हैं। पुलिस ने इन जुआरियों के खिलाफ म्याना थाने में धारा 13 जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### राजस्थान से आ रही अवैध अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप पकड़ी, दो तस्कर गिरफ्तार

**गुना, देशबन्धु।** चिांचौड़ा थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। बीती शाम मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने राजस्थान से आ रही अवैध अंग्रेजी शराब की 17 पेटियों के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। शराब तस्करी में इस्तेमाल किया गया ऑटो रिक्शा भी जब्त कर लिया गया है। 5 अगस्त की शाम को चांचौड़ा पुलिस को एक गुप्त सूचना मिली थी कि एक ऑटो रिक्शा में दो व्यक्ति राजस्थान से अवैध अंग्रेजी शराब भरकर ऊमरथाना के रास्ते चांचौड़ा आ रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार साहू के नेतृत्व में एक टीम तत्काल बाघ बागेश्वर मंदिर तिराहे पर पहुंची और वहां घेराबंदी कर इंतजार करने लगी। कुछ देर बाद मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिये का ऑटो रिक्शा आते दिखा।

टास्कफोर्स समिति की बैठक में एंजेंडे की समीक्षा करके दिए निराकरण के निर्देश

# अधिकारी राजस्व और वन विभाग के पट्टों का संयुक्त सीमांकन कराएं : कलेक्टर



*__छतरपुर, देशबन्धु।__ बुधवार को कलेक्टर पार्थ जयसवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें कलेक्टर ने बैठक के एंजेंडे की समीक्षा करके निराकरण के निर्देश दिए हैं। बैठक में एजेण्डावार जल निगम, खनिज, एनएचएआई, एमपीबीडीसी, पीआईयू, पीडब्ल्यूडी, एनएच और एमपीआरडीसी के भूमि अर्जन और भूमि आवंटन सहित वन विभाग से संबंधित प्रकरणों के निराकरण के बारे में चर्चा की गई। कलेक्टर श्री जयसवाल ने एसडीएम एवं एसडीओ फॉरेस्ट को पैतृक भूमि का जबरन कब्जे के संबंध में की गई शिकायत जिसमें वन भूमि पर सही या गलत तरीके से यदि पट्टे बांटे गए हैं, तो इसके लिए संयुक्त सीमांकन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा जहां अनियमित तरीके से पट्टे बांटे गए हैं, उनमें सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार ही कार्यवाही करें। जो भी पट्टे गलत बांटे हैं, उन्हें निरस्त करके अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाए। बैठक में डीएफओ सर्वेश सोनवानी, एडीएम मिलिंद नागदेवे, एसडीएम अखिल राठौर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।*

### हर कार्यवाही में साथ रहेगी पुलिस

एसपी अगम जैन ने कहा खनिज विभाग द्वारा अवैध उत्खनन एवं अतिक्रमण की रोकथाम के लिए वन क्षेत्र के अंतर्गत अवैध रुप से रेत उत्खनन और अवैध परिवहन पर नियंत्रण के लिए पुलिस का पूरा सहयोग मिलेगां। उन्होंने कहा वन भूमि पर अवैध उत्खनन व अतिक्रमण से बेदखली के दौरान खनन माफिया और अतिक्रमणकारियों द्वारा आक्रमण करने की पूरी संभावना रहती है। ऐसी स्थिति में शासकीय अधिकारियों की सुरक्षा के लिए पुलिस बल मौके पर उपस्थित रहेगा।

### मृतक की पत्नी को 8 लाख की मदद

डीएफओ सर्वेश सोनवानी ने बताया 19 जुलाई को चैकी चन्द्रनगर के ग्राम धमना में केन नदी के किनारे मगरमच्छ के हमले से मिजाजी लाल रैकवार की मृत्यु हो गई थी। मृतक की पत्नी पाना रैकवार के नाम से वन विभाग द्वारा क्षतिपूर्ति के तहत 8 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई थी। जिसका भुगतान 6 अगस्त को पाना रैकवार के बैंक खाता में कर दिया गया है।

देशबन्धु

सागर, गुरूवार 7 अगस्त 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# सरकारों की विकासलीला

उत्तराखंड के धराली में बादल फटने की घटना ने एक बार फिर केदारनाथ हादसे की याद दिला दी है, जिसमें हजारों जिंदगियां तबाह हो गई थीं। केदारनाथ से धराली के बीच बाढ़ और भूस्खलन के कई और हादसे देश के अन्य इलाकों में हो चुके हैं। जान-माल का भारी नुकसान होने के बावजूद ऐसी प्राकृतिक आपदाओं से कोई सबक हमने नहीं लिया है। हर बड़ी दुर्घटना को प्रकृति की विनाशलीला कहकर अपने सिर से जिम्मेदारी झटक दी जाती है। हम कभी यह नहीं कहते कि ये दुर्घटनाएं लोभी सरकारों की विकासलीला का परिणाम हैं। हिमालय को भारत का मुकुट बताकर उस पर गर्व करना, हिमालय की सुंदरता का बखान, उस पर धार्मिक पहचान का ठप्पा इन सबके चक्कर में हिमालय की वास्तविकता से आंख चुराई जाती रही। सत्ता में बैठे बहुत कम लोग इस बात की फिक्र करते हैं कि उनके फैसलों का असर भौगोलिक संरचना को कैसे बिगाड़ रहा है।

मंगलवार को धराली में सैलाब ने बस्ती को उजाड़ दिया। हर्षिल क्षेत्र में खीर गंगा गदेरे (गहरी खाई या नाला) का जलस्तर अचानक बढ़ने से धराली गांव में एक के बाद एक बड़ी लहरें आईं और समूचे गांव को मिनटों में सूना कर दिया। इस घटना में 40 से 50 घर बह गए हैं और सौ से ज्यादा लोग लापता बताए जा रहे हैं। असल में कितनों की मौत हुई, कितने बचे, कितने लापता हुए इसका कुछ पता नहीं है। एक स्थानीय नागरिक के मुताबिक गांव के ज़्यादातर लोग एक पूजा में शामिल होने की तैयारी कर रहे थे। चार अगस्त की रात और पांच अगस्त की सुबह भी पूजा थी। पूरा गांव पूजा में शामिल हो रहा था, अगर हादसा चार तारीख को होता, तो शायद नुकसान और बड़ा होता। गौरतलब है कि धराली गंगोत्री के रास्ते में पड़ता है और ये जगह हर्षिल वैली के पास है, यहीं कल्प केदार का है, जहां श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आते हैं। चारधाम यात्रा का रास्ता धराली से होकर भी गुज़रता है. ऐसे में श्रद्धालु कई बार धराली के होटलों में भी रुकते हैं।

खीरगंगा के उफन कर बहने का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि छोटे-बड़े घरों, दो मंजिला मकानों, होटलों तक सब सैलाब में बहते गए, वीडियो में घबराए लोगों की चीख-पुकार भी सुनी जा सकती है, वहीं पहाड़ के ऊपर की तरफ से लगातार सीटियों की आवाज सुनाई दे रही है। दरअसल ये सीटियां मौजमस्ती की नहीं, बल्कि चेतावनी की है। मुखबा गांव से धराली गांव के ऊपर के क्षेत्र की पहाड़ियां दिखाई देती हैं। मुखबा के लोगों ने पहाड़ी से जैसे ही खीर गंगा को उफन कर नीचे आते देखा तो धराली के लोगों को आगाह करने के लिए सीटियां बजानी शुरू कर दी। अब इस चेतावनी को कितनों ने समझा और कितनों ने अपनी जान बचाई, इसका कोई आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। वैसे स्थानीय लोगों के मुताबिक पहाड़ों पर सीटी बजाकर आपदा की सूचना देने का तरीका काफी पहले से आजमाया जाता रहा है।

पहाड़ों की कहानियों, मुहावरों, लोकोक्तियों में भी कई तरीके से इस बात को समझाया गया है कि जंगल, नदी, पहाड़ों के साथ इंसान का व्यवहार कैसा होना चाहिए। अगर इंसान अपनी हद पार करे तो फिर क्या नुकसान हो सकता है, यह भी लोकभाषा में वर्णित है। मगर आधुनिकता की हनक में लोक संस्कृति, व्यवहार और भाषा का तिरस्कार किया जाता है, जिसका खामियाजा कभी न कभी भुगतना ही पड़ता है। उत्तराखंड को लेकर काफी अर्से से चेतावनी दी जाती रही है कि यहां का मिज़ाज समझ कर ही फैसले लिए जाने चाहिए। किंतु इन चेतावनियों को लगातार नजरंदाज कर धर्म के नाम पर पर्यटन को बढ़ाना और विकास के नाम पर पहाड़ों का दोहन जारी है। विकास और रोजगार के नाम पर तेजी से पहाड़ों को काटा जा रहा है, कहीं सुरंग, कहीं पुल, कहीं सड़कें बन रही हैं। लाखों पेड़ काटकर, जंगल उजाड़ कर कारखाने लगाए जा रहे हैं, बड़े बांध बन रहे हैं। इन सबका दुष्परिणाम बार-बार सामने आ रहा है। हर बार तबाही के बाद सरकार के रटे-रटाए वाक्य सामने आते हैं कि मुश्किल की इस घड़ी में हम लोगों के साथ हैं। यथासंभव राहत और बचाव कार्य चलाया जा रहा है। मृतकों के लिए हमारी संवेदनाएं हैं। मगर अब जनता को पूछना चाहिए कि क्या वाकई आपकी संवेदनाएं हमारे साथ हैं, अगर हैं तो फिर बार-बार ऐसे हादसे क्यों हो रहे हैं।

मंदिरों में भीड़ बढ़ाने के लिए कहीं ऑल वेदर रोड बन रही है, कहीं हेलीकॉप्टरों से श्रद्धालुओं का आवागमन हो रहा है। क्या दो मिनट वाले भोजन की तरह भक्ति का फल भी दो मिनट में चाहिए। पहले तीर्थाटन कठिन होते थे, क्योंकि व्यक्ति कष्ट सहकर अपने आराध्य के दर्शन करने पहुंचता था। दु:साध्य यात्रा कर व्यक्ति परमात्मा से पहले स्वपरिचय प्राप्त करता था। जीवन के उन पहलुओं पर विचार के अवसर तीर्थ यात्री को दुर्गम रास्तों पर मिलते थे, जो सांसारिक जीवन में मगन रहते हुए नहीं मिलते हैं। मगर अब व्यस्त जीवन से कुछ पल भक्ति के लिए निकालने हैं तो उसमें भी सारी सुविधाएं चाहिए। भक्त ज्यादा आएंगे तो मंदिरों में चढ़ावा ज्यादा आएगा, आसपास के व्यापार, कारोबार को बढ़ावा मिलेगा, हो सकता है कुछ लोगों के लिए कमाई के अवसर बढ़ें। लेकिन दो पल में ही कैसे ये सब तबाह हो सकता है, ये उत्तराखंड में फिर नजर आ गया है। विडंबना यही है कि प्रकृति के संदेश को समझ कर भी अनदेखा किया जा रहा है।

# संविधान बनाम सत्ताविधान

## दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

चुनाव आयोग बताएगा कि आप भारत के नागरिक हैं या नहीं और सुप्रीम कोर्ट बताएगा कि आप सच्चे भारतीय हैं या नहीं, इस समय का सत्ताविधान यही संदेश दे रहा है। 2024 के चुनाव में जब विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन ने देश को आगाह किया था कि लोकतंत्र और संविधान दोनों को भाजपा खत्म करना चाहती है, तब उस चेतावनी को न ठीक से सुना गया, न समझा गया। लोकतंत्र और संविधान से ज्यादा महत्व मंदिर वहीं बना दिया गया है की बात को दिया गया। एक धक्का और के नारे लगा-लगाकर जिस बाबरी मस्जिद को तोड़ा गया था, उसी जमीन पर भव्य राम मंदिर बनते देख बहुत से लोगों के कलेजे पर ठंडक पड़ी। लेकिन उन्होंने यह नहीं सोचा कि जब अदालत ने कहा है कि मस्जिद तोड़ना अपराध था, तो फिर उसके अपराधी कहां हैं, उन्हें सजा क्यों नहीं हुई? जो अपराध हुआ था, उस जगह पर मंदिर बनाना क्या इंसाफ कहलाएगा? अगर आज यह अन्याय होने दिया जा रहा है, तो फिर क्या आगे इस अन्याय के रूप और तरीके नहीं बदलेंगे, क्या इसकी चपेट में बाकी लोग नहीं आएंगे? इन सारे सवालों पर जनता गौर कर सकती थी, लेकिन उसे इसकी मोहलत ही नहीं दी गई। जैसे 2014 के चुनावों से पहले भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई को सबसे अहम मुद्दा बनाकर अन्ना आंदोलन खड़ा किया गया था, उसकी तरह 2024 के चुनाव से पहले राम मंदिर बनाने को सबसे अधिक महत्वपूर्ण मुद्दा बनाया गया। इनमें जनता के रोजमर्रा के जीवन से जुड़े सवाल तो दबे ही, सबके अधिक संविधान पर खतरे का सवाल दब गया। भाजपा को तो फिर से सत्ता मिल गई और नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री की कुर्सी। लेकिन जनता को क्या मिला, अपनी नागरिकता और देशभक्ति साबित करने की चुनौती।

बिहार में चल रही मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण में 65 लाख लोगों के नाम काटे जा चुके हैं, इनमें से जिनकी मृत्यु हो चुकी है, उन्हें छोड़कर बाकी लोग केवल इसलिए वोट देने से वंचित रह जाएंगे, क्योंकि अपनी नागरिकता साबित करने की चुनौती वे पूरी नहीं कर पाए। सवाल सरकार से होने चाहिए थे कि अगर लाखों लोग भारत के नागरिक न होने के बावजूद एक राज्य में रह रहे हैं, तो सरकार अब तक क्या कर रही थी? लेकिन कमाल ये है कि सरकार पर कार्रवाई नहीं हो रही, जनता पर हो रही है। इसी तरह देश के कई वर्गकिलोमीटर पर चीन कब्जा कर चुका है, यह बात कई बार संसद में, मीडिया में और अन्य मंचों से उठाई जा चुकी है। लेकिन यहां भी सरकार की जिम्मेदारी तय करने की जगह सवाल उठाने वाले राहुल गांधी से कहा गया कि आप सच्चे भारतीय होते तो यह सब नहीं कहते।

सोचने वाली बात है कि क्या सुप्रीम कोर्ट से अब देशभक्ति का सर्टिफिकेट भी जारी किया जाने लगा है? क्या अब अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार की परिभाषा बदल चुकी है और क्या कहना सच्चे भारतीय की निशानी है, क्या कहना सच्चे भारतीय की निशानी नहीं है, यह भी अब सुप्रीम कोर्ट में तय होगा? सवाल यह भी है कि क्या किसी राजनेता को केवल संसद में बोलने का अधिकार है, जो संसद तक नहीं पहुंचा है, क्या वह जनता और देश की आवाज़ उठा नहीं सकता?

ये सारे सवाल इसलिए उठे हैं क्योंकि बीते दिनों कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर मानहानि का एक और मुकदमा सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। मुकदमे पर तो अदालत ने रोक तो लगाई, लेकिन उसके साथ जो मौखिक टिप्पणी की, उसे ही फैसला बताते हुए मोदी समर्थकों को भ्रामक सूचना फैलाने का मौका मिला कि राहुल गांधी की हार हुई है। मोतीलाल नेहरू से लेकर राजीव गांधी और सोनिया गांधी तक सबके बलिदानों को धृष्टता के साथ भुलाते हुए भाजपा और उसकी ट्रोल आर्मी ने एक बार फिर राहुल गांधी के सच्चे भारतीय होने पर सवाल उठाए। जी हां, सच्चा भारतीय यही शब्द जस्टिस दीपांकर दत्ता ने सुप्रीम कोर्ट में राहुल गांधी के लिए इस्तेमाल किए।

> बिहार में चल रही मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण में 65 लाख लोगों के नाम काटे जा चुके हैं, इनमें से जिनकी मृत्यु हो चुकी है, उन्हें छोड़कर बाकी लोग केवल इसलिए वोट देने से वंचित रह जाएंगे, क्योंकि अपनी नागरिकता साबित करने की चुनौती वे पूरी नहीं कर पाए। सवाल सरकार से होने चाहिए थे कि अगर लाखों लोग भारत के नागरिक न होने के बावजूद एक राज्य में रह रहे हैं, तो सरकार अब तक क्या कर रही थी?

मामला 2020 में चीन के साथ गलवान घाटी में हुई झड़प के संदर्भ में भारतीय सेना के बारे में की गई उनकी टिप्पणियों से जुड़ा है। हालांकि, राहुल गांधी को अंतरिम राहत दी गई थी, लेकिन सुनवाई के दौरान जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एजी मसीह की खंडपीठ ने श्री गांधी की टिप्पणियों पर असहमति जताते हुए मौखिक टिप्पणी की। अदालत में राहुल गांधी के वकील अभिषेक मनु सिंघवी से जस्टिस दत्ता ने पूछा 'डॉ. सिंघवी बताइए, आपको कैसे पता चला कि 2000 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र पर चीनियों ने कब्ज़ा कर लिया है? क्या आप वहां थे? क्या आपके पास कोई विश्वसनीय सामग्री है? आप बिना किसी सबूत के ये बयान क्यों दे रहे हैं... अगर आप एक सच्चे भारतीय होते तो आप यह सब नहीं कहते।' जस्टिस दत्ता ने इससे पहले यह भी कहा कि 'आपको जो कुछ भी कहना है, संसद में क्यों नहीं कहते? आपको सोशल मीडिया पोस्ट में ऐसा क्यों कहना पड़ता है?'

हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में राहुल गांधी को अंतरिम राहत दी है। तीन सप्ताह की अवधि के लिए अंतरिम रोक लगा दी गई है। लेकिन हमेशा उन्हें गलत साबित करने में लगे रहने वाले लोगों को इस टिप्पणी के बाद राहुल को घेरने का एक और मौका मिल गया है। माननीय अदालत का कहना है कि राहुल गांधी को सोशल मीडिया पोस्ट की जगह संसद में ये बातें उठानी चाहिए थी। जबकि इस देश का नागरिक होने के नाते राहुल गांधी या कोई भी अन्य नागरिक इन सवालों को उठा सकता है और उठाता रहा भी है। खुद भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी चीन के मुद्दे पर लगातार नरेन्द्र मोदी को घेरते रहे हैं, उनका हाल का ही एक ट्वीट है, जिसमें स्वामी ने लिखा है कि- सबसे कमज़ोर? या फिर हम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे ज़्यादा लात खा रहे हैं। अमेरिका और चीन मिलकर स्वयंभू विश्वगुरु को विश्वबुद्ध दिखाने की साजिश रच रहे हैं, और बेशक कश्मीर और पूर्वोत्तर को हड़पना चाहते हैं। चीन पहले ही लद्दाख में घुस चुका है। क्या मोदी सिर्फ़ 'कोई आया नहीं...' का रोना रोते रहेंगे?

ऐसे कई और उदाहरण हैं, अखबारों की कतरनें हैं, जिनमें चीन की घुसपैठ का जिक्र हुआ है। क्या इन सब पर भी सच्चे भारतीय न होने का इल्जाम लगेगा। साल 2019 में अरुणाचल प्रदेश से भाजपा सांसद तापिर गाव ने लोकसभा में कहा था कि अगर कहीं दूसरा डोकलाम होगा तो अरुणाचल प्रदेश में होगा। चीन ने भारतीय सीमा में 50 से 60 किलोमीटर तक कब्जा कर रखा है। चीन अरुणाचल प्रदेश में कब्जा करता है, मीडिया में कोई खबर नहीं आती है। उनके अलावा संसद के भीतर अखिलेश यादव, संजय सिंह जैसे सांसदों ने चीन की घुसपैठ का मुद्दा उठाया है। जब राहुल गांधी लद्दाख गए थे, उस समय वहां के स्थानीय लोगों ने बताया है कि चीन कहां तक घुस आया है और इससे देश पर खतरा बढ़ रहा है।

राहुल गांधी के अलावा भी चीन के अतिक्रमण पर संसद के भीतर और बाहर दोनों जगह खबरें आई हैं, बयान आए हैं, फिर अकेले राहुल गांधी को सच्चे भारतीय होने या न होने का सर्टिफिकेट क्यों बांटा गया है, यह सोचने वाली बात है। इस टिप्पणी के वक्त को देखें तो परतें और खुलती हैं। इस समय भाजपा बिहार में एसआईआर के मुद्दे पर घिरी हुई है, इसके अलावा ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में संसद में मोदी सरकार विपक्ष के सामने पस्त दिखी। प्रधानमंत्री मोदी के दोस्त डोनाल्ड ट्रंप भारत पर न केवल टैरिफ बढ़ाने की धमकी दे रहे हैं, वे भारत का अपमान भी कर रहे हैं। नरेन्द्र मोदी की इस पर चुप्पी उनकी 56 इंची छाती वाली छवि को तोड़ रही है। इस बीच राहुल गांधी ने ऐलान किया है कि वे कर्नाटक जाकर चुनाव आयोग की गड़बड़ी पर पुख्ता सबूत देंगे, इसे उन्होंने एटम बम कहा है। जनता की उत्सुकता बढ़ी हुई है कि आखिर इस बम के फटने पर कहां, किसकी पोल खुलेगी। यानी माहौल इस समय पूरी तरह से इंडिया गठबंधन की तरफ झुका हुआ है और सरकार की नाकामियां बढ़-चढ़कर सामने आ रही हैं। इस बीच राहुल गांधी के हक में फैसला सुनाते हुए भी उन पर की गई एक मौखिक टिप्पणी से समूची भाजपा को फिर से राहुल गांधी की छवि बिगाड़ने का मौका मिल गया। हालांकि इसमें भी भाजपा कामयाब नहीं हो पाई, क्योंकि संसद परिसर में इंडिया गठबंधन के सभी नेताओं ने एक सुर से इस टिप्पणी को गलत बताते हुए राहुल गांधी का साथ दिया है।

राहुल गांधी के जीवन का लंबा हिस्सा इस तरह के संघर्षों में बीता है, तो वे इससे भी पार पा जाएंगे। लेकिन जनता को यह सोचना होगा कि जिस संविधान और लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई इस समय इंडिया गठबंधन लड़ रहा है, वो आखिर किन के लिए हैं। आज नागरिकता और देशभक्ति के लिए सबूत मांगे जा रहे हैं, कल संविधानप्रदत्त बाकी अधिकारों को किसी न किसी बहाने छीना जाएगा। आज अगर इस सत्ताविधान की चालाकी को अनदेखा किया गया, तो फिर बर्बादी में वक्त नहीं लगेगा।

# हर नागरिक को है सरकार से सवाल पूछने का अधिकार

■ डॉ. ज्ञान पाठक

भारत के संविधान के तहत सरकार की आलोचना करने का नागरिक का अधिकार सुरक्षित है। फिर भी, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज महीश की एक बेंच ने 4 अगस्त, 2025 को भारत के विपक्ष के नेता राहुल गांधी की देशभक्ति पर सवाल उठाया। राहुल गांधी ने 2022 में अपने भारत जोड़ो यात्रा अभियान के दौरान टिप्पणी की थी कि भारत ने अपनी 2000 वर्ग किलोमीटर ज़मीन खो दी है जिस पर चीन का कब्ज़ा। बेशक, यह एक संवेदनशील मुद्दा है, लेकिन फिर लोकतंत्र में, सरकार की आलोचना न केवल एक अधिकार है, बल्कि एक सच्चे नागरिक का कर्तव्य भी है।

क्या सुप्रीम कोर्ट ने 'एक सच्चा भारतीय ऐसा नहीं कहेगा' या 'अगर आप एक सच्चे भारतीय होते, तो आप यह सब नहीं कहते' जैसी टिप्पणी करके गलती की है, जैसा कि बताया गया है? क्या उनकी भारतीयता पर सवाल उठाना समस्याजनक नहीं है? त्रुटिपूर्ण है जब अदालत ने राहुल गांधी से पूछा, 'आपको कैसे पता कि चीन ने 2000 वर्ग किलोमीटर कब-कब हासिल किया था? विश्वसनीय सामग्री क्या है?'

इसलिए, हमें यह जानने की ज़रूरत है कि 2000 वर्ग किलोमीटर कहां से आया, जो आधिकारिक तौर पर चीन के कब्जे में 43,180 वर्ग किलोमीटर भारतीय भूमि, जिसे भारत सरकार स्वीकार करती है, के अलावा है, जिसमें चीन को पाकिस्तान द्वारा सौंपी गई 5180 वर्ग किलोमीटर भूमि भी शामिल है। 2000 किलोमीटर की विवादित सीमा कई विश्वसनीय स्रोतों से आई है, जिनमें भारतीय सुरक्षा एजेंसियां, सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी और खोजी रिपोर्ट शामिल हैं, जिन्होंने पुष्टि की है कि जून 2020 में चीन-भारत संघर्ष के बाद से, भारत ने पूर्वी लद्दाख के इस क्षेत्रफल को खो दिया है। यह ज़मीन औपचारिक रूप से नहीं सौंपी गई है, लेकिन भारतीय गश्ती दल को पहुंच से वंचित कर दिया गया है, बफर ज़ोन का विस्तार किया गया है, और ज़मीनी स्तर पर चीनी नियंत्रण मज़बूत हो गया है। लद्दाख पुलिस, स्वतंत्र रिपोर्टों और आंतरिक आकलनों ने 65 में से 26 गश्ती बिंदुओं पर गश्त के अधिकारों के नुकसान को भी स्वीकार किया है, जो अप्रत्यक्ष रूप से गांधी द्वारा कही गई बात की पुष्टि करता है।

> सत्ता में बैठे लोगों से सवाल करना—खासकर बाहरी खतरे के समय—राष्ट्र-विरोधी नहीं, बल्कि अक्सर देशभक्ति का सर्वोच्च रूप होता है। स्पष्ट कर दें: राहुल गांधी एक राजनीतिक व्यक्ति और विपक्ष के नेता हो सकते हैं, लेकिन सरकार से सवाल करने का उनका अधिकार—यहां तक कि राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे संवेदनशील मामलों पर भी—संविधान द्वारा संरक्षित है।

आइए, भारत के संविधान पर एक नजर डालें, जो 'सच्चे भारतीय' शब्द को परिभाषित नहीं करता। हर नागरिक क़ानून के सामने समान है, चाहे उसके राजनीतिक विचार कुछ भी हों या सरकार की आलोचना कुछ भी हो। न्यायपालिका का काम क़ानून की व्याख्या करना और क़ानूनी व्याख्या के आधार पर अपना फ़ैसला सुनाना है, न कि देशभक्ति पर नजर रखना। सुप्रीम कोर्ट की विश्वसनीयता निष्पक्षता पर टिकी है। नैतिक या राजनीतिक निर्णय का संकेत देने वाली टिप्पणियां -जैसे किसी को 'सच्चा' या 'असच्चा' भारतीय कहना- क़ानूनी रूप से अस्पष्ट हैं और उनका कोई संवैधानिक आधार नहीं है।

ध्यान रखना ज़रूरी है कि राहुल गांधी की टिप्पणी, चाहे कोई इससे सहमत हो या न हो, चीनी घुसपैठ से निपटने में सरकार की विफलता की आलोचना करने वाली एक राजनीतिक टिप्पणी थी, न कि भारत के प्रति बेवफ़ाई का बयान। सेना की स्थिति और चीन के हाथों हुई तकलीफ़ों या भारतीय क्षेत्र में चीन की घुसपैठ पर सरकार के कुप्रबंधन की आलोचना करना लोकतांत्रिक विमर्श का एक हिस्सा मात्र है, देशद्रोह या भारत-विरोधी नहीं। ऐसे भाषणों या बयानों को 'अभारतीय' कहना ख़तरनाक बयानबाज़ी है- खासकर देश की सर्वोच्च अदालत से।

तो क्या यह टिप्पणी न्यायिक अतिक्रमण थी? संभवत: हां। बेशक, न्यायाधीश गैर-ज़िम्मेदाराना भाषण की निंदा कर सकते हैं, लेकिन 'आप सच्चे भारतीय नहीं है' कहना क़ानून और विचारधारा के बीच की रेखा को धुंधला कर देता है। 'सच्चे भारतीय' शब्द के अर्थ भिन्न हो सकते हैं यदि इसे देश की लोकतांत्रिक राजनीतिक पृष्ठभूमि में देखा जाए। अब भारत में हर कोई जानता है कि आरएसएस-भाजपा का 'सच्चा भारतीय' किसी भी अन्य राजनीतिक दल के 'सच्चे भारतीय' से गुणात्मक रूप से भिन्न है। लोगों के 'सच्चे भारतीय' के मानक पर भी अलग-अलग विचार हैं। कोई यह समझ नहीं पा रहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने 'सच्चा भारतीय' कहकर क्या अभिप्राय व्यक्त किया। यह अस्पष्ट है। जब हम इस मुद्दे को न्यायिक नैतिकता के दृष्टिकोण से देखते हैं, तो सर्वोच्च न्यायालय की पीठ की ऐसी टिप्पणी न्यायिक निष्पक्षता को संभावित रूप से नुकसान पहुंचा सकती है। इस अर्थ में, ऐसी टिप्पणी न केवल अस्पष्ट और निरर्थक है, बल्कि एक बुरी मिसाल भी है।

क्या इस टिप्पणी को निरर्थक कहना पीठ, सर्वोच्च न्यायालय या न्यायपालिका का अनादर है? बिल्कुल नहीं, क्योंकि यह केवल न्यायालय की एक गलत चुनी गई टिप्पणी की आलोचना है, उससे अधिक कुछ नहीं, क्योंकि न्यायाधीशों से कानून के निष्पक्ष निर्णायक होने की अपेक्षा की जाती है। यह अच्छी बात है कि इस टिप्पणी के बावजूद हमारे माननीय न्यायाधीशों ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि की कार्रवाई पर रोक लगा दी और मामले से जुड़े पक्षों को नोटिस जारी किए।

जब सर्वोच्च न्यायालय देश के वर्तमान विपक्ष के नेता, एक नागरिक की देशभक्ति पर सवाल उठाता है, तो वह वैधता के बजाय अदालत से निकलकर चुनावी अभियान में उतर जाता है -जहां तर्क की जगह बयानबाजी ले लेती है। कानून के बिंदुओं के बजाय एक पीठ द्वारा देशभक्ति पर सवाल उठाने से न्यायिक निष्पक्षता से राजनीतिक बयानबाजी में बदलने का जोखिम पैदा हो गया है, जो न्याय और लोकतांत्रिक संवाद, दोनों को कमजोर कर रहा है।

सर्वोच्च न्यायालय की यह टिप्पणी कई अन्य कारणों से भी बेहद परेशान करने वाली है। इनमें से पहला यह है कि यह तथ्यात्मक रूप से पुलिस... 

इसलिए, राहुल गांधी की टिप्पणियां यूं ही नहीं की गईं। वे इस चल रही वास्तविकता पर आधारित थीं, जो उन चिंतित नागरिकों और सैनिकों की ओर से व्यक्त की गई थीं जो सरकार की चुप्पी और अस्पष्टता को एक गंभीर विफलता मानते हैं। गांधी की चेतावनी एक ऐसे विषय पर पारदर्शिता और राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित करने का एक प्रयास थी, जिस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भारत सरकार की कूटनीतिक चुप्पी छाई हुई है।

सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने पूछा कि राहुल गांधी ने संसद में नहीं, बल्कि सोशल मीडिया पोस्ट में यह सवाल क्यों उठाया? ...आप संसद में सवाल क्यों नहीं पूछ सकते? ऐसे सवाल देश के विपक्ष के नेता पर दबाव डालते हैं, जिसका मनोवैज्ञानिक प्रभाव निवारक होता है। विपक्ष के नेता के अधिकार का सम्मान किया जाना चाहिए, क्योंकि उन्हें सार्वजनिक राजनीतिक अभियान, सोशल मीडिया, संसद या अपनी पसंद के किसी भी अन्य स्थान पर राष्ट्र से जुड़े मुद्दे उठाने का अधिकार है। उन्हें संसद के अंदर और बाहर, दोनों जगह सरकार की आलोचना करने का अधिकार है।

पीठ ने कहा था कि सिर्फ इसलिए कि आपके पास अनुच्छेद 19(1)(ए) है, आप कुछ भी नहीं कह सकते। यह विपक्ष के नेता पर एक और दबाव है। न्यायपालिका का काम संविधान की रक्षा करना और क़ानूनी मामलों पर फैसला सुनाना है, न कि यह तय करना कि कौन 'सच्चा भारतीय' है या नहीं। देशभक्ति की कोई संवैधानिक कसौटी नहीं है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19(1)(ए) अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार की गारंटी देता है। जैसे ही इसकी व्याख्या राष्ट्रवाद के चश्मे से की जाती है, हम क़ानून की जगह एक व्यक्तिपरक नैतिक संहिता को वैध ठहराने का जोखिम उठाते हैं। आरएसएस-भाजपा द्वारा भारत के लोगों पर अपनी व्यक्तिपरक नैतिक संहिता थोपने के निरंतर प्रयास, और जिनकी नैतिक संहिताएं कभी-कभी भारत के संविधान में निहित मूल्यों के बिल्कुल विपरीत होती हैं, की पृष्ठभूमि में न्यायालय की टिप्पणी जोखिम भरी है।

पीठ की इस तरह की टिप्पणियों से अदालत की निष्पक्षता में जनता का विश्वास कम होने का खतरा है। ऐसे समय में जब राजनीतिक सत्ता और संस्थागत स्वतंत्रता के बीच की रेखा पहले से ही तनावपूर्ण है, इस तरह की टिप्पणी इन सीमाओं को और धुंधला कर देती है।

इतिहास हमें सिखाता है कि सत्ता में बैठे लोगों से सवाल करना—खासकर बाहरी खतरे के समय—राष्ट्र-विरोधी नहीं, बल्कि अक्सर देशभक्ति का सर्वोच्च रूप होता है।

स्पष्ट कर दें: राहुल गांधी एक राजनीतिक व्यक्ति और विपक्ष के नेता हो सकते हैं, लेकिन सरकार से सवाल करने का उनका अधिकार—यहां तक कि राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे संवेदनशील मामलों पर भी—संविधान द्वारा संरक्षित है। देशभक्ति वाली टिप्पणी के ज़रिए उस अधिकार को खारिज करना लोकतंत्र और सच्चाई, दोनों के लिए नुकसानदेह है।

असली ख़तरा असहज सवाल पूछने में नहीं, बल्कि उन लोगों को चुप कराने में है जो सवाल पूछने की हिम्मत करते हैं। फिर जब सर्वोच्च न्यायालय दूसरा रास्ता चुनता है, तो राहुल गांधी को यह याद दिलाने की ज़रूरत नहीं है कि 'सच्चा भारतीय' होने का क्या मतलब है। बल्कि, हमें यह पूछना होगा कि क्या न्यायपालिका अपनी संवैधानिक भूमिका निभा रही है—या उस राजनीति की ओर बढ़ रही है जिससे ऊपर उठने की उसने शपथ ली है।



## ललित सुरजन की कलम से

### मोदीजी और उनके मंत्री

*'अभी कुल मिलाकर यह दिखता है कि राजनाथ सिंह, सुषमा स्वराज, मेनका गांधी व अरुण जेटली जैसे वरिष्ठ व अनुभवी मंत्री पार्टी की नीतियों के मुताबिक अपना-अपना काम ठीक से सम्हाल रहे हैं। मैंने उपरोक्त नाम वरिष्ठता क्रम में लिए हैं, महत्व के क्रम में नहीं। इसी तरह वैंकया नायडू व नितिन गडक़री आदि पार्टी वरिष्ठों को जो विभाग सौंपे गए हैं, उनके बारे में भी सामान्यत: धारणा अनुकूल बनी हुई है। इसमें एक और अनुभवी मंत्री रामविलास पासवान का नाम भी जोड़ा जा सकता है जो घटक दल से हैं। ध्यान रखें कि इनमें से किसी के भी विभाग की विस्तृत चर्चा करना यहां मेरा अभीष्ट नहीं है। ये सब भारतीय राजनीति के जाने-पहिचाने चेहरे हैं और कहना होगा कि इन्हें स्वयं को चर्चा में बनाए रखने की कला भी आती है।इनमें से एक मेनका गांधी को छोडक़र बाकी सब की सक्रिय उपस्थिति रंगमंच पर बनी हुई है। इन्हें आप यदा-कदा पार्टी/सरकार के प्रवक्ता के रूप में भी देख सकते हैं। इस प्रकार कोई एक दर्जन मंत्रियों को छोडक़र मोदी सरकार में और कौन-कौन मंत्री हैं, किसके पास क्या विभाग हैं और वे क्या कर रहे हैं, इस बारे में जनता लगभग अनभिज्ञ है। प्रतीत होता है जैसे फिल्मों में एक्स्ट्रा होते हैं, कुछ वैसी ही भूमिका अधिकतर मंत्रियों को निर्माता निर्देशक द्वारा सौंप दी गई है।'*

**(देशबन्धु में 4 जून 2015 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2015/06/blog-post.html

## पावन प्रसंग

### स्वयं को जानने का साधन है मौन

आध्यात्मिक जीवन में मौन की बहुत महिमा गाई गई है; क्योंकि इसके माध्यम से हमें एकाग्र रहने में बहुत सहायता मिलती है और हमारी वाणी की शक्ति का भी संचय होता है तथा उसका अपव्यय नहीं हो पाता। जब भी हमें किसी कार्य को गंभीरता के साथ, एकाग्र मन:स्थिति से करना होता है, तो हम एकांत तलाशते हैं, जहां पर कोई हमारे कार्य में दखल न दे सके और हम शांतचित्त से, मौन रहकर अपना कार्य कर सकें। मौन के माध्यम से ही आध्यात्मिक जीवन की शुरुआत होती है, इसके द्वारा ही हम इस राह पर चल सकते हैं। मौन के द्वारा ही हमें जीवन की गहराइयों का ज्ञान होता है।

जिस तरह नदियों की उछलती लहरों में कभी भी यह नहीं देखा जा सकता कि उनकी तलहटी में क्या-क्या छिपा है, उसी तरह वाचाल व्यक्ति भी अपने मन के अंदर छिपी पड़ी शक्तियों व क्षमताओं से अनभिज्ञ रहता है। जिस तरह शांत नदी के अंदर का जल इतना स्वच्छ व पारदर्शी होता है कि उसके जल में रहने वाली मछलियों, सीप, शंख, कंकड़-पत्थर आदि को आसानी से देखा जा सकता है, उसी प्रकार शांत मन भी व्यक्ति के सामने अपने विशाल छिपे हुए जखीरे को प्रकट करने लगता है।

मौन की महिमा अपरंपार है। मौन इंद्रियसंयम का सर्वोपरि साधन है। महाभारत का लेखन समाप्त होने पर कृष्ण द्वैपायन व्यास ने श्रीगणेश जी से कहा- 'मेरा बोलना अकथ क्रोध को क्षमा से, विरोध को था, किंतु आप मौन में अवस्थित होकर धैर्यपूर्वक लेखन कार्य में निमग्न रहते थे। आपको धन्यवाद: क्योंकि ऐसा वाणी का संयम अप्रतिम है।' इस पर श्रीगणेश ने उत्तर दिया- 'मूल ऊर्जा तो प्राण है। प्राण ही समस्त इंद्रियों को चैतन्य करने वाला चिन्मय पीयूष है।'

अनावश्यक बोलने में जितनी गलतफहमियां और समस्याएं पैदा होती हैं, उतनी मौन से नहीं होतीं। निरर्थक बोलना बहुत थकाने वाली प्रक्रिया है। इससे शरीर में गरमी पैदा होती है। जब लोग इतने पढ़े-लिखे और बुद्धिजीवी नहीं थे, तब कम बोलते थे और ज्यादा प्रामाणिक थे। जो सच्चा भाव होता था, उसे ही कहा करते थे। आज शरीर में उष्णता बढ़ने का एक कारण यह भी है कि निरर्थक बोलना और जरूरत से ज्यादा बोलना।'

आध्यात्मिक जीवन में रुझान रखने वाले लोग अपनी दिनचर्या में मौन को शामिल करते हैं। मौन के समय वे पूरी तरह से शांतचित्त और प्रतिक्रियाओं से रहित रहते हैं। सामान्य जीवन में ऐसे मौन का पालन करना संभव नहीं हो पाता, इसलिए यदि जीवन में मौन का अभ्यास करना है तो इस बात का ध्यान रखें कि जितना आवश्यक है, उतना ही बोलें और बाकी समय मन को यथासंभव शांत रखें। यदि व्यक्ति अपने बोले जाने वाले शब्दों पर ध्यान दे तो उसे इस बात का एहसास होगा कि उसके वार्तालाप में ऐसे बहुत सारे शब्द हैं, जो निरर्थक हैं। इसलिए बोलने से अनुरोध से जीता जा सकता है।

-युग निर्माण योजना

राज्यपाल ने की मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना की समीक्षा, कहा-

# योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय हो



**भोपाल, देशबन्धु।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना के प्रत्येक चरण के क्रियान्वयन में गंभीरता रखें। पात्र हितग्राही को योजना का लाभ दिया जाए। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय हो। विभागीय अधिकारी समय-समय पर हितग्राहियों से संवाद करें। उनके घर जाकर योजना से मिल रहे लाभों की वास्तविक जानकारी लें। हितग्राहियों की कठिनाईयों को गंभीरतापूर्वक सुनकर समाधान करें।

राज्यपाल श्री पटेल पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना की समीक्षा कर रहे थे। राजभवन के जवाहर खण्ड सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल भी मौजूद रहे। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना अति पिछड़ी जनजातियों के कल्याण की महत्वाकांक्षी योजना है। यह बैगा, भारिया और सहारिया जनजातियों के जीवन स्तर को बेहतर करने वाली योजना है। पशुपालन विभाग पात्र और गरीब हितग्राहियों के लिए विशेष संवेदनशील रहे। उनके लिए हमेशा मदद के भाव के साथ काम करें। राज्यपाल श्री पटेल ने बैठक में मुख्यमंत्री दुधारू पशु योजना के विगत तीन वर्षों के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने योजना के क्रियान्वयन से हितग्राहियों के जीवन स्तर में हुए सुधार की जानकारी ली। योजना के प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा के दौरान हितग्राही चयन, पशु प्रदाय, आय, लक्ष्य एवं पूर्ति संबंधी जरूरी निर्देश दिए।

पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने कहा कि योजना की सफलता के लिए सतत मॉनिटरिंग आवश्यक है। विभाग इसके लिए आवश्यक व्यवस्था बनाएं। जनजातीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दीपक खांडेकर ने योजना के तहत् हितग्राही को जरूरी प्रशिक्षण प्रदाय, पशु की देखभाल आदि पर चर्चा की। पशुपालन एवं डेयरी प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव ने योजना की पात्रता, मूल्यांकन, आगामी लक्ष्य, प्रशिक्षण और प्रबंधन आदि बिन्दुओं पर जानकारी दी।

बैठक में राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के सचिव डॉ. सत्येन्द्र सिंह, संचालक डॉ. पी.एस. पटेल, प्रबंध संचालक डॉ. सत्यनिधि शुक्ला, डॉ. संजय गोवानी, महाप्रबंधक असीम निगम सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मध्यप्रदेश शिखर खेल अलंकरण एवं 38वें नेशनल गेम्स के पदक विजेता हुए सम्मानित, मुख्यमंत्री बोले-

# जीवन में उच्चतम मापदंड स्थापित करने वाला ही खिलाड़ी

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि खिलाड़ी वो है, जो जीवन में उच्चतम मापदंड स्थापित करें। अपने पराक्रम और साहस से खेल के साथ जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी सफल हो। भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण भी इस नाते उत्कृष्ट खिलाड़ी थे। उनका जीवन खिलाड़ियों सहित हम सभी के लिए प्रेरक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को रवीन्द्र भवन में मध्यप्रदेश शिखर खेल अलंकरण और 38वें नेशनल गेम्स-2025 के पदक विजेताओं के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे।




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार खेलों के प्रोत्साहन के लिए प्रतिबद्ध है। खिलाड़ियों को सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। मध्यप्रदेश खेल के क्षेत्र में निरंतर उपलब्धियां प्राप्त कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश शिखर खेल अलंकरण एवं 38वें नेशनल गेम्स 2025 के पदक विजेता खिलाड़ियों का सम्मान समारोह में सम्मान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मानित और पुरस्कृत खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके साथ समूह चित्र भी निकलवाया।

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि प्रदेश के युवा खिलाड़ियों ने पूरे देश ही नहीं बल्कि विश्व में प्रदेश का नाम रौशन किया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि प्रदेश के खिलाड़ी अगले नेशनल गेम्स में और अच्छा प्रदर्शन कर मध्यप्रदेश को प्रथम स्थान पर लायेंगे। श्री सारंग ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की खिलाड़ियों के प्रति सजगता है कि उन्होंने हर विधानसभा में एक खेल स्टेडियम बनाने की पहल की है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को समारोह में नेशनल गेम्स में प्रदेश को मिली ट्राफी भेंट की गई। समारोह में ओलंपिक संघ के अध्यक्ष रमेश मेंदोला, सचिव दिग्विजय सिंह, प्रमुख सचिव श्री मनीष सिंह और उप सचिव अजय श्रीवास्तव उपस्थित थे। संचालक खेल एवं युवा कल्याण राकेश गुप्ता ने स्वागत भाषण दिया। संयुक्त संचालक बी.एल. यादव ने आभार माना।

**विक्रम पुरस्कार :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विक्रम पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया। सम्मान स्वरूप प्रत्येक खिलाड़ी को 2-2 लाख रूपये की राशि के चेक दिये गये। शूटिंग खिलाड़ी ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर खरगौन, क्याकिंग-कैनोइंग (स्लॉलम) खिलाड़ी जान्हवी श्रीवास्तव भोपाल, तीरंदाजी खिलाड़ी रागिनी मार्को जबलपुर, कुश्ती खिलाड़ी शिवानी पवार छिंदवाड़ा, बॉक्सिंग खिलाड़ी श्रुति यादव भोपाल, जूडो खिलाड़ी यामिनी मौर्य सागर, खोखो खिलाड़ी सचिन भार्गो देवास, हॉकी खिलाड़ी नीलू डाडिया मंदसौर, सॉफ्टबाल खिलाड़ी प्रवीण कुमार दवे इंदौर, शूटिंग (दिव्यांग श्रेणी) रूबिना फ्रांसिस जबलपुर और पावरलिफ्टिंग खिलाड़ी अपूर्व दुबे इंदौर को विक्रम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**एकलव्य पुरस्कार :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एकलव्य पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों को सम्मानित किया। सम्मान स्वरूप प्रत्येक खिलाड़ी को एक-एक लाख रूपये की राशि के चेक दिये गये। समारोह में शूटिंग खिलाड़ी रितुराज बुंदेला टीकमगढ़, क्याकिंग-कैनोइंग (स्लॉलम) खिलाड़ी भूमि बघेल महेश्वर, स्क्वैश खिलाड़ी कृष्णा मिश्रा इंदौर, फेंसिंग खिलाड़ी पूजा दांगी राजगढ़, रोइंग खिलाड़ी प्रभाकर सिंह राजावत ग्वालियर, सेलिंग खिलाड़ी नेहा ठाकुर देवास, तैराकी खिलाड़ी प्रखर जोशी इंदौर, एथलेटिक्स खिलाड़ी अर्जुन वास्कले खरगौन, कुश्ती खिलाड़ी प्रियांशी प्रजापत उज्जैन, हॉकी खिलाड़ी अंकित पाल ग्वालियर और पावरलिफ्टिंग खिलाड़ी गौरव पचौरी मुरैना को एकलव्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**विश्वामित्र एवं लाइफटाइम एचीवमेंट पुरस्कार :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वामित्र पुरस्कार प्राप्त प्रशिक्षकों को सम्मानित किया। सम्मान स्वरूप प्रत्येक प्रशिक्षक को 2-2 लाख रूपये की राशि के चेक दिये गये। सम्मान समारोह में क्याकिंग-कैनोइंग प्रशिक्षक श्री पीजूष कांती बारोई भोपाल, तीरंदाजी प्रशिक्षक अशोक कुमार यादव जबलपुर और हॉकी प्रशिक्षक श्लोकेन्द्र शर्मा भोपाल को विश्वामित्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिम्नास्टिक के श्रतनलाल वर्मा उज्जैन को लाइफटाइम एचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित कर 2 लाख रूपये का चेक भी प्रदान किया गया।

**38वें नेशनल गेम्स के पदक विजेताओं को दी गई 546 लाख की सम्मान निधि :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मान समारोह में 38वें नेशनल गेम्स 2025 के 34 स्वर्ण पदक विजेता, 25 रजत और 23 कास्य पदक विजेता को भी सम्मानित किया। कुल 18 खेलों के 82 पदक विजेताओं को सम्मान स्वरूप कुल 5 करोड़ 46 लाख की राशि दी गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में खिलाड़ी और खेलप्रेमी मौजूद रहे।

सुप्रीम कोर्ट ने दिए निर्देश

# हेमंत कटारे के खिलाफ दुष्कर्म मामले की दोबारा जांच होगी

बयान से पलट गई थी पीड़िता, उच्च न्यायालय ने रद्द कर दी थी एफआईआर



**भोपाल, देशबन्धु।** सुप्रीम कोर्ट ने विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे के खिलाफ दुष्कर्म मामले की दोबारा जांच होगी। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को जांच का आदेश देते हुए निर्देश दिए हैं कि यदि कटारे जांच में पूरा सहयोग करते हैं तो उनकी गिरफ्तारी नहीं होगी। जानकारी के अनुसार भिंड जिले के अटेर से विधायक हेमंत कटारे ने वर्ष 2018 के जनवरी महीने में 17-18 तारीख की दरमियानी रात भोपाल क्राइम ब्रांच में एक युवती के खिलाफ ब्लैकमेलिंग का प्रकरण दर्ज कराया था। आरोप लगाया था कि माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय की 21 वर्षीय छात्रा दुष्कर्म का झूठा प्रकरण दर्ज कराने के बदले 2 करोड़ की मांग कर रही है। बाद में युवती ने 25 लाख लेकर प्रकरण दर्ज कराने से इंकार कर दिया है। क्राइम ब्रांच ने कटारे की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर युवती को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान युवती ने कांग्रेस विधायक हेमंत कटारे द्वारा अपहरण कर दुष्कर्म किए जाने का आरोप लगाया। इसके बाद 23-24 जनवरी 2018 को भोपाल के महिला थाने में कटारे के खिलाफ अपहरण कर दुष्कर्म करने का प्रकरण दर्ज किया गया था। बाद में उच्च न्यायालय ने एफआईआर को रद्द कर दिया था, जिसके बाद राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट चली गई थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार फॉरेंसिक रिपोर्ट में दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हो पाई थी। इसी फॉरेंसिक रिपोर्ट के आधार पर हेमंत कटारे ने जबलपुर उच्च न्यायालय में एफआईआर को चुनौती थी। उच्च न्यायालय के इस फैसले के खिलाफ मध्य प्रदेश सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। सर्वोच्च न्यायालय में मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस बी वी नागरत्ना और जस्टिस विश्वनाथन की पीठ ने राज्य सरकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए दुष्कर्म की एफआईआर को निरस्त करने के उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगा दी है।

पब्लिक वाणी मीडिया समूह की स्थापना वर्षगांठ पर मुख्यमंत्री ने दी प्रदेश के विकास से जुड़ी जानकारियां

# सिंहस्थ के लिए 30 किलोमीटर लंबाई में निर्मित हो रहे घाट को बनाएंगे ऐतिहासिक

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिंहस्थ : 2028 को ऐतिहासिक आयोजन बनाया जाएगा। उज्जैन में क्षिप्रा पर 30 किलोमीटर लंबाई में निर्मित हो रहे सुविधायुक्त घाट श्रद्धालुओं की सुविधा की दृष्टि अति उपयोगी सिद्ध होंगे, जहां 24 घंटे में लगभग 5 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर सकेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार की शाम कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में पब्लिक वाणी मीडिया समूह की स्थापना वर्षगांठ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव



ने कहा कि धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व के स्थानों का विकास आवश्यक है। आज उज्जैन आध्यात्मिक पर्यटन का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पब्लिक वाणी मीडिया समूह के प्रमुख मृगेंद्र सिंह को दिए साक्षात्कार में कहा कि प्रति 12 वर्ष में उज्जैन में सिहंस्थ के विकास कार्यों की प्रतिक्षा करनी होती थी। अब उज्जैन में स्थाई महत्व के कार्य हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास, बेरोजगारी खत्म करने, नवीन मेडीकल कॉलेजों की स्थापना से नागरिकों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं दिलवाने और डॉ. अम्बेडकर कामधेनु योजना के माध्यम से पशुपालन और दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के प्रयासों की भी जानकारी दी।

## प्रथम पृष्ठ का शेषभाग

**मतदाता सूची संशोधन पर चर्चा....** विपक्षी सांसद वर्तमान सत्र के पहले दिन से ही सदन में तत्काल चर्चा की मांग कर रहे हैं। खड़गे ने उपसभापति से अनुरोध किया कि इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर तुरंत चर्चा की अनुमति दी जाए, क्योंकि यह लोकतंत्र के लिए अहम है और इसका सीधा असर करोड़ों मतदाताओं पर पड़ता है। इधर, विपक्षी इंडिया गठबंधन के कई सांसदों ने संसद परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा के नेतृत्व में विपक्षी सांसदों ने बिहार में मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण (एआईआर) प्रक्रिया में कथित गड़बड़ियों और बड़े पैमाने पर नाम हटाने के खिलाफ विरोध जताया। प्रदर्शन के दौरान प्रियंका गांधी वाड्रा समेत कई सांसदों ने हाथ में बैनर लिया, जिस पर लिखा था द एसआईआर: डिमांड डिस्कशन, नॉट डेलिटेशन यानी हटाओ नहीं, चर्चा करो।

**ड्राइविंग लायसेंस अब घर....** सेवा की तरह व्यवस्था की जा रही है, जिससे आरटीओ कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि यह कानून आम लोगों के खिलाफ नहीं बल्कि सिस्टम को पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में है। बाद में इस विधेयक को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया।

**छोटे मामलों में नहीं....** उन्होंने कहा कि यह विधेयक केवल अफसरों की सलाह से बनाया गया है और इसमें आम जनता, विशेषज्ञों या जमीनी अनुभव को शामिल नहीं किया गया। उन्होंने आशंका जताई कि यह प्रावधान केवल आर्थिक रूप से सक्षम लोगों को फायदा पहुंचाएगा। वहीं भाजपा विधायकों ने विधेयक का समर्थन करते हुए कहा कि यह समय की आवश्यकता है, जिससे लंबे समय से चल रहे अप्रासंगिक कानूनों की समीक्षा संभव हुई है। मंत्री चैतन्य काश्यप ने स्पष्ट किया कि 20 अधिनियमों में संशोधन कर 168 धाराओं की समीक्षा की गई है। यह विधेयक समाज और व्यापार दोनों के लिए उपयोगी साबित होगा। उन्होंने बताया कि इस पहल से मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है।


**CHANGE OF NAME**

I , RESHMA IS MOTHER OF ARMY NO - 4590509M RANK NK NAME VIKRAM SERVING IN 5 MAHAR BORDER'S C/O 56 APO HOME ADDRESS VPO - BAIJALPUR , TEH - BHUNA, DIST - FATEHABAD STATE - HARYANA, PIN - 125111 HAVE CHANGED MY NAME FROM RESHMA TO RESHMA DEVI IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 06/08/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I ,RUBI IS LEGALLY WEDDED SPOUSE OF ARMY NO - 4575445P RANK HAV NAME SONY SERVING IN 4 MAHAR (BORDER'S) C/O 56 APO HOME ADDRESS VILL - MARDAN PURA , PINAHT DEHAT, PO - PINAHAT, DIST - AGRA , STATE - UTTAR PRADESH, PIN - 283123 HAVE CHANGED MY NAME FROM RUBI TO RUBY DEVI IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 06/08/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I , RANJNA PANDEY IS LEGALLY WEDDED SPOUSE OF ARMY NO - 10390983P RANK HAV NAME RAJNEESH KUMAR PANDEY SERVING IN 108 INF BN (TA) MAHAR C/O 56 APO HOME ADDRESS AT VILL - HARDI KHURD , POST - BADI HARDI KALAN , TEH - SIRMOUR, DIST - REWA , STATE - MADHYA PRADESH, PIN - 486441 HAVE CHANGED MY NAME FROM RANJNA PANDEY TO RANJANA PANDEY IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 06/08/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I , BIBIHAJARA SPOUSE OF NAME HUSAIN BADASHA HOME ADDRESS VILL - KOTIKALLA , POST - GULEDAGUDDA, TEH - BADAME , DIST - BAGALKOT, STATE - KARNATAKA, PIN - 587206 BI BI HAVE CHANGED MY NAME FROM BIBIHAJARA TO BI BI HAJARA . VIDE AFFIDAVIT DATED 06/08/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I , BEBEHAJARA MOTHER OF NAME HUSAIN BADASHA HOME ADDRESS VILL - KOTIKALLA , POST - GULEDAGUDDA, TEH - BADAME , DIST - BAGALKOT, STATE - KARNATAKA, PIN - 587206 HAVE CHANGED MY NAME FROM BEBEHAJARA TO BIBIHAJARA MAKANDAR . VIDE AFFIDAVIT DATED 06/08/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I , ARMY NO - 14678635Y RANK HAV NAME PRANAB DAS SERVING IN 636 EME BN (RAPID) (S) C/O 56 APO HOME ADDRESS AT PATULIA SANTI PALLY , KHARDAH (M) , PO - PATULIA , DIST - NORTH 24 , PARGANAS, WEST BENGAL, 700119 HAVE CHANGED MY SON NAME FROM PRANABH DAS TO PARNABHA DAS IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 06/08/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I ,MRS REENA SINGH KUSHWAHA IS LEGALLY WEDDED SPOUSE OF ARMY NO - 10391121H RANK NK NAME HARISHANKAR SINGH KUSHWAHA SERVING IN 108 INF BN (TA) MAHAR C/O 56 APO HOME ADDRESS AT KUSHWAHA , MATSA , MATSA , GHAZIPUR, UTTAR PRADESH,232340 HAVE CHANGED MY NAME FROM MRS REENA SINGH KUSHWAHA TO REENA SINGH IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 06/08/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I , KESUDARAJ MAKANADAR FATHER OF NAME HUSAIN BADASHA HOME ADDRESS VILL - KOTIKALLA , POST - GULEDAGUDDA, TEH - BADAME , DIST - BAGALKOT, STATE - KARNATAKA, PIN - 587206 HAVE CHANGED MY NAME FROM KESUDARAJ MAKANADAR TO KESUDRAJ D MAKANDAR . VIDE AFFIDAVIT DATED 06/08/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I , SUNITA DEVI IS MOTHER OF ARMY NO - 10391251L RANK SEP NAME ROHIT KUMAR UJJAWAL SERVING IN 108 INF BN (TA) MAHAR C/O 56 APO HOME ADDRESS VILL - MAVI KALAN , PO - MAWI KALAN , TEH - BARAUT , DIST - BAGHPAT, STATE - UTTAR PRADESH, PIN - 250606 HAVE CHANGED MY NAME FROM SUNITA DEVI TO SUNITA IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 06/08/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I , SEEMA IS LEGALLY WEDDED SPOUSE OF ARMY NO - 10391251L RANK SEP NAME ROHIT KUMAR UJJAWAL SERVING IN 108 INF BN (TA) MAHAR C/O 56 APO HOME ADDRESS VILL - MAVI KALAN , PO - MAWI KALAN , TEH - BARAUT , DIST - BAGHPAT, STATE - UTTAR PRADESH, PIN - 250606 HAVE CHANGED MY NAME FROM SEEMA TO SIMA IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 06/08/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P


**न्यायालय नायब तहसीलदार रतौना सागर जिला सागर**

क्रमांक/क/90/री.ना.तह./2025

सागर, दिनांक : 04/08/2025

**इश्तहार**

सूचित किया जाता है कि सहायक यंत्री लो. स्वा. यांत्रिकी मैकेनिकल उपखंड सागर द्वारा मौजा मझगुवां अहीर पटवारी हल्का नंबर 54 में स्थित खसरा नंबर 52 रकवा 2.15 हे. में से 0.8094 हे. भूमि सहायक यंत्री कार्यालय एवं भंडारी गृह निर्माण हेतु भूमि आवंटन आवेदन पत्र श्रीमान् कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति अथवा आवेदन पत्र पेशी दिनांक 11.08.2025 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर (स्वयं अथवा मान्य अधिवक्ता) एवं न्यायालय की मुद्रा एवं मुहर से दिनांक 29.07.2025 को जारी किया गया।

वाद् म्याद किसी भी आपत्ति अथवा आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा। इश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा एवं मुहर से दिनांक 29.07.2025 को जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार, रतौना, सागर नगर**

**न्यायालय विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर पन्ना जिला पन्ना म.प्र.**

आदेशिका क्र./1024/ 2025 पन्ना, दिनांक- 03.07.2025

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

नोटिस दाता-राजू चर्मकार (विदुर) उम्र 35 वर्ष, पुत्र श्री हकमी चर्मकार निवासी-ग्राम गौरा पोस्ट बराछ तहसील देवेन्द्रनगर, जिला पन्ना म.प्र.

**एवं**

सोम बाई चौधरी (विधवा) उम्र 37 वर्ष, पति स्व. श्री रामकरन चौधरी निवासी-ग्राम गौरा पोस्ट बराछ, तहसील देवेन्द्र नगर जिला पन्ना म.प्र.

इस नोटिस के द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त नोटिस दाताओं ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 05 के तहत् परस्पर विशेष विवाह करने हेतु सूचना पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त विवाह के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि द्वारा लिखित रूप में इस उद्घोषणा जारी होने के दिनांक से 30 दिन के अंदर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है, समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विधि के सम्यक अनुक्रम में सुनवाई नहीं की जाएगी।

उद्घोषणा के साथ द्वितीय अनुसूची ''आशयित विवाह की सूचना'' संलग्न कर भेजी जा रही है। उद्घोषणा का विधिवत् प्रकाशन कराया जाए एवं बाद तामील इस न्यायालय को भेजी जाए।

उद्घोषणा आज दिनांक 01 जुलाई 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी की गई।

संलग्न-आशयित विवाह की सूचना।

प्रकरण में सुनवाई तिथि-**29.08.2025**

**( नीलाम्बर मिश्र )**

**अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी-पन्ना, जिला पन्ना ( म.प्र. )**

**न्यायालय विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर पन्ना जिला पन्ना म.प्र.**

आदेशिका क्र./1098/ 2025 पन्ना, दिनांक-........2025

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

नोटिस दाता-महेश कुशवाहा उम्र 40 वर्ष पुत्र श्री भगवानदास कुशवाहा निवासी-वार्ड नं. 04 गल्ला मंडी पन्ना, तहसील पन्ना जिला पन्ना म.प्र.

**एवं**

सीमा कुशवाहा उम्र 23 वर्ष पुत्री श्री राम आसरे कुशवाहा निवासी-ग्राम अमदरी पोस्ट अमदरी, तहसील उचेहरा जिला सतना म.प्र.

इस नोटिस के द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त नोटिस दाताओं ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 05 के तहत् परस्पर विशेष विवाह करने हेतु सूचना पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त विवाह के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि द्वारा लिखित रूप में इस उद्घोषणा जारी होने के दिनांक से 30 दिन के अंदर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है, समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विधि के सम्यक अनुक्रम में सुनवाई नहीं की जाएगी।

उद्घोषणा के साथ द्वितीय अनुसूची ''आशयित विवाह की सूचना'' संलग्न कर भेजी जा रही है। उद्घोषणा का विधिवत् प्रकाशन कराया जाए एवं बाद तामील इस न्यायालय को भेजी जाए।

उद्घोषणा आज दिनांक 24 जुलाई 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी की गई।

संलग्न-आशयित विवाह की सूचना।

प्रकरण में सुनवाई तिथि-**25 अगस्त 2025**

**( नीलाम्बर मिश्र )**

**अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी-पन्ना, जिला पन्ना ( म.प्र. )**

**कार्यालय तहसीलदार तहसील खुरई जिला सागर म.प्र.**

**इश्तहार**

रा.प्र.क्रं.176 अ/20-3- बर्ष 2024-25

ग्राम कठेली प.ह.नं...

सर्व साधारण ग्राम कठेली प.ह. नंबर तहसील खुरई को सूचित किया कि कलेक्टर महोदय सागर के राजस्व प्रकरण क्रमांक 0273 अ/20-3 वर्ष 2024-25 आयुष विभाग सागर द्वारा ग्राम कठेली में आयुष विभाग उप स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण हेतु भूमि खसरा नंबर 520 रकबा 0.6500 में से 0.60 हे. भूमि की मांग की गई है तथा उक्त भूमि चिहिन्त की गई है तथा भूमि राज्य शासन के विभाग को हस्तांतरण/ आवंटित की जाना है उक्त आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय सागर से श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय खुरई के माध्यम से जांच प्रतिवेदन देने हेतु प्राप्त हुआ है तथा ग्राम में भूमि आवंटित किया जाना प्रस्तावित किया गया है और सुनवाई का दिनांक **12.08.2025** न्यायालय तहसीलदार खुरई पर 11.00 बजे नियत किया गया है। उक्त खाते में हित रखने वाले भी व्यक्तियों को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वे निश्चित दिनांक को या तो स्वयं या अपने अभिभाषक अथवा प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित हो तथा अपनी आपत्तियां यदि कोई हो तो प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक तक तथा स्थान पर उपस्थित न हो पाने तथा आपत्तियां प्रस्तुत नहीं कर पाने की दशा में प्रस्तुत आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

इश्तहार आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

**जी-16777/25** **तहसीलदार, खुरई जिला सागर**

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग खण्ड खुरई जिला सागर (म.प्र.)**

(Email-Id-khuraieephed@gmail.com)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्यों की निविदायें ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल पर खण्ड खुरई जिला सागर में निम्नलिखित कार्यो हेतु आमंत्रित की जाती है

| स. क्रं. | निविदा क्रमांक/ दिनांक | प्रणाली निविदा क्रमांक | विकास खण्ड | कार्य का विवरण | निविदा की लागत (लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 14/ 24.07.25 | 2025_ PHED_ 439767_1 | Khurai | Revised and Balance work of Survey, Investigation and Necessary Construction works required for execution of Retrofitting PWSS of villages Daraiya, Behrol, Beeram Khedi, Bamhori Khadera, Magardha and Tevra of Block Khurai Distt. Sagar | 139.70 | 139700/- | 15000/- | 06 Months excluding rainy season | नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली |
| 02 | 15/ 24.07.25 | 2025_ PHED_ 439769_1 | Rahatgarh | Revised and Balance work of Survey, Investigation and Necessary Construction works required for execution of Retrofitting PWSS of villages Jerai, Kodni and Khakron of Block Rahatgarh Distt. Sagar | 131.93 | 131930/- | 15000/- | 06 Months excluding rainy season | --तदैव-- |
| 03 | 16/ 24.07.25 | 2025_ PHED_ 439771_1 | Jaisinagar | Revised and Balance work of Survey, Investigation and Necessary Construction works required for execution of Retrofitting PWSS of villages Gehalpur, Kandela and Karaiya of Block Jaisinagar Distt. Sagar | 76.80 | 76800/- | 10000/- | 04 Months excluding rainy season | --तदैव-- |

| | | |
|---|---|---|
| आनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि | : | 05.08.2025 |
| आनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय कर अपलोड करने की अंतिम तिथि | : | 12.08.2025 |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि | : | 14.08.2025 |

निविदा फार्म उपरोक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन क्रेडिट कार्ड या आनलाईन भुगतान के माध्यम से ही क्रय किये जा सकते हैं ।

निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी विभागीय ई-टेंडर पोर्टल पर देखी जा सकती है।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग**
**खण्ड खुरई जिला सागर ( म. प्र. )**

**जी-16788/25**

## सार समाचार

### जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान आईजी और एसपी ने किया पौधरोपण



**बल्देवगढ़, देशबन्धु।** बुधवार को नगर में सागर जॉन आईजी द्वारा जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सागर आईजी डॉक्टर हिमानी खन्ना द्वारा लोगों से जन संवाद किया गया। एसपी मनोहर सिंह मंडलोई ने लोगों से रूबरू हुए और समस्याओं का निराकरण किया गया। इसके बाद साथ में एसडीओपी राहुल कटेरे, नगरपरिषद अध्यक्ष शालिनी मिश्रा और मंडल अध्यक्ष नंदू चौरसिया ने पौधरोपण किया।

आईजी डॉक्टर हिमानी खन्ना ने महिलाओं व किशोरियों के साथ हो रहे अत्याचार को लेकर चर्चा की। महिलाओं की हिंसा को लेकर बात की। जनता द्वारा शराब का मुख्य मुद्दा रहा और शराब बंदी को लेकर पुलिस से सख्त कार्रवाई करने की मांग की। साइबर फ्रॉडसे बचने के लिए जागरूक किया। थाना पुलिस से कहा कि गांव-गांव जाकर गश्त लगाए। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रत्येक गांव में 4 से 5 नगर रक्षा समिति की टीम बनाई जाए।

### शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय खजरी में बच्चों को वितरित की गई साइकिलें




**पलेरा, देशबन्धु।** ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी स्कूलों में पढ़ाई करने वाले छात्रों एवं छात्राओं को साइकिलें वितरित की गई हैं। विकासखंड क्षेत्र के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय खजरी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण क्षेत्र के अध्यनरत छात्र एवं छात्राओं को साइकिलें वितरित की गई हैं। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि अंशुल तिवारी, सचिव लोकेंद्र सिंह ठाकुर, जाहिद अली, बीरु चौरसिया, विद्यालय प्राचार्य चिरंजीवी अहिरवार समेत शिक्षक व छात्र एवं छात्रों के अभिभावक मौजूद रहे। कार्यक्रम में बच्चों को साइकिल प्रदान करने के बाद सरपंच प्रतिनिधि अंशुल तिवारी ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों एवं छात्राओं को सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी नहीं हो, इसके लिए सरकार ने निःशुल्क साइकिल वितरण योजना शुरू की है। जिसके तहत स्कूल से अधिक दूरी तय कर पैदल आने वाले छात्रों-छात्राओं को आवागमन की सुविधा प्राप्त हो सकेगी।

### भागवत कथा, शिवलिंग निर्माण का समापन

**दिगौड़ा, देशबन्धु ।** कस्बा के किला प्रांगण में विराजमान जगतजननी माँ जगदंबे के दरबार में 30 जुलाई अगस्त से 6 अगस्त से संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण व अभिषेक पूजन का धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होने से नगर का माहौल भक्तिमय हो गया। 6 अगस्त को इस धार्मिक अनुष्ठान का समापन किया गया, जिसमें महाप्रसाद कन्याभोज व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस भंडारे में नगर सहित क्षेत्र से बड़ी संख्या में कन्याओं व श्रद्धालुओं ने भाग लिया। दिगौड़ा किले में आयोजित 8 दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम में प्रतिदिन सेकड़ो लोगों ने भाग लिया। भागवत कथा को सुनने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। मां जगदंबे के दरबार में पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण एवं अभिषेक पूजन में करीब 5 लाख 11 हजार पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण नगर व क्षेत्र की महिलाओं द्वारा किया गया।

अंतिम दिन कृष्ण सुदामा मित्रता की कथा सुनाई गई। इसके साथ ही माँ जगदंबे के दरबार में चल रही 7 दिवसीय कथा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। अंत में भागवत भगवान की आरती की गई । इस कथा में भक्तों का अथाह जन समूह निरंतर भाग लेता रहा है और दिगोड़ा को वृन्दावन बना दिया गया।

---

### मामले की जांच में जुटी पुलिस

# युवक के सिर पर धारदार हथियार से वार कर हत्या



**खरगापुर, देशबन्धु।** कुड़ीला पुलिस थाने के अंतर्गत चंद्रपुरा गांव बीती रात एक युवक की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई। मामले की सूचना अगले दिन पुलिस को दी गई। मंगलवार की दोपहर पुलिस मौके पर पहुंची तो घर के अंदर मृत अवस्था में राजकुमार कुशवाहा का शव पड़ा मिला। आसपास काफी खून था। पुलिस का कहना है कि घटना रात्रि की गई है। किसी अज्ञात व्यक्ति ने सिर पर हमला करके हत्या को अंजाम दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सूचना मिलने पर टीकमगढ़ के पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसडीओपी भी मौके पर पहुंचे।

जानकारी के अनुसार राजकुमार कुशवाहा (35) के सिर पर धारदार हथियार से हमला करके हत्या की गई है। पुलिस के अनुसार मृतक घर में अकेला रहता था। उसके परिजन दिल्ली में काम करते हैं। उसकी एक बहन जो साथ में रहती थी, वह यूट्यूबर है। पुलिस के अनुसार राजकुमार कुशवाहा उसे परेशान करता था। वह करीब चार दिन पहले गांव छोड़कर के चली गई थी। पुलिस को दोपहर में सूचना मिली थी, क्योंकि मृतक घर में अकेला रहता था। जब सुबह 12 बजे तक घर के गेट नहीं खुले तो पड़ोसियों द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई की। मौके पर पुलिस अधीक्षक के साथ-साथ पुलिस थाना प्रभारी भी रहे और पंचनामा की कार्रवाई करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए खरगापुर भेजा गया।

**सिर पर हमले से हुई मौत :** जिले के एफएसएल अधिकारी डॉ. प्रदीप यादव भी मौके पर पहुंचे। डॉक्टर प्रदीप यादव ने बताया कि राजकुमार कुशवाहा घर में अकेला रहता था और उसकी हत्या रात्रि में सिर पर धारदार हथियार से हमला करके की गई है। उन्होंने कहा कि एफएसएल टीम ने पूरी जांच कर ली है और शीघ्र रिपोर्ट पुलिस को दे दी जाएगी। सरपंच प्रतिनिधि संजीव पाठक का कहना है कि मृतक घर में अकेला रहता था और लड़ाकू टाइप का था। परिजनों से उसका विवाद होता था। इस कारण घर वाले मजदूरी करने बाहर चले गए थे और यह घर में अकेला रहता था।

---

### अवैध कॉलोनियों पर प्रशासन की सक्रियता से मचा हड़कंप

# 111 कालोनियां पर क्रय-विक्रय व नामांतरण पर लगाई रोक




#### प्लॉट खरीदारों की मुश्किलें बढ़ी

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** तेजी से बढ़ते शहर और गांव में लगातार अवैध कॉलोनियां काटी जा रही हैं। शहरी क्षेत्र के पटवारी हल्का छोड़ कालोनाइजरों की नजरें अब ग्रामीण क्षेत्रों में पड़ी थी। जहां पर अवैध रुप से प्लाटिंग करके कालोनाइजर मोटी कमाई कर रहे थे। लेकिन उनके सपनों पर एसडीएम का आदेश भारी पड़ गया। इसमें शहर से सटे हुए गांवों में 111 अवैध कालोनियां विकसित करने के मामले में प्रकरण दर्ज किया गया। इसके साथ ही इन खसरा नंबरों पर क्रय-विक्रय और नामांतरण से रोक लगा दी। कुल मिलाकर इनकी रजिस्ट्रियां भी नहीं होंगीं।

दरअसल, अवैध रुप से कालोनियों को विकसित करने मामले में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय लगातार ही कार्रवाई कर रहे हैं। इसमें पहले चरण में शहरी पटवारी हल्का क्षेत्र पर कार्रवाई की। अब एसडीएम लोकेंद्र सिंह सरल ने ग्रामीण क्षेत्रों को लेकर आदेश कर दिया। इसमें 111 अवैध कालोनी के प्रकरण भी इसी साल दर्ज हुए, जिसमें हल्का पटवारी की रिपोर्ट पर अवैध कालोनी का प्रकरण दर्ज करते हुए क्रय-विक्रय से रोक लग गई। अब कालोनाइजरों ने इस आदेश के बाद हड़कंप मच गया।

**पहले शहरी क्षेत्र में 63 कालोनियों का आदेश:** शहर में अवैध कालोनियों का विस्तार होने को लेकर राजस्व अधिकारियों को जानकारी थी। इसमें राजस्व अधिकारियों ने ही प्रकरण दर्ज किए, लेकिन तत्कालीन अधिकारियों किए गए आदेशों का पालन ही वह स्वयं नहीं करा पाए थे। लेकिन कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने बीते माह ही 63 कालोनियों की फाइलों को निकलवाया और अवैध घोषित करने के साथ रजिस्ट्री व नामांतरण पर रोक लगा दी थी। इसमें मध्यप्रदेश नगर पालिका (कालोनी विकास) नियम 2021 के नियम 22 (3) के अंतर्गत कलेक्टर द्वारा 63 अनाधिकृत कालोनियों की सूची जारी की गई थी।

#### अब 111 कालोनियों के प्लाट नहीं होंगे बंधक

63 अवैध कालोनियों के बाद अब 111 कालोनियों की सूची जारी हुई है। इसमें एसडीएम लोकेंद्र सिंह सरल ने संबंधितों को इसकी जानकारी भी भेज दी है। इसमें 111 अवैध कालोनियो में अब प्लाट का न क्रय-विक्रय होगा और न ही प्लाट रीसेल होंगे। इसके साथ ही इन अवैध कालोनियों में स्थित प्लाट पर बैंक लोन में प्लाट उप पंजीयक कार्यालय में बंधक नहीं हो सकेंगे।

### जीजा के भाई ने साले की डंडे से की मारपीट

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नादिया में मारपीट का एक मामला सामने आया है। जिसमें जीजा के भाई ने साले के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

---

## रास्ता दलदल में तब्दील, नागरिक पगडंडी के सहारे



**पलेरा, देशबन्धु।** नगर में प्रसिद्ध देवी शीतला माता मंदिर से एक किलोमीटर के लगभग की दूरी पर स्थित प्राचीन भांवरी माता स्थल तक पहुंचाने के लिए सड़क नहीं है। विगत कई वर्षों से आस्था और विश्वास को लेकर नगर के सैकड़ो श्रद्धालुओं का पगडंडी के सहारे आना-जाना बना हुआ हैं। लेकिन बारिश में यही पगडंडी दलदल में बदल जाती है। इससे लोगों को भारी परेशानी हो रही है। आषाढ़ माह में आषाढ़ी पूजन एवं चैत्र नवरात्रि के समय में श्रद्धालुओं एवं महिलाओं को कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है। कई श्रद्धालु अनहोनी के डर के कारण कीचड़ से भरे हुए रास्ते के चलते प्राचीन भांवरी माता स्थल तक नहीं पहुंच पाते है। नगर के वहीद खान, दुर्गा चौरसिया ने बताया कि भांवरी माता स्थल के रास्ते में कई किसानों के खेत भी पड़ते हैं।

सड़क निर्माण न होने के कारण वर्तमान बारिश के समय में किसानो की बैलगाड़ी, ट्रैक्टर यहां तक कि साइकिल से चलना भी दूभर है। अब सवाल उठता है कि नगर विकास को लेकर व्यवस्थाओं में सुधार के दावे करने वाले यहां कीचड़ से भरे हुए रास्ते को लेकर श्रद्धालुओं के हालात से अंजान बने हुए है। पिछले कई वर्षो से नगर के नागरिक नगर परिषद से यहां सड़क निर्माण कराए जाने की मांग कर रहे हैं। नागरिकों के द्वारा कई बार जनप्रतिनिधियों और विभाग को बताया गया। लेकिन इस समस्या का कोई हल नहीं निकला। कीचड़ से सनी पगडंडी पर कई श्रद्धालु गिरते-पड़ते प्राचीन देवी स्थल भांवरी माता तक पहुंच पाते हैं। श्रद्धालुओं का आरोप है कि वर्तमान समय नगर परिषद के द्वारा कई गैरजरूरी कामों पर पैसा खर्च हो रहा है। लेकिन नगर में बीते वर्षों से चली आ रही परंपरा को लेकर जरूरी सड़क निर्माण का कार्य जानबूझकर नहीं कराया जा रहा है। हालात ऐसे ही रहे तो नगर के श्रद्धालु एवं महिलाएं सड़क निर्माण की मांग को लेकर सड़कों पर उतर सकते हैं।

### ट्रैक्टर ट्रॉली पर लगाए ट्रैफिक पुलिस ने रेडियम के स्टीकर



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले भर में ट्रैफिक सुधार एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से एक व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य है,सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा मुहिम के तहत सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में आमजन को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दें, उन्हें सड़क पर सुरक्षित रहने के उपाय बताएं और नियमों के पालन के लिए प्रेरित करें। इसी कड़ी में ट्रैफिक थाना प्रभारी कैलाश पटेल द्वारा एक व्यावहारिक और प्रभावी पहल करते हुए, उनकी टीम द्वारा ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर रेडियम स्टीकर लगाए जा रहे हैं। रात के अंधेरे में अक्सर बिना रिफ्लेक्टिव चिन्हों के ट्रॉलियाँ सड़क दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बनती हैं।

---

## पटेरिया नाला पर मोहनगढ़ थाना प्रभारी और दरगांय खुर्द सरपंच ने डलवाई गिट्टी, मिट्टी




टीकमगढ़-मोहनगढ़ रोड पर पटेरिया बांध की सड़क खस्ताहाल

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** टीकमगढ़ से मोहनगढ़ जाने वाला रास्ता का पटेरिया नाला दलदल में तब्दील हो गया था। उस कच्चे रास्ते पर दस फीट लंबी और एक फीट गहरे गड्ढे हो गए थे। यात्री वाहन यात्रियों को उतार कर नाला को पार करता था। इस समस्या से परेशान होकर यात्रियों के साथ वाहन चालकों ने संबंधित विभाग से शिकायत की थी, लेकिन जिम्मेदारों द्वारा ध्यान नहीं दिया गया।

दैनिक देशबन्धु सागर संस्करण ने 3 अगस्त को प्रकाशित की थी। खबर प्रकाशित होने के बाद पुलिस और दरगांय खुर्द सरपंच ने निजी खर्च से सडक़ पर बने गड्ढों में गिट्टी डलवाई है। अब पटेरिया नाला की सडक़ गड्ढा मुक्त हो गई है। दैनिक देशबन्धु सागर संस्करण की खबर के बाद प्रशासन ने तो गड्ढों को भरने का कदम नहीं उठाया, लेकिन आमजन गड्ढों को भरने के लिए आगे आ गया।

मोहनगढ़ तहसीलदार रमेशचंद परमार, टीआई कमल सिंह ठाकुर, दरगाय खुर्द सरपंच विमला संतोष केवट ने ट्रैक्टर और जेसीबी से गिट्टी और मिट्टी भरकर गड्ढों को भरा गया है। उनका कहना था कि इस सडक़ से स्कूली बच्चों के वाहन भी निकलते है। कभी भी दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ सकता है। इस समस्या के समाधान के लिए निजी खर्च से गड्ढों को भरा गया है।

**यात्रियों का जोखिम भरा सफर, कभी भी हो सकती थी दुर्घटनाएं :** मोहनगढ़ रोड का पटेरिया नाला बारह सालों से खस्ताहाल पड़ा था। जबकि इस सडक़ निर्माण के लिए कलेक्टर से लेकर विधायक, सांसद और मंत्रियों द्वारा आश्वासन दिया गया था, लेकिन सडक़ सुधार नहीं हो पा रहा था। इस सडक़ से यात्रियों को जोखिम भरा सफर करना पड़ रहा है। इस प्रकार की दुर्घटनाओं से बचने के लिए तहसीलदार, टीआई, सरपंच ने निजी खर्च से गिट्टी और मिट्टी को डलवाया गया है।

**बांध में डूब गई मुख्य सडक़ :** मोहनगढ़ रोड बांध के भराव से डूब गया और पुल बनाने का कार्य बारह साल पहले शुरू हो गया था। टीकमगढ़ से मोहनगढ़ जाने के लिए अस्थाई रोड पटेरिरया नाला के नाम से निर्माण किया गया था। जिसकी लंबाई एक किमी से अधिक है।

इसी सडक़ से यात्री बसें और अन्य वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। सुरक्षा के इंतजाम नहीं होने से कई बार तो रात्रि में वाहन पलट गए और कई बांध के पानी गिर गए। जिसमें काफी नुकसान उठाना पड़ा।

---

### जंगल में लकड़ियां लेने गया था बुजुर्ग, पुलिस जांच में जुटी

## हाइया नाला के पास पानी में उतराता मिला बुजुर्ग का शव



**दिगौड़ा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बिजरावन के हाइया नाले के पास पानी में एक बुजुर्ग का उतराता हुआ शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि आज सुबह बुजुर्ग जंगल में लकड़ियों को लेने के लिए गया था। आज शाम करीब 6 बजे बुजुर्ग का पानी में शव मिलने से लोगों ने देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को निकाल कर जांच शुरू कर दी है।

स्थानीय लोगों से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिगौड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बिजरावन के हाइया नाले के पास आज शाम करीब 6 बजे बुजुर्ग का शव पानी में उतराता हुआ मिला। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर लोगों की मदद से बुजुर्ग के शव को पानी से बाहर निकाला और पंचनामा कार्यवाही कर जांच शुरू कर दी। मृतक के परिजनों के अनुसार मृतक बुजुर्ग कसिया आदिवासी पिता सांवलिया आदिवासी उम्र 75 साल निवासी रौतयाना मुहल्ला बिजरावन आज सुबह खाना खाकर जंगल में लकड़ियां लेने के लिए गए थे। आज उनका शव हाइया नाले के पास उतराता हुआ मिला है और नाले के पास में ही लकड़ियों का गठ्ठा भी रखा हुआ है। अंदाजा लगाया जा रहा है कि बुजुर्ग नाले में हाथ पैर धोने या पानी पीने के लिए गए होंगे। इस दौरान उनका पैर फिसलने अथवा किसी जहरीले जीव के काटने से वह पानी में डूब गए होंगे, जिससे उनकी मौत हो गई। इस घटना के कारण की आधिकारिक पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मिल सकती है।

### शराब के नशे में पत्नी से किया विवाद, जमकर मचाया उत्पात

**दिगौड़ा, देशबन्धु ।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पूनोल में शराबी व्यक्ति ने अपनी पत्नी के साथ विवाद किया और जमकर उत्पाद मचाया। पुलिस के समझाने पर भी जब व्यक्ति नहीं माना तो पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाने के लिए आरोपी को गिरफ्तार किया और वैधानिक कार्यवाही करते हुए तहसील कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जतारा जेल भेज दिया गया।दिगौड़ा पुलिस ने बताया है कि थाना क्षेत्र के ग्राम पूनोल हार में पीड़ित महिला घर पर थी। तभी उनका पति रमलू केवट 38 साल शराब पीकर आया और पीड़िता के साथ विवाद व मारपीट करने लगा। इसके बाद व्यक्ति ने मुहल्ले में शराब के नशे में जमकर हंगामा किया। पुलिस ने रमलू को समझाया, लेकिन जब वह नहीं माना तो पुलिस ने उसको गिरफ्तार कर लिया और आरोपी पर वैधानिक कार्यवाही करते हुए तहसील कोर्ट दिगौड़ा में पेश किया गया।

---

### *ऑपरेशन साइबर अभियान तहत बड़ी सफलता*

# *156 गुम मोबाइल कीमती 30 लाख के बरामद कर मोबाइल मालिकों को किए सुपुर्द*



***टीकमगढ़, देशबन्धु।*** *पुलिस महानिरीक्षक सागर ज़ोन डॉ. हिमानी खन्ना एवं पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा 6 अगस्त को पुलिस कंट्रोल रूम टीकमगढ़ में ऑपरेशन साइबर के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर ज़िले की साइबर सेल एवं साइबर हेल्प डेस्क के माध्यम से तकनीकी विश्लेषण व सतत प्रयासों द्वारा बरामद किए गए कुल 156 गुमशुदा मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों को विधिवत रूप से सुपुर्द किए गए। इन मोबाइल उपकरणों का अनुमानित मूल्य 26 छब्बीस लाख रुपए है। गुम मोबाइल प्राप्त कर आवेदकों के चेहरों पर हर्ष एवं संतोष की भावना स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। उपस्थित नागरिकों ने टीकमगढ़ पुलिस की इस सराहनीय कार्रवाई के लिए आईजी डॉ. हिमानी खन्ना एवं पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई का आभार व्यक्त करते हुए संपूर्ण टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा की।*

*इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक डॉ. हिमानी खन्ना ने पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में कार्य कर रही टीकमगढ़ पुलिस की इस उपलब्धि की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की पारदर्शी एवं जनहितकारी कार्रवाई न केवल आमजन में विश्वास की भावना को प्रबल करती है, बल्कि पुलिस की सकारात्मक छवि को भी एक सुदृढ़ आधार प्रदान करती है। उन्होंने उपस्थित नागरिकों से साइबर अपराधों के प्रति सचेत एवं सतर्क रहने की अपील की तथा साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बनाए रखने के लिए आवश्यक सुझाव भी प्रदान किए।*

*पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने जानकारी दी कि वर्ष 2025 में ऑपरेशन साइबर के अंतर्गत टीकमगढ़ पुलिस द्वारा अब तक कुल 364 गुमशुदा मोबाइल फोन 208 पूर्व में एवं 156 वर्तमान में उनके स्वामियों को सौंपे जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधों से त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के लिए ज़िले के सभी थानों में साइबर हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है, जिनमें दक्ष एवं प्रशिक्षित पुलिस अधिकारियों की तैनाती की गई है। ये अधिकारी गुम मोबाइल, ऑनलाइन धोखाधड़ी, बैंक फ्रॉड आदि जैसे साइबर अपराधों से संबंधित शिकायतों का सीईआईआर पोर्टल एवं अन्य सरकारी ऑनलाइन माध्यमों से समाधान सुनिश्चित कर रहे हैं।*

*पुलिस अधीक्षक ने यह भी अवगत कराया कि वर्तमान में सौंपे गए 156 मोबाइलों की बरामदगी में जिला साइबर सेल के पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका रही है। गुमशुदा मोबाइलों को टेलीकॉम कंपनियों से एवं सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से ट्रेस कर विभिन्न जिलों व स्थानों से बरामद किया गया, जिसकी प्रक्रिया भविष्य में भी लगातार जारी रहेगी।*

*इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक डॉ. हिमानी खन्ना द्वारा इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर साइबर सेल एवं साइबर हेल्प डेस्क में कार्यरत समस्त पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत किए जाने की घोषणा भी की गई। यदि किसी नागरिक का मोबाइल फोन गुम हो जाए, तो वह सर्वप्रथम अपनी सिम को बंद कराएं एवं नजदीकी थाना स्थित साइबर हेल्प डेस्क पर संपर्क करें। साथ ही सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत पंजीकृत कर गुम मोबाइल की ट्रैकिंग प्रक्रिया में सहयोग करें।*

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां: कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने तहसील मैदान का लिया जायजा



**दमोह देशबन्धु।** जिले में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस मनाये जाने के उद्देश्य से कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के साथ स्थानीय तहसील मैदान का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर मीना मसराम, एसडीएम आरएल बागरी, सीएसपी एचआर पांडे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, सम्माननीय मीडियाजन मौजूद थे।

इस अवसर पर कलेक्टर कोचर ने कहा 15 अगस्त के अवसर पर इस बार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का लाइव प्रसारण किया जाएगा और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि का उद्बोधन अलग से होगा। इसकी पूरी व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा की जा रही हैं। इस बार अंगदान और देहदान करने वाले जो लोग हैं, उनके परिजनों को सम्मानित किया जाना, मिठाई वितरण में सांची का पेड़ा वितरित किया जाना तथा हर साल की तरह जो व्यवस्थाएं होती हैं, उसी तरह से सारी व्यवस्थायें की जा रहीं हैं। उन्होंने कहा बारिश को ध्यान में रखते हुए वाटरप्रूफटेंट की व्यवस्था की जा रही है, टेंट दोनों तरफलगाया जा रहा हैं ताकि किसी को भी किसी प्रकार की असुविधा ना हो। वाहनों के संबंध में यह निर्णय लिया गया है कि मुख्य अतिथि के अलावा किसी का वाहन अंदर नहीं आने दिया जाएगा। सभी वाहनों की पार्किंग बाहर होगी ताकि अंदर एक व्यवस्था पूरी बनी रहे। उन्होंने कहा यहां पर एक छोटी सी प्रदर्शनी भी लगेगी जिसमें 10-15 स्टॉल होंगे, अलग-अलग विभाग अपनी प्रदर्शनियां यहां पर लगाएंगे, यहां पर तिरंगा बिक्री के लिए रखा जाएगा, तिरंगा राखी बिक्री के लिए रहेगी। परिसर में बने मंच को थोड़ा बड़ा किया जा रहा हैं और लोकतंत्र सेनानी और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिजन इन सभी को बहुत सम्मानपूर्वक यहां पर आमंत्रित किया जाएगा।

कलेक्टर कोचर ने राष्ट्रीय पर्व पर अधिक से अधिक संख्या में तहसील मैदान पर उपस्थित होने आमजन से आग्रह किया है। उन्होंने कहा सांस्कृतिक कार्यक्रम, परेड भी होगी, क्या तैयारियों करनी है इस दिशा में सभी अधिकारीगण-कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर कोचर ने कहा पूरा विश्वास है कि हम बहुत बेहतर तरीके से कार्यक्रम कर पाएंगे। इस बार नगर पालिका को ताकीद किया है कि किसी भी तरह की कोई भी स्थिति नहीं बननी चाहिए। प्रॉपर वायरिंग और सारी विद्युत लाइन वगैरह बहुत अच्छे से चेक किये जायें। बिजली विभाग को भी इसके लिए पाबंद किया है।

पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने कहा पिछली बार जो कुछ कमियां प्रोग्राम में रह गई थीं, इस बार प्रयास यह रहेगा कि उनको और बेहतर कर पाएं। सजगता रखने के संबंध में भी निर्देश दिए गए हैं, कहीं पर कोई कमी न रहे, सारी चीजें पूरी तरह से चाक-चौबंद हों। ट्रैफिक में तहसील ग्राउंड के पास किसी प्रकार का जाम न लगे उसके लिए डाइवर्सन के प्लान और पार्किंग के लिए क्या बेहतर किया जा सकता है उस पर चर्चा हुई है। उन्होंने कहा आमजन परेड देखने के लिए आते हैं और जो प्रोग्राम्स होते हैं उनको और क्या सहूलियतें और सुविधाएं दी जा सकती हैं, उस पर चर्चा की गई है।

पुलिस अधीक्षक सोमवंशी ने कहा पिछली बार के प्रोग्राम से इस बार और बेहतर कर पाएंगे और सुविधाएं दे पाएंगे। परेड में इस बार छात्रों के एनएसएस का एक नया प्लाटून जोड़ा जा रहा है, उसके अलावा पुलिस का प्लाटून रहता है, वह वैसा ही रहने वाला है। उसके बाद की परफॉर्मेंस होती है, उसमें प्रयास कर रहे हैं कि पुलिस का कोई प्रोग्राम जोड़ सकें। अभी वह योजना बनाने के चरण में है, अगर वह फलीभूत होता है, तो जरूर वह अच्छा कार्यक्रम उसमें दिखाई देगा। आमतौर पर बहुत सारे लोग हर बार मेहनत करते हैं पर ऐसे लोग जिनका नाम पहली बार आ रहा है, प्रयास रहता है कि उनको जरूर मिले पर जो लोग अच्छा काम कर रहे हैं, जिनके द्वारा कोई ना कोई ऐसा उत्कृष्ट काम किया गया है, तो उनको जरूर इनाम दिया जायेगा।

# खाद की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन



**दमोह देशबन्धु।** जिले में लगातार बढ़ती खाद की समस्या को लेकर किसानों में आक्रोश बढ़ता ही जा रहा हैं। कुछ दिन पहले तेंदूखेड़ा एवं दमोह में भी किसानों ने चक्का जाम किया था लेकिन उसके बावजूद भी किसानों को खाद नहीं मिला। जिला मुख्यालय के बाहर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष दृगपाल सिंह लोधी ने एक अनोखा प्रदर्शन किया, जिसमें किसानों के पेट पर लात मारते हुए दिखाया गया हैं। दृगपाल सिंह लोधी का कहना हैं हर वर्ष की इस वर्ष में दमोह के भाजपा जनप्रतिनिधि किसानों को समय पर खाद न दिलाकर किसानों के पेट पर लात मार रहे हैं। इसी बात को उन्होंने प्रदर्शन में व्यंगात्मक ढंग से दिखाया। युवाओं के हाथ में मै किसान हूँ मेरे पेट पर लात मत मारो के पर्चे दिखे, साथ ही दमोह के सभी जनप्रतिनिधि के चित्र लिए भी युवा दिखे। प्रदर्शन के अंत में सभी युवा किसानों ने ैक्ड साब को ज्ञापन देकर प्रदर्शन समाप्त किया। इस प्रदर्शन में दृगपाल सिंह लोधी सिंह, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मनु मिश्रा, पार्षद शैलेन्द्र सिंह, विक्की लोधी, वीर सिंह, महाराज सिंह लोधी, प्रवेंद्र अहिरवार, खिल्लू ठाकुर, पूरन सिंह, शहबाज खान, सुरेन्द्र लोधी, भीष्म नारायण पटेल, बसंत राय, राजकुमार सिंह, विक्रम सिंह, अरविन्द सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## ग्राम पंचायत गढ़ी पड़रिया में नहीं बनी सड़क, स्कूली बच्चे और ग्रामवासी हो रहे परेशान



**पन्ना, देशबन्धु।** गुनौर विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत गाड़ी पड़रिया के तालाब मोहल्ला से बजरा मोहल्ला तक 50 वर्ष में सड़क ही नहीं बन पाई जिससे मोहल्ला के लोग भारी परेशान स्कूल जाने वाले छात्र कीचड़ से निकलते हैं तथा मुहल्ले जाने वाले वाहनों को ले जाने में भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है स्थानीय लोगों ने सड़क बनाए जाने की मांग की।

## विश्व हिंदू परिषद की बैठक में बब्लू राय बने जिला उपाध्यक्ष



**दमोह/हटा देशबन्धु।** विश्व हिन्दू परिषद ने संगठन विस्तार करते हुए दमोह जिला से कुछ नवीन दायित्व की घोषणा हुई जिनमें-, विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष बबलू राय को बनाया गया ,बता दें इनके द्वारा बिहारी जी सेवा समिति भी चलाई जाती है।

## आबकारी विभाग ने एक दिन में आधा दर्जन स्थानों पर की कार्रवाई

# भारी मात्रा में अवैध शराब की जप्त, आरोपी गिरफ्तार



**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी मुकेश कुमार मौर्य के मार्गदर्शन में जिले में अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाए जाने हेतु सहायक जिला आबकारी अधिकारी शंभू दयाल सिंह जाटव के नेतृत्व में संयुक्त दल का गठन किया गया । आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त पन्ना मुकेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि आज सुबह के समय विश्वस्त मुखबिरों की सूचना पर अचानक गठित दल के द्वारा देवेंद्रनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 5 सिसोदिया मोहल्ला (कंजराना) में शिवशंकर सिसोदिया पिता रामलाल सिसोदिया, उम्र 55 वर्ष के कब्जे से 20 लीटर हाथभट्टी महुए से निर्मित कच्ची शराब कीमती 3000 रुपए लगभग जप्त किया । राहुल कंजर पिता राजू कंजर, उम्र 24 वर्ष के कब्जे से 18 लीटर हाथभट्टी महुए से निर्मित कच्ची शराब कीमती 2700 रुपए लगभग जप्त किया गया।

पूजा सिसोदिया पति हिरेंद्र सिसोदिया, उम्र 25 वर्ष के कब्जे से 17राहुल कंजर पिता राजू कंजर, उम्र 24 वर्ष के कब्जे से 18 लीटर हाथभट्टी महुए से निर्मित कच्ची शराब कीमती 2700 रुपए लगभग जप्त किया गया ।राजाराम सिसोदिया पिता फूला सिसोदिया, उम्र 46 वर्ष के कब्जे से 22 लीटर हाथभट्टी महुए से निर्मित कच्ची शराब कीमती 3300 रुपए लगभग जप्त किया गया । श्रीमती संजो सिसोदिया पति नंदू सिसोदिया, उम्र 37 वर्ष, राहुल कंजर पिता राजू कंजर, उम्र 24 वर्ष के कब्जे से 23 लीटर हाथभट्टी महुए से निर्मित कच्ची शराब कीमती 3450 रुपए लगभग जप्त किया गया। इसी तरह ग्राम राजापुर में श्रीमती निमिया आदिवासी पति श्री आदिवासी, उम्र 44 वर्ष के कब्जे से 8 लीटर हाथभट्टी महुए से निर्मित शराब की 1200 रुपए लगभग जप्त की गई। ग्राम मढियादाई (बड़वारा) में श्रीमती शीला आदिवासी पति प्रकाश आदिवासी, उम्र 35 वर्ष के कब्जे से 13 लीटर हाथभट्टी महुए से निर्मित शराब कीमती 1950 रुपए लगभग जप्त की गई । सभी आरोपियों के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 का अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है । इस कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी शंभू दयाल सिंह जाटव, आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश कुमार पाण्डेय, आबकारी उपनिरीक्षक हरीश कुमार पाण्डेय, आबकारी आरक्षक देवधर शर्मा, स्मिता ठाकुर, रविप्रकाश मिश्रा, सोनू कोरकू, कुलदीप जाटव, नगर सैनिक फोटोलाल प्रजापति, मोतीलाल प्रजापति और जहान सिंह यादव और सुरेंद्र सिंह बुंदेला शामिल रहे ।

# स्थाई कर्मी कल्याण संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी



**दमोह देशबन्धु।** जिले के जनजाति कार्य विभाग में कार्यरत स्थाई कर्मी और अंशकालीन कर्मचारियों ने मध्य प्रदेश स्थाई कर्मी कल्याण संघ के माध्यम से जिला संयोजक को ज्ञापन सौंपा है। इसमें उन्होंने रक्षा बंधन से पहले वेतन भुगतान सहित कई महत्वपूर्ण समस्याओं के समाधान की मांग की है। कर्मचारियों की प्रमुख मांगें वेतन भुगतान: स्थाई कर्मियों और अंशकालीन कर्मचारियों को रक्षा बंधन से पहले वेतन भुगतान किया जाए। डी.ए. एरियर भुगतान: स्थाई कर्मियों को शासन के आदेश अनुसार डी.ए. वृद्धि पर एरियर राशि का भुगतान 15.03.2024 से आज तक नहीं हुआ है। वर्दी और कोट स्थाई कर्मियों को विगत 10 वर्षों से वर्दी और कोट नहीं मिले हैं। अंशकालीन कर्मचारियों का वेतन: अंशकालीन कर्मचारियों को कलेक्टर दर पर वेतन भुगतान की स्वीकृति दी जाए आदि मांग का ज्ञापन सौंपा गया।

## सपा नेता योगेन्द्र कुशवाहा का हुआ भव्य स्वागत



**दमोह देशबन्धु।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश के सासद व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर युवजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष फ्हद खान ने योगेन्द्र कुशवाहा को युवजन सभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया। योगेन्द्र कुशवाहा युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने के बाद मंगलवार को बांदकपुर पहुंचे जहा पर उनका जोरदार स्वागत हुआ और परिवार सहित जागेश्वर नाथ के दर्शन किये बाद में दमोह आगमन हुआ जहा पर रास्ते में कई जगहो पर स्वागत हुआ। दमोह में साहब पर माल्यार्पण किया गया घंटाघर गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया वही पर कुशवाहा सामाज के जिला अध्यक्ष ईशखर दास साई बाबा सहित समाज के लोगो ने भव्य स्वागत किया। दमोह के प्रमुख मार्गो के साथ कुशवाहा जटाशंकर पहुंचे जहाँ पर कार्यक्रम का समापन किया गया। योगेन्द्र कुशवाहा ने अपने सम्बोधन में कहा कि अखिलेश यादव ने हमारी कुशवाहा समाज को बड़ा सम्मान दिया है और दलित, पिछड़े आदीवासियों के हक अधिकार और न्याय की लडाई समाजवादी पार्टी मजबूती के साथ लडे रही है। सम्बोधन में यह भी बताया कि एसडीएम ने हमारी मीटिंग की परमीशन को रिजेक्ट कर दिया कुशवाहा का कहना है कि इसमे भाजपा नेताओं की मिली भगत है। कार्यक्रम को सम्राट अशोक क्रांति सेना के अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा एवं योगेंद्र कुशवाहा जी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# मप्र पुलिस पेंशनर्स संघ की बैठक संपन्न



**दमोह देशबन्धु।** मप्र पुलिस पेंशनर्स संघ जिला इकाई दमोह की मासिक बैठक का आयोजन स्थानीय बड़ी देवी मंदिर प्रांगण में संघ के प्रांतीय अध्यक्ष एमपी एस परिहार के निर्देशानुसार की गई.बैठक में पेंशनर्स को इनकम टैक्स रिटर्न फॉर्म भरने व जिन पेंशनर्स का बैंक में पेंशनर्स खाता नहीं है. उन्हें अपने सामान्य खाते को पेंशनर्स खाते में परिवर्तित करवाने की राय दी गई. संघ मे नए सदस्यों सेवानिवृत्त एमटी रामप्रसाद जोशी, एएसआई हरीशंकर केशरवानी, प्रआ नारायण सिंह जाट ने सदस्यता ग्रहण की नवागंतुक सदस्यों व वरिष्ठ सदस्य आरएन उपाध्याय स्टेनो का पुष्पहारों से स्वागत अभिनन्दन किया गया. इसके पश्चात रवि शंकर मिश्रा प्रांतीय उपाध्यक्ष चंबल ग्वालियर क्षेत्र का निधन होने व हमारे सदस्य मोहन लाल आठ्या की धर्मपत्नी का निधन होने पर उनकी आत्मा की शांति हेतु दो मिनिट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई.बैठक में पेंशनर्स को नए सदस्यों को प्रोत्साहित कर संघ में शामिल करने की राय दी गई. बैठक भोजनोपरान्त विसर्जित की गई. बैठक में प्रमुख रूप से धनसिंह राजपूत,राजकिशोर सेन,महेश मिश्रा, रामकिशोर पांडे, कृपा शंकर तिवारी, पुरुषोत्तम तिवारी व अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

## कलेक्टर की उपस्थिति में हुई आबकारी विभाग की समन्वय बैठक

**दमोह देशबन्धु।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में आबकारी विभाग की समन्वय बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला आबकारी अधिकारी खरे सहित जिले की मदिरा दुकानों के ठेकेदार मौजूद रहे। जिला आबकारी खरे ने कहा बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार समस्त मदिरा दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे इंस्टॉल कराये जायें एवं रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखी जाये, जिनकी निगरानी नियंत्रण कक्ष से की जायेगी। कैमरों का नियंत्रण अनुभाग स्तर एवं नियंत्रण कक्ष से किया जायेगा, ताकि डिजीटल निगरानी तंत्र को सक्रिय रखते हुये अवैध शराब विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा निर्धारित समय सीमा के बाहर शराब विक्रय ना की जाये, अन्यथा कड़ी कार्यवाही की जायेगी। कुछ शराब दुकानों में रात्रि विश्राम करने वाले व्यक्तियों द्वारा अवैध शराब विक्रय में संलिप्तता पाई गई है, अतरू दुकान संचालन समय के पश्चात दुकानें पूर्णतरू बंद रखी जाय। उन्होंने कहा रात्रि में किसी भी प्रकार की गतिविधि पर प्रतिबंध रहेगा। रात्रि में मदिरा दुकान बंद होने के पश्चात कोई भी व्यक्ति दुकान के अंदर नहीं रहेगा, ना ही अंदर सोयेगा। उन्होंने कहा उपरोक्त निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे। निर्देशों का पालन न किये जाने की स्थिति में कठोर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

## टीबी मुक्त भारत अभियान में स्क्रीनिंग शिविर लगाया



**दमोह देशबन्धु।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. अठया ने बताया कि टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत् हिण्डोरिया विकासखण्ड के बिसनाखेडी हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर में स्क्रीनिंग शिविर लगाकर टीबी जोखिम वाले जनसंख्या समूह में टी.बी. मरीजों की पहचान की गई। स्क्रीनिंग शिविर में कुल 68 लोगों की स्क्रीनिंग की गई। जिसमें टी.बी. की आशंका वाले 46 मरीजों का हाथ संचालित एक्स-रे मशीन से छाती का एक्स-रे किया गया। जबकि टी.बी. की आशंका वाले 22 लोगों का स्पूटम् सेम्पल लेकर जॉच के लिए भेजा गया। इस दौरान टी.बी. जिला समन्वयक दीपक राजपूत, एसटीएस चेतन अग्रवाल, पीपीएसए विनोद अहिरवाल, सीएचओ रश्मि मुखरैया के अलावा सहयोगी मानक लाल रैकवार विशेष रूप से मौजूद रहे।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंडल स्तर पर भाजपा फहराएगी तिरंगा



**सिलवानी, देशबन्धु।** हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को नया बस स्टैंड पर स्थित दिगंबर प्लाजा होटल अशोका में बैठक का आयोजन किया। जिसमें संगठन के आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम ने बताया कि अब हमारी जिमेदारी अधिक है, हमें आने वाली पीढ़ी को परिस्थितियों से परिचित कराने का काम करना है। उन्होंने कहा कि अभी हमारी आजादी अधूरी है, क्योंकि इसके बाद भारत के तीन टुकड़े भारत-पाकिस्तान पूर्वी पाकिस्तान के रुप में हो गए थे। उन्होंने बताया कि तिरंगा यात्रा खुद को राष्ट्र के साथ जोड़ने की यात्रा है। इस बार भाजपा ने मंडल स्तर पर कार्यक्रम करने की योजना बनाई है। बैठक को भाजपा नेता विभोर नायक वरिष्ठ भाजपा नेता सलीम काजी ने भी संबोधित किया।

बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू भाजपा नेता विभोर नायक वरिष्ठ भाजपा नेता सलीम काजी जय बाबू जैन पाषर्द प्रदीप कुशवाहा लखन मेहरा हरी सेवक साहू जगदीश साहू बेगांव पुनीत समैया भाजपा मीडिया प्रभारी राधेश्याम साहू सत्यपाल धाकड़ सरपंच किरतपुर भागवत शरण साहू देवेंद्र साहू साईं खेड़ा परसोत्तम सोनी मदन राय गुड्डा चाडर सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय युवा संगम मेला 12 को

**रायसेन, देशबन्धु।** जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार तथा स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर श्री अरूण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशानुसार तथा जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन में दिनांक 12 अगस्त को जनपद पंचायत गैरतगंज में जिला स्तरीय युवा संगम मेले का आयोजन किया गया है। जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा कौशल विकास विभाग के संयुक्त तत्वधान में आयोजित यह युवा संगम मेला 12 अगस्त को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 04 बजे तक आयोजित किया गया है।

# बढ़ता बहनों का विश्वास बढ़ती घर-घर खुशियां



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



## डॉ. मोहन यादव

द्वारा

1.26 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों को रक्षाबंधन का उपहार

**₹1859 करोड़ की राशि का अंतरण**

**आज आयेंगे** हर बहन के खाते में **₹250** रक्षाबंधन शगुन और प्रतिमाह के **₹1250** सहित कुल **₹1500**

28 लाख से अधिक बहनों को गैस सिलेंडर रीफिलिंग के लिये ₹43.90 करोड़ की सहायता

**7 अगस्त 2025 | अपराह्न 2:30 बजे**

मंडी प्रांगण, नरसिंहगढ़, जिला राजगढ़

D-11075/25

सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @JansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

## सार-समाचार

### अच्छा कार्य करने वाले व्यक्ति का नाम अमर हो जाता है: विपिन बिहारी



**सागर, देशबन्धु।** दुनिया में अच्छा कार्य करने वाले व्यक्ति का नाम अमर हो जाता है परोपकार भजन परमार्थ और सत्कर्म करने वाला व्यक्ति का नाम जब तक पृथ्वी पर सूरज चांद रहते हैं तब तक दुनिया में गुंजायमान रहता है। उक्त उद्गार तिलकगंज में श्रावण मास में शिवलिंग रुद्री निर्माण के पश्चात राम कथा में महंत विपिन बिहारी ने व्यक्त किया। उन्होंने उपस्थित जन समुदाय को मतंग ऋषि और भक्तिन शबरी का प्रसंग सुनाते हुये बताया कि ईश्वर की यहां जाति पाति का कोई भेदभाव नहीं है राम को भजे सो राम का होय यह बात महर्षि मतंग ने शबरी के यह कहने पर कि वह भील जाति की है और उससे कई पाप कर्म हुये हैं समझाते हुये बताया कि वह स्वयं भी निम्न जाति वर्ग से ताल्लुक रखते हैं किंतु ईश्वर की उपासना और भक्ति के कारण उन्हें टापू ज्ञान प्राप्त हुआ है इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्त्री पुरुषों ने उपस्थित होकर धर्म लाभ उठाया।

### झूलेलाल चालीहा से भक्तिमय हुआ माहौल



**सागर, देशबन्धु।** भगवान झूलेलाल का चालीहा साहिब महोत्सव सिंधी समुदाय द्वारा मनाया जा रहा है। महिलायें अपने ईष्ट देव भगवान झूलेलाल के गीत गा रही है। सागर जय माता दी झूलेलाल शरण मंडली संस्थापक लालाराम मेठवानी अध्यक्ष सुरेश मोहनानी के नेतृत्व में सिंधी बाहुल्य क्षेत्रों में घर-घर पूजा अर्चना की जा रही है। राजेश मनवानी ने कहा कि हमारे बुजुर्गों ने 40 दिन तक भगवान की कठोर आराधना कर हिंदू धर्म के लिये आशीर्वाद मांगा था। उसी परंपरा को हम आज भी जीवित रखे हुये हैं। 40 दिन तक कठोर व्रत, साधना और तपस्या करते हैं। महोत्सव में शामिल श्रद्धालुओं में आस्था और उल्लास देखने को मिल रही है। घंटे, शंख और झूलेलाल के जयघोष से माहौल भक्तिमय हो गया है। इस अवसर पर लालाराम मेठवानी, सुरेश मोहनानी, दिया राजपूत, भारती मोहनानी, रुपेश मनवानी, विजय निरंकारी, मोनिका मेठवानी, पंकज सोनी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

### हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान के तहत निकली तिरंगा रैली



**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जीआर के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान के तहत जिले भर में तिरंगा रैलियों का आयोजन किया जा रहा है। गांव-गांव और शहर-शहर में निकाली जा रही इन रैलियों में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्रायें, शिक्षक, स्थानीय जनप्रतिनिधि, स्वच्छता कर्मचारी और आम नागरिक भाग ले रहे हैं। अभियान के तहत जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा स्वच्छता शपथ दिलाई जा रही है। साथ ही लोगों को अपने घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों में तिरंगा फहराने के लिये प्रेरित किया जा रहा है। नागरिकों को बताया जा रहा है कि स्वच्छता केवल शासन की जिम्मेदारी नहीं बल्कि हम सभी की जिम्मेदारी है। कलेक्टर ने कहा कि यह अभियान देशभक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी का अद्भुत संगम है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे तिरंगे को सम्मानपूर्वक फहरायें और अपने आसपास सफाई बनाये रखें।

### एलपीजी गैस किट से संचालित मारूति वेनों पर की कार्रवाई



**सागर, देशबन्धु।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा शहरी क्षेत्र में गैस किट से संचालित स्कूली वाहन एवं अन्य स्कूली वाहनों की चैकिंग संबंधी कार्यवाही की गयी। चैकिंग के दौरान 24 स्कूली वाहनों को चैक किया, जिनमें से 4 मारूति वेन क्र. एमपी15 बीए 1273, एमपी 15 बीए 2758, एमपी 15 बीए 2945, एमपी 20 सीसी 0274 एलपीजी गैसकिट से संचालित पायी गयी, जिन्हें जप्तकर कार्यालय परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया। उक्त तीनों वाहनों की एलपीजी गैसकिट तत्काल निकलवाकर कार्यालय में सुरक्षार्थ रखी गई। चूंकि एलपीजी गैस ज्वलनशील है इस कारण न्यायालय द्वारा एलपीजी गैस से संचालित वाहनों को स्कूल के विद्यार्थियों को लाने ले जाने के लिये प्रतिबंधित किया है। चैकिंग के दौरान 4 वाहन जो प्रायवेट श्रेणी में पंजीकृत होकर नियम विरूद्ध तरीके से स्कूल वाहन के रूप में संचालित पाये गये, जिनमें क्षमता से अधिक स्कूली बच्चे सवार थे, उक्त तीनों वाहनों से मोटरयान अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत् चालानी कार्यवाही करते हुये 15000 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया।

# कॉलेज बस के ब्रेक फेल, कोतवाली थाने से टकराई

## बड़ा बाजार मार्ग पर हुआ हादसा, छात्र और शिक्षक घायल



**सागर, देशबन्धु।** बुधवार सुबह ज्ञानसागर कॉलेज की बस के ब्रेक फेल हो गये। तीनबत्ती तिराहे से बड़ा बाजार की ओर आते वक्त बस अनियंत्रित होकर कोतवाली थाने की सीढ़ियों से टकरा गई। हादसे में बस में सवार एक छात्रा और एक शिक्षिका को चोट आई है। बस में करीब 25 छात्र-छात्रायें सवार थे। घटना सुबह कॉलेज टाइम पर हुई। एमपी 15 पीए 0485 नंबर की बस ज्ञानसागर कॉलेज के छात्रों को लेकर आ रही थी। ड्राइवर ने बस को संभालने की कोशिश की लेकिन वह अनियंत्रित हो गई और सीधे कोतवाली थाने की सीढ़ियों से जा टकराई। जिस जगह बस रुकी, उसके ठीक बगल में बिजली का ट्रांसफार्मर लगा हुआ था। अगर बस सीढ़ियों की बजाय ट्रांसफार्मर से टकराती, तो बड़ा हादसा हो सकता था। हादसे के बाद बस में चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और बस में सवार छात्रों को सुरक्षित बाहर निकाला। छात्रा और शिक्षिका को मामूली चोट आई, जिन्हें इलाज के लिये अस्पताल भिजवाया गया है। पुलिस ने बस को सड़क से हटाकर थाने में खड़ा कराया है। ड्राइवर को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। प्राथमिक जांच में ब्रेक फेल होने की बात सामने आई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है कि तकनीकी खराबी थी या लापरवाही।

### बस का फिटनेस किया निरस्त

कलेक्टर संदीप जीआर ने कार्यवाही करते हुये दिल्ली पब्लिक स्कूल नरसिंहपुर रोड मकरोनिया के नाम पर रजिस्टर्ड स्कूल वाहन क्र. एमपी15पीए0485 के दुर्घटना ग्रस्त होने पर बस के फिटनेस प्रमाण पत्र को निरस्त करने के निर्देश क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को दिये। त्वरित कार्यवाही करते हुये क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने उक्त स्कूल बस का फिटनेस प्रमाण पत्र निरस्त कर दिया। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि 6 अगस्त को दिल्ली पब्लिक स्कूल की स्कूल बस शहरी क्षेत्र में स्कूली बच्चों को स्कूल ले जाते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गयी है। उक्त बस को मरम्मत के बिना संचालित किया जा सकना संभव नही है। इस बस के संबंध में रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र और प्रदान किया गया कोई अनुज्ञापत्र भी उस समय तक निलंबित समझा जायेगा जब तक कि नवीन फिटनेस प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं कर लिया जाता है।

## अनुशासित एवं सभ्य युवाओं के निर्माण में एनसीसी की महत्वपूर्ण भूमिका: कर्नल मोहंती



**सागर, देशबन्धु।** सीआर मॉडल विद्यालय में 11 एमपी बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल पीआर मोहंती एवं सूबेदार मेजर रणजीत सिंह ने शाला की एनसीसी की गतिविधियों का निरीक्षण करने हेतु शाला का विजिट किया। कमान अधिकारी के आगमन पर शाला के प्राचार्य आरके सेन ने एवं शाला के एनसीसी प्रभारी सीटीओ योगेश घोषी ने उनका स्वागत किया। तत्पश्चात कमान अधिकारी ने शाला के एनसीसी ऑफिस का निरीक्षण किया एवं एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुये कहा एनसीसी का मुख्य उद्देश्य एकता और अनुशासन है। एनसीसी अनुशासित एवं सभ्य युवाओं के निर्माण में महत्व पूर्ण भूमिका अदा करती है। इस अवसर पर डॉ. अरुण सोनी, एसएम औदिच्य, रविंद्र तिवारी, खेमचंद, अमित श्रीवास आदि उपस्थित थे।

# सागर-जबलपुर मार्ग पर कंटेनर से टकराई कार, एक की मौत, 4 गंभीर



**सागर, देशबन्धु।** जबलपुर मार्ग पर मंगलवार देर रात गढ़ाकोटा की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार सामने से आ रहे कंटेनर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गये और एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार में सवार चार अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। यह हादसा चनौआ-परसोरिया स्टेडियम के पास हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के बाद कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और टायर टूटकर अलग हो गया। राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुये कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला और तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही गढ़ाकोटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को गढ़ाकोटा अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया, जबकि चार गंभीर रूप से घायल युवकों को प्राथमिक उपचार के बाद सागर जिला अस्पताल रेफर किया। पुलिस जांच में मृतक की पहचान कमलेश उर्फ गोलू पिता रविकांत रजक 22 निवासी सूबेदार वार्ड के रूप में हुई है। वहीं घायल युवकों में तरुण, राहुल, मंजीत और विकास सेन शामिल हैं, जिनकी हालत गंभीर बनी हुई है। प्रारंभिक जांच में अनुमान है कि कार की रफ्तार काफी तेज थी और संभवत: चालक ने कंटेनर को देर से देखा, जिससे टक्कर हुई। घटना के बाद कंटेनर को जब्त कर लिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### 90 को रक्त उपलब्ध हुआ रक्त सेवा हेल्पलाइन सेंटर के माध्यम से

**सागर, देशबन्धु।** पूर्व मंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह द्वारा सागर स्थित कार्यालय में गत 2 जून को आरंभ किये गये रक्त सेवा हेल्पलाइन सेंटर के माध्यम से अब तक 90 गरीबों जरूरतमंद मरीजों को नि:शुल्क रक्त उपलब्ध कराया गया। पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह की पहल पर जिले के बीपीएल कार्ड धारक गरीब जरूरतमंदों को नि:शुल्क रक्त उपलब्ध कराने के लिये हेल्पलाइन सेंटर के माध्यम से शीघ्रता से हर संभव प्रयास होता है। श्री सिंह के जन्मदिन पर इस वर्ष आयोजित हुये चार दिवसीय रक्तदान शिविर में लगभग 1600 यूनिट रक्तदान हुआ है और पिछले दस सालों में लगभग 14 हजार से अधिक यूनिट रक्तदान हुआ है।

## अंतिम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने किया रुद्री निर्माण



**सागर, देशबन्धु।** पशुपतिनाथ मंदिर में आयोजित शिवलिंग निर्माण एवं पूजन अभिषेक कार्यक्रम के अंतिम दिन बड़ी संख्या में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने रुद्री निर्माण एवं पूजन अभिषेक किया। आज हवन पूर्णाहुति के साथ कार्यक्रम का समापन किया जायेगा। पं. शिवप्रसाद तिवारी ने बताया कि बुधवार को प्रात: 8 बजे से रुद्री निर्माण एवं 12 बजे से पूजन अभिषेक किया गया। आज 11 बजे से हवन पूर्णाहुति की जायेगी, शाम 5 बजे से प्रसादी कन्याभोज कराया जायेगा। अंतिम दिवस के रुद्राभिषेक पूजन कार्यक्रम में पं. विपिन बिहारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर भक्तों के उनसे निवेदन किया अगले वर्ष मई माह में पड़ने वाले पुरुषोत्तम में पशुपतिनाथ मंदिर में भागवत कथा श्रवण करायें। उन्होंने सहर्ष स्वीकृति प्रदान की। इस अवसर पर एमसी दुबे, केसी व्यास, हरिनारायण तिवारी, विमल दुबे, रमेश चौरसिया, अशोक मिश्रा, राजकुमार शर्मा, आरपी श्रीवास्तव, केपी गांधी, डब्बू गर्ग, देवेंद्र पटेल, राजेश गुप्ता, सरोज दुबे, ममता मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आज

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जीआर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आज गुरूवार को प्रात: 11.30 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी। बैठक के दौरान जिला स्वास्थ्य समिति, संबंधी विषयों के संबंध में चर्चा की जावेगी।

# जनपद पंचायत मालथौन में भर्राशाई का आलम



**मालथौन, देशबन्धु।** जनपद पंचायत में मालथौन कार्यालय में भर्राशाही का आलम लंबे समय से चला आ रहा है, इधर कार्यालय में तीन दर्जन के लगभग अमला पदस्थ है। लेकिन यहा दफ्तर की आधे से ज्यादा कुर्सियां खाली पड़ी रहती हैं मात्र कुछ कर्मचारी ही दिखाई देते हैं। उनमें भी समय से वह कार्यालय नहीं पहुचते है कुछ कभी कभार ही आते है। जिससे शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं सहित अन्य कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। वही कामो को लेकर लोग परेशान होते रहते हैं। जबकि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश है कि समस्त अधिकारी कर्मचारी मुख्यालय पर अपना निवास बनाये, लेकिन कुछ दो चार कर्मचारी अपना निवास बनाये हुये बाकि सागर से अपडाउन करते हैं। रोजना कार्यालय में समय से एक भी अधिकारी कर्मचारी दफ्तर में नही पहुंचता हैं। जबकि शासन द्वारा निर्धारित समय सुबह 10 से शाम 6 बजे तक हैं। लेकिन जनपद पंचायत अमले की समय सारणी बिल्कुल अलग है ऐसा प्रतीत होता है, यहां शासन के निर्धारित समय को शायद नहीं कोई मानता शिवाय भृत्य के। वही सुबह सबसे पहले पहुंचकर समय से कार्यालय के पट को खोल देता है। जनपद की विभिन्न शाखाओं में पदस्थ अधिकारी कर्मचारियों की सुबह 12 बजे तक खाली कुर्सियां या उनमें ताला डला नजर आता है यहां कोई इसके पहले मिलना मुश्किल है ऐसा लंबे समय से चल रहा है। देर आना और जल्दी चले जाने की प्रथा लागू है। जनपद सीईओ सचिन गुप्ता को बंडा जनपद के अतिरिक्त प्रभार मिलने के बाद वह भी सप्ताह में एक या दो दिन जनपद पहुंचते हैं उन्होंने मुख्यालय छोड़ दिया है।

## नेत्र परीक्षण शिविर में मोतीबिंद के 89 मरीजों को आपरेशन के लिए भेजा



**मकरोनिया, देशबन्धु।** लायंस क्लब सागर द्वारा श्री सतगुरु संकल्प नेत्र चिकित्सालय आनंदपुर लटेरी के सहयोग से एक दिवसीय नेत्र प्रशिक्षण शिविर का आयोजन स्नेह लायंस भवन अंकुर कॉलोनी मकरोनिया में आयोजित किया गया। श्री सतगुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर लटेरी से आये हुये डॉक्टरों एवं उनके साथियों ने उपस्थित मरीजों का नि:शुल्क नेत्र परीक्षण, ब्लड प्रेशर एवं शुगर परीक्षण की जांच की शिविर प्रभारी लायन गुलझारी लाल जैन एवं लायन सुरेश जैन सचिव ने बताया कि नेत्र परीक्षण शिविर में कुल 286 मरीजों का परीक्षण डॉ. डालचंद जादौन एवं उनकी टीम के द्वारा किया गया। जिसमें से 89 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु चयन किया गया, शिविर समापन की उपरांत में सभी मरीजों एवं उनके साथ में आने वाले अटेंडेंस को नि:शुल्क भोजन कराया गया। इसके बाद मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु बस द्वारा आनंदपुर भेजा गया। इस अवसर पर महेश प्रकाश श्रीवास्तव, राम लखन यादव एवं सहयोगी राजीव भार्गव सहित आदि बड़ी संख्या में मरीज एवं लायंस क्लब के सदस्य उपस्थित थे।

# लंबित पेंशन प्रकरणों का तेजी से करें निराकरण: आयुक्त



**सागर, देशबन्धु।** कमिश्नर अनिल सुचारी ने कोष एवं लेखा विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबित पेशन प्रकरणों का तेजी से निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए उन्होंने कहा कि संभाग में ऐसे लंबित पेंशन प्रकरण जो सामान्य श्रेणी के हैं ऐसे प्रकरणों का तेजी से निराकरण सुनिश्चित किया जाये। कमिश्नर ने निर्देश दिये कि विभागीय जांच, न्यायालय में लंबित प्रकरण, लोकायुक्त के जांच के प्रकरणों को छोड़कर सामान्य प्रकरणों का तेजी से निराकरण करायें और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन का लाभ दिलायें। संयुक्त संचालक पेंशन को निर्देश दिये कि वह लंबित पेंशनों प्रकरणों के निराकरण के लिये और कर्मचारियों के वेतन निर्धारण के लिये सागर संभाग के सभी जिलों में विशेष शिविरों का आयोजन करें और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के साथ करायें। बैठक में कमिश्नर ने शिकायत मिलने पर कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दमोह के कार्यालय में पदस्थ स्थापना लिपिक द्वारा कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण और वेतन निर्धारण संबंधी शासकीय कार्यों में अनावश्यक रूप से परेशान करने की जानकारी मिलने पर स्थापना लिपिक के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। बैठक में संयुक्त संचालक पेंशन ने बताया कि सागर संभाग में लगभग 366 पेंशन प्रकरण लंबित हैं जिनके निराकरण के लिये सतत प्रयास किये जा रहे हैं।

### पं. विवेक जैन बने निर्विरोध अध्यक्ष

**शाहगढ़, देशबन्धु।** स्वामी विवेकानंद वार्ड स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन पंचायती त्रिमूर्ति चौबीसी कांच मंदिर समिति का गठन हुआ, जिसमें सभी 38 नये पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई, जिसमें विवेक जैन को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा उपाध्यक्ष नागकुमार अदावन, कमलेश कुमार सेठ, अभय शाह, ऑडीटर जयकुमार शिक्षक, अमित सेठ, अनिल सेठ, आशीष डिम्पी, स्वतंत्र सेठ को नियुक्त किया। कोषाध्यक्ष शैलेष शाह, शिक्षक संदीप सेठ, मंत्री जयंत शाह और विमल अदावन को बनाया गया। समिति ने विशेष समितियां भी गठित की हैं, जिनमें सुरक्षा समिति, धर्मशाला एवं वाचनालय समिति, साज सज्जा स्वच्छता समिति, प्रचार प्रसार समिति की जिम्मेदारी सौंपी गई।

### पुलिस ने कार्रवाई कर 561 क्वार्टर देशी शराब जप्त की

**सागर, देशबन्धु।** थाना आगासौद पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम आगासौद में लक्ष्मीनारायण एवं जगदीश स्वामी मंदिर के बीच स्थित एक मकान में विसन उर्फ ढक्कन तिवारी द्वारा अवैध रूप से देशी शराब रखकर उसका विक्रय किया जा रहा है। सूचना पर बताये गये स्थान पर एक व्यक्ति शराब बेचते हुये दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर मौके से फरार हो गया। गवाहों की उपस्थिति में उसके मकान की तलाशी ली गई, जहां आखरी खंडरनुमा कमरे में पांच बोरियों में रखी गई देशी शराब की बड़ी मात्रा बरामद की गई। कार्यवाही में 561 क्वार्टर देशी मदिरा शराब, लाल देशी मसाला 189 क्वार्टर, सफेद देशी शराब 372 क्वार्टर, कुल मात्रा 100.98 लीटर, अनुमानित कीमत 61,710 रुपये जप्त की गई। उक्त शराब को जप्त किया। आरोपी विसन उर्फ ढक्कन तिवारी निवासी ग्राम आगासौद के विरुद्ध धारा 34(2) मपा आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई है। फरार आरोपी की तलाश की जा रही है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी आगासौद निरीक्षक नितिन पाल के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम की भूमिका रही।

*जिलास्तरीय योगासन प्रतियोगिता का शुभारंभ*

# मानसिक स्वास्थ्य संतुलन और तनावमुक्ति केवल योगमय जीवन शैली अपनाने से ही प्राप्त होगी: विष्णु आर्य




**सागर, देशबन्धु।** मानसिक असंतुलन तनाव की स्थिति में किसी दवा और औषधि से लाभ प्राप्त नही होगा। ऐसी परिस्थिति में मानसिक स्वास्थ्य संतुलन और तनावमुक्ति केवल योगमय जीवन शैली अपनाने से ही प्राप्त होगी। उक्त उद्गार योगाचार्य विष्णु आर्य ने जिला सागर योगासन स्पोर्टस ऐसोशियेशन द्वारा बीटी इंस्टीट्यूट ऑफ एक्सीलेंस कालेज में आयोजित पांचवी जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता के उद्घाटन के अवसर पर व्यक्त किये। विष्णु आर्य ने कहा कि संस्कारों के स्थापन के लिये प्राचीन काल से प्रचलित गुरु शिष्य परंपरा के निर्वहन के माध्यम से चरित्र निर्माण, नवीन पीढ़ी का निर्माण और राष्ट्र निर्माण योगमय जीवन शैली के माध्यम से ही आज के युग में संभव है। मुख्य अतिथि प्रो. विनोद कुमार मिश्रा कुलगुरु रानी अवंती बाई लोधी विवि ने कहा कि हमारी परंपरा में शरीर का सुख मन का सुख बुद्धि का सुख आत्मा का सुख यह सारे मुख्य बतायें गये हैं। पश्चात सभ्यता भौतिकवाद की समर्थक जहां शरीर पर ही ध्यान दिया जाता है जबकि हमारी सभ्यता में शरीर सुख को केवल माध्यम बताया गया है जिससे मानसिक सुख, बौद्धिक सुख तथा आत्मिक सुख की उपलब्धि हो सकती है। इस प्रतियोगिता के माध्यम युवा वर्ग में योग का बीजारोपण होगा। रानी अवंतीबाई लोधी विवि की कुलसचिव प्रो. शक्ति जैन ने कहा कि अवंती बाई विवि में भी स्नातकोत्तर उपाधि में इस वर्ष से योग पाठ्यक्रम प्रारंभ किया गया है। यह योग के बढ़ते प्रभाव का ही प्रतिफल है। विशिष्ट अतिथि प्राणीशास्त्र विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. सुबोध कुमार जैन ने कहा कि हमारे संस्थान में गुरु शिष्य परंपरा का व्यापक असर है। विद्यासागर के विचारों के प्रभाव में संस्था मनुष्य निर्माण का कार्य कर रही है। स्वागत भाषण देते हुये मप्र पूर्व क्षेत्र पतंजलि समिति प्रभारी भगत सिंह ने कहा कि आज के युग में रोगों की दिनों दिन बढ़ती जटिलता ने हमें सब स्वास्थ्य के प्रति चिंतन करने को मजबूर कर दिया है। शारीरिक और मानसिक संतुलन के योग की उपयोगिता समाज ने स्वीकार कर ली है, इसलिये अब परिवार और समाज में योग का प्रचलन हो गया है। अध्यक्षीय उद्बोधन में संस्था के प्राचार्य डॉ. राजू टंडन ने कहा कि हमारा महाविद्यालय इंस्टीट्यूट ऑफ एक्सीलेंस है लेकिन एक विधा से कालेज अभी अछूता था वह विद्या योग विधा है। सागर को योग नगरी बनाने में अब हम भी सहभागी होकर ऐसे आयोजनों हेतु संस्था स्तर पर भरपूर सहयोग प्रदान करने का आश्वासन देते हैं। संचालन डॉ. नितिन कोरपाल एवं आभार ज्ञापन डॉ. अरुण साव ने किया। प्रतियोगिता संपन्न कराने में आबजर्वर डॉ. अजय दुबे, डॉ. ब्रजेश ठाकुर, जेपी विश्वकर्मा, मुख्य निर्णायक डॉ. रविकांत खरे, डॉ. श्रद्धा सोलंकी, कीर्तिका ठाकुर, निधि सेन, रोहित पटेल, प्रज्ञा साव, इकबालजीत, दीक्षा, केएस ठाकुर, डॉ. रूसिया, स्कूल प्राचार्य एसबी सिंह, उपप्राचार्य जयंती हजारी आदि ने सहयोग दिया।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली** *
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन-** MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।